

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 6 अप्रैल 2024 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-008 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 7 अप्रैल 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### पश्चिम बंगाल में एनआईए की टीम पर पत्थरबाजी गाड़ियों में तोड़फोड़

**कोलकाता,6 अप्रैल.** पश्चिम बंगाल में एनआईए के अधिकारियों पर सुबह हमला हो गया। पश्चिम बंगाल के मिदनापुर जिले के भूपतिनगर में एनआईए की टीम जांच करने पहुंची तो इस टीम पर हमला गया। एनआईए की टीम तृणमूल कांग्रेस नेता के घर पर 2022 में हुए विस्फोटक मामले की जांच करने पहुंची तो वहां स्थित भीड़ ने जांच अधिकारियों पर पत्थर बाजी करना शुरू कर दी। एनआईए के अधिकारी जिस वाहन से पहुंचे थे उसे भी तोड़ फोड़ कर दी। वहीं कुछ अधिकारी घायल हो गए। एनआईए की टीम ने मनबेंद्र जाना और अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### आगजनी स्थल का कलेक्टर ने लिया जायजा,प्रभावितों को मुआवजा

**रायपुर,6 अप्रैल.** गुढ़ियारी के बिजली विभाग सब डिवीजन आगजनी के राहत कार्यों का कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आज सुबह जायजा लिया। घटना स्थल पहुंचकर राहत कार्यों की निगरानी



कर रहे हैं। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने के निर्देश भी दिए है। बता दें कि कलेक्टर के निर्देश पर मौके पर ही जाकर मुआवजे राशि का वितरण किया जा रहा। 40 परिवारों को 3 लाख 60 हज़ार रुपए की राहत राशि का वितरण किया गया। बता दें कि गुढ़ियारी इलाके में स्थित बिजली कंपनी CSPDCL के मुख्य गोडाउन में आग लगने से चार हजार ट्रांसफॉर्मर, मीटर, कंडक्टर, वायर और ऑयल जलकर खाक हो गया। इस घटना में बिजली कंपनी को 400 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। शुक्रवार की दोपहर 1.30 बजे लगी भीषण आग पर रात 11 बजे तक 30 से 40 फायर ब्रिगेड काबू पा सकीं। देर रात तक एसएसपी, कलेक्टर, फायर फाइटिंग प्रभारी और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। देर रात भी हल्की लपटों को बुझाने का काम चलता रहा। इलाके की बिजली भी बंद कर दी गई थी।

### नहर में डूबने से स्कूली बच्चे की मौत

**धमतरी,6 अप्रैल.** जिले के रुद्री के मुख्य नहर में नहाने गए 4 बच्चों में से एक बच्चा तेज बहाव में बह गया था. जिसके शव को 20 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों की टीम बरामद कर लिया है. बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है. जानकारी के अनुसार, बीते शुक्रवार को कक्षा 9वीं के चार छात्र परीक्षा खत्म होने के बाद मुख्य नहर की ओर गए हुए थे. वाटर फिल्ट्रेशन प्लांट के आगे हनुमान मंदिर के पास नहाने के लिए पहुंचे. उसमें से 2 दोस्त पानी में नहाने उतरे इसी दौरान दोनों तेज बहाव में डूबने लगे. वहीं राहगीर ने एक बच्चे को बचा लिया और दूसरा बच्चा बह गया, जिसका नाम यश मालू 12 वर्ष पिता मदन मालू मराठा पारा निवासी है. घटना की सूचना मिलते ही रुद्री थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी विंकेश्वरि पिंदे, होमगार्ड कमांडेंट अपने गोताखोरों के साथ पहुंची. जानकारी मिलने पर कलेक्टर नम्रता गांधी और एसडीएम विभोर अग्रवाल भी पहुंचे. इस बीच नहर में पानी के बहाव को भी कम कराया गया था. लेकिन शाम तक तलाश लिए जाने के बाद भी बच्चा नहीं मिला. वहीं आज यानी शनिवार की सुबह होमगार्ड कमांडेंट शोभा ठाकुर अपनी टीम साथ घटनास्थल पहुंची और फिर से तलाशी अभियान शुरू कराया गया. जहां लगभग 5 घंटे की मशक्कत के बाद बच्चे का शव बरामद किया गया. जिसके बाद बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया.

# तीन महीने में बड़े इनामी समेत 46 नक्सली ढेर

रायपुर,6 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

बस्तर इलाके में नक्सल के खिलाफ सरकार की नई रणनीति का असर दिखने लगा है, पिछले तीन महीनों में जवानों ने बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित जिलों में 46 नक्सलियों का एनकाउंटर किया है. साथ ही 180 से ज्यादा नक्सलियो को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है, जबकि 120 से ज्यादा नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है जवानों ने कई ऐसे इनामी नक्सलियों को भी मार गिराया है जिनकी पुलिस पिछले लंबे समय से तलाश कर रही थी. इस दौरान जवानों ने बड़ी मात्रा में नक्सलियों का विस्फोटक सामान, उनका हथियार और दैनिक सामान भी बरामद किया है. वहीं नक्सलियों के गढ़ में पुलिस ने 3 महीने में अब तक 19 पुलिस कैंप स्थापित कर दिए हैं बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कुछ महीनो से



स्थानीय और अर्धसैनिक बल आपसी तालमेल के साथ नक्सल विरोधी अभियान में नई रणनीति बनाकर काम कर रहे हैं. इसी का नतीजा है कि जवानों को लगातार नक्सली संगठन को कमजोर करने में सफलता हासिल हो रही है. जिन इलाक़ो को

**कोर इलाकों में 19 नये पुलिस कैंप स्थापित**

नक्सली अपने लिए सबसे सुरक्षित ठिकाना सोचते थे और अब इन इलाकों में भी जवान अपनी पैंठ जमाकर एंटी नक्सल ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ में नक्सलियों को मार गिराने में सफलता हासिल कर रहे हैं. आईजी ने बताया कि इन तीन महीनो में ही नक्सलियों के अलग-अलग कोर इलाकों में 19 नये पुलिस कैंप स्थापित किए गए हैं, और यहां बस्तर बटालियन ,बस्तर फाइटर , सीआरपीएफ कोबरा के जवानों को तैनात किया गया है. इन जवानों के द्वारा ज्वाइंट ऑपरेशन चलाकर लगातार नक्सलियों को उनके ही इलाके में मुंह तोड़ जवाब दिया जा रहा है और उनके अस्थाई कैंप को ध्वस्त करने में जवान सफलता हासिल भी कर रहे हैं. मिली आंकड़ों के मुताबिक साल 2024 में अब तक कुल 46 माओवादियों के मुठभेड़ के पश्चात शव बरामद किया गया है. इसके अलावा 181 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 120 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण किया है. इस साल नक्सल इलाकों में बीजापुर जिले में 8, सुकमा जिले में 6, नारायणपुर में 3, दंतेवाड़ा में 1 और कांकेर में 1 सहीत कुल 19 नये पुलिस कैम्प खोले गए है.

# 25 लाख के इनामी नक्सली समेत तीन ढेर

■ तरुण छत्तीसगढ़

**कांकेर,6 अप्रैल.** तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर पुजारी कांकेर के करींगुटा जंगलों में तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया गया. छत्तीसगढ़ पुलिस और तेलंगाना के ग्रे हाउंड्स के ज्वॉइंट ऑपरेशन में नक्सल विरोधी अभियान के तहत तीन नक्सली मारे गए. मौके से नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किये गये हैं. मारे गए नक्सलियों में एक नक्सली पर 25 लाख का इनामी नक्सली भी शामिल है. ग्रे हाउंड और छत्तीसगढ़ पुलिस ने संयुक्त एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाया है. इसी के तहत आज तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर पुजारी कांकेर के करींगुटा के जंगलों में चल रही मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर कर दिए गए.. मुठभेड़ में तीन नक्सलियों के अब तक मारे जाने की खबर. घटनास्थल से एक LMG और एक AK 47 समेत कई हथियार मिलने की भी खबर है. बीजापुर स्क्र जितेंद्र यादव ने दी मुठभेड़ की जानकारी. उसूर थानाक्षेत्र का मामला बताया जा रहा है. वहीं इस पुलिस और नक्सली के बीच हुई मुठभेड़ में 25 लाख का ईनामी नक्सली कमांडर सागर भी ढेर कर दिया गया है. नक्सलियों के प्लाटून 2 के कमांडर सागर को जवानों ने मार बड़ी सफलता हासिल की है. प्लाटून 2 के कमांडर सागर पर लगभग 25 लाख का ईनाम था.

# 'मैंने गारंटी दी थी देश को झुकने नहीं दूंगा': मोदी

**सहारनपुर,6 अप्रैल.** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में पीएम नरेंद्र मोदी ने चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां बताई और विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, बल्कि ये चुनाव विकसित भारत बनाने के लिए है। उन्होंने कहा कि हमारा ये स्थान मां शक्ति का स्थान है, ये मां शक्ति की साधना का स्थान है और हिंदुस्तान के हर कोने में शक्ति की उपासना हमारी स्वाभाविक, आध्यात्मिक यात्रा का हिस्सा है। हम वो देश हैं, जो कभी भी शक्ति उपासना को नकारते नहीं हैं। लेकिन ये देश का दुर्भाग्य है कि ढ्ढह्लढ्ढ अलायंस के लोग चुनौती दे रहे हैं कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। विपक्ष पर वार करते हुए मोदी ने कहा कि जिन-जिन लोगों ने शक्ति को नष्ट करने का प्रयास किया है, उन सबका क्या हाल हुआ है, ये इतिहास और पुराणों में अंकित है। उन्होंने कहा कि 10 वर्ष पहले मैं चुनावी जनसभा के लिए सहारनपुर आया था। उस समय देश घोर निराशा,



घोर संकट के दौर से गुजर रहा था। तब मैंने आपको गारंटी दी थी कि मैं देश झुकने नहीं दूंगा, देश रुकने नहीं दूंगा। उन्होंने कहा कि मैंने संकल्प लिया था कि आपके आशीर्वाद से हर स्थिति, हर परिस्थिति को बदलूंगा, निराशा को आशा में बदलूंगा, आशा को विश्वास में बदलूंगा। आपने अपने आशीर्वाद में कोई कमी नहीं रखी और मोदी ने अपनी मेहनत में कोई कमी नहीं छोड़ी। मोदी ने कहा कि आज हिंदुस्तान के हर कोने से एक ही आवाज आ रही है। महिलाएं भी बोल रही हैं, बुजुर्ग भी बोल रहे हैं, गांव भी बोल रहा है, शहर भी बोल रहे हैं - फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि आज भाजपा का स्थापना दिवस है। बहुत कम दशकों में ही भाजपा के साथ रिकॉर्ड संख्या में हमारे देशवासी जुड़े हैं। भाजपा ने लोगों का भरोसा जीता है, भाजपा ने लोगों दिल जीता है। इसका सबसे बड़ा कारण है कि भाजपा राजनीति नहीं, राष्ट्रनीति पर चलती है। उन्होंने कहा कि भारत को एक मजबूत देश बनाना भाजपा की प्रतिबद्धता है। यानी जैसी भाजपा की नीयत है, जैसी निष्ठा है, नीतियां भी वैसी ही बनती हैं। इसीलिए आज हर हिंदुस्तानी अनुभव से कह रहा है - नीयत सही, तो नतीजे सही। उन्होंने कहा कि भाजपा देश के हर नागरिक की परेशानी कम कर रही है। हर किसी के लिए नए अवसर बना रही है। सहारनपुर की लकड़ी की नक्काशी और यहां के लोगों के कौशल की ख्याति तो दूर-दूर तक है। इसलिए योगी जी हों या मोदी, हमें आपका ध्यान है। इसलिए हम दोनों एक बात बार-बार बोलते हैं

# गौरव भाटिया मानहानि मुकदमे में यू-ट्यूब चैनलों को नोटिस

**नई दिल्ली,6 अप्रैल.** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गौरव भाटिया मानहानि मुकदमे में यूट्यूब चैनलों, सोशल मीडिया हैंडल को नोटिस जारी किया है. गौरव भाटिया ने कहां कि नोएडा में एक वकील ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया था । लेकिन सोशल मीडिया पर मौजूद वीडियो ने उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने के प्रयास में इस घटना को एक अलग रंग दे दिया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को वरिष्ठ अधिवक्ता और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता गौरव भाटिया द्वारा नोएडा अदालत में उस घटना को गलत तरीके से पेश करने के लिए दायर मानहानि मामले में यूट्यूब चैनलों के साथ-साथ सोशल मीडिया हैंडल को नोटिस जारी किया, जहां भाटिया के साथ मारपीट की गई थी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने कहा कि अन्य पक्षों को सुने बिना आदेश पारित करना संभव नहीं है. कोर्ट ने कहा, एक पक्षीय आदेश देना संभव नहीं होगा। कुछ बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटित हुआ है. इसमें कोई शक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट भी उतना ही संवेदनशील रहा है और संज्ञान लिया है। हम नोटिस जारी करेंगे और आप इसे किसी भी दिन प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद अदालत ने मुकदमे पर अंतरिम राहत और समन के लिए भाटिया की याचिका पर नोटिस जारी किया। इसने मामले को अंतरिम राहत आवेदन की सुनवाई के लिए सोमवार, 8 अप्रैल को सूचीबद्ध किया। यूट्यूब चैनल आर्टिकल 19 इंडिया (पत्रकार नवीन कुमार द्वारा संचालित), द न्यूज लॉन्चर, बीबीआई न्यूज के साथ-साथ कॉमेडियन राजीव निगम को नोटिस जारी किया गया था। एक्स (ट्विटर) हैंडल संदीप सिंह, विजय यादव, नेटफ्लिक्स, सुनीता जाधव, अभिनेता पंकज त्रिपाठी के पैरोडी अकाउंट, दाऊद नदाफ, द्रखत्रा और वायरस बाबा इंडिया वाला को भी नोटिस जारी किया गया था। अपने मानहानि के मुकदमे में, भाटिया ने कहा कि 20 मार्च, 2024 को जिला न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर, जिला न्यायालय, नोएडा की अदालत में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, जहां न्यायाधीश की उपस्थिति में एक वकील ने उनका बैंड छीन लिया।

# दारू हो या बीयर अब एक व्यक्ति को एक बोतल

**रायपुर,6 अप्रैल.** छत्तीसगढ़ में आबकारी विभाग के नये नियम के तहत अब शराब दुकान के काउंटर से एक व्यक्ति एक बार में शराब या बीयर की एक बोतल ही खरीद पाएगा। दूसरी बोतल खरीदने के लिए उसे दूसरी दुकान जाना होगा या फिर करीब एक-दो घंटे के बाद वह उसी दुकान में आकर शराब ले पाएगा। इससे पहले काउंटर से 4 बोतल तक खरीदने का नियम था। नियम में यह बदलाव शराब व बियर का अवैध संग्रहण और अवैध बिक्री पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से किया गया है। प्रीमियम शराब दुकानों की तुलना में देशी शराब दुकानों में ज्यादा भीड़ रहती है, इसलिए अद्धी व पौवा खरीदने वालों को राहत दी गई है। दुकान से प्रति व्यक्ति एक बार में 2 अद्धी या 4 पौवा भी खरीद सकता है। छत्तीसगढ़ में आबकारी विभाग के नियम में कई बदलाव किए गए हैं। नये नियम के तहत शराब की कीमतें जहां बढ़ाई गई हैं, वहीं शराब का अवैध संग्रहण और बिक्री रोकने के लिए शराब दुकान में प्रति व्यक्ति शराब बेचने के नियम में भी बदलाव किया गया है।

# मां ने छोटे बेटे के साथ मिलकर बड़े को उतारा मौत के घाट

**बालोद,6 अप्रैल.** बालोद जिले के लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम कोबा के रहने वाले एक युवक के संदेहास्पद मौत के मामले में पुलिस ने मां और छोटे भाई को गिरफ्तार कर लिया है । बता दें कि विवाद के बाद दोनों ने मिलकर युवक को मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस के मुताबिक मृतक वामन कुमार साहू ग्राम कोबा के स्कूलपारा स्थित अपने घर में अपनी मां रमेश्वरी बाई, भाई कुंदन साहू और भाई की पत्नी चमेली साहू के साथ रहता था। घटना के दिन 31 मार्च को देर रात वह नशे की हालत में घर आया। इसके बाद उसकी मां और भाई बहू ने खाना खाने के लिए कहा। इस पर मृतक ने खाने से इन्कार करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। इसे सुनकर मृतक की मां रमेश्वरी बाई चाकू को हाथ में लेकर बाहर निकली तो मृतक और उसकी मां के बीच आपस में झूमा-झपटी होने लगा और मृतक अपनी मां को गाली देने लगा। इस बीच रमेश्वरी अपने दूसरे बेटा कुंदन साहू को आवाज लगाई। मौके पर उपस्थित लोगों ने संजीवनी एम्बुलेंस वाहन 108 को सूचना दी, एंबुलेंस के आने के बाद घायल वामन कुमार साहू को ग्रामीण अरुण साहू व बिरेन्द्र साहू आदि ने बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल उपचार के लिए ले गए। जिला अस्पताल के डाक्टर ने समय रात्रि में मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने जब मामले की कड़ाई से पूछताछ की तो मां और बेटे ने अपराध करना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक धारदार चाकू को बरामद कर दोनो के न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है मां व भाई कुंदन साहू दोनों मिलकर मृतक को मारपीट करते हुए चाकू से मृतक के गर्दन और कंधे के पास तीन बार वार किए। मृतक जान बचाकर पहले स्कूल की ओर भागा फिर बचाओ-बचाओ चिल्लाते हुए अपने चचेरे भाई बिरेन्द्र साहू के घर खून से लतफत होकर पहुंचा और जमीन पर गिर गया। इसके बाद ग्रामीणों और अपनी मां को बुलाया। इसी दौरान मृतक वामन की मां भी पहुंच गई।

# बस ने बाइक सवारों को रौंदा, मामा-भांजे की मौत

**कटघोरा,6 अप्रैल.** कोरबा जिले में एक तेज रफ्तार यात्रियों से भरी बस ने बाइक सवरों को रौंद दिया. इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है. दोनों मृतक रिश्ते में मामा-भांजा बताए जा रहे हैं. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है. यह मामला पाली थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 130 पर पाली थाना क्षेत्र में रंगोले चौक के पास शुक्रवार दोपहर लगभग ढाई बजे तेज रफ्तार रॉयल बस ने बाइक को चपेट में ले लिया. हादसे में बाइक सवार दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. बताया जा रहा है कि दोनों मृतक दुर्गेशी यादव और अजय कुमार यादव रिश्ते में मामा-भांजा थे जो ग्राम करतली में रहने वाले थे. दोनों बाइक सीजी-12एआर-8962 से घर लौट रहे थे. इस बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर रंगोले चौक को पार करने के दौरान तेज रफ्तार बस ने बाइक को ठोकर मार दिया. हाइवे पर बस की रफ्तार इतनी अधिक थी कि ठोकर के बाद बाइक बस के चक्के में फंस गई और बस बाइक को कुछ दूर तक घसीटती ले गई. इसके बाद बस आगे नहीं बढ़ सकी.



रायपुर.गुढ़ियारी में बिजली विभाग के यार्ड में आग बुझने के बाद तबाही का मंजर

# पुलिस ने ध्वस्त किया नक्सलियों का कैंप

## बड़ी मात्रा में विस्फोटक, नक्सली बैनर और वर्दी बरामद

नारायणपुर,6 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

किसकोड़ो एरिया कमेटी के विरुद्ध नारायणपुर-कांकेर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने अस्थाई नक्सल कैंप को ध्वस्त कर दिया है. इस दौरान पुलिस ने बड़ी मात्रा में नक्सलियों की विस्फोटक सामग्री, संचार उपकरण, नक्सली बैनर, नक्सली वर्दी और दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की. डीआरजी, बस्तर फॉईटर नारायणपुर और सीएएफ 5वीं वाहिनी कैंप अर्रा की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की. दरअसल, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के नेतृत्व में नारायणपुर जिले में नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है. इसी कड़ी में ग्राम मातला बी, मसपुर के जंगल-पहाड़ में नक्सलियों की उपस्थित की सूचना पर 4 अप्रैल को थाना एड़का से डीआरजी, बस्तर फॉईटर और कैंप अर्रा से सीएएफ 5वीं वाहिनी की संयुक्त बल कुल 110 ग्राम मातला, वाडगेहनार की ओर नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना हुए थे. 5 अप्रैल को टीम की ओर से मसपुर तमोरा के जंगल में सर्चिंग के दौरान नक्सलियों की ओर से पहले से लगाए गए संत्री से पुलिस बल के आने की सूचना देकर नक्सलियों को अलर्ट कर दिया, जिस पर नक्सली जंगल का फायदा उठाकर मौके से भाग गए. पुलिस बल ने मौके पर नक्सलियों के अस्थाई कैंप को ध्वस्त कर दिया और मौके से बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, संचार उपकरण, नक्सली बैनर, वर्दी, नक्सल साहित्य और अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद किया है.



# मोदी जी लोकतंत्र का चीरहरण कर रहे : सोनिया

**नई दिल्ली,6 अप्रैल.** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देश में सियासी सरगर्मी बढ़ गई है. राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है. सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जयपुर पहुंचे हैं, यहां पर प्रियंका गांधी ने कांग्रेस के घोषणापत्र के बारे में बात और इसको जनता का न्याय पत्र बताया. लोकसभा चुनाव में तमाम दल अपने दमखम से जुटे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी चुनावी सभाओं में जुटे हैं. आज पीएम मोदी सहारनपुर और अजमेर में रैली करेंगे. वहीं प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक रोड शो भी करेंगे. वह शाम 5 बजे गाजियाबाद में होंगे. कांग्रेस की तरफ से भी राजस्थान में आला नेता सड़क पर नजर आएंगे. सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जयपुर पहुंचे हैं, यहां पर प्रियंका गांधी ने कांग्रेस के घोषणापत्र की तरीफ की. चारों तरफ अन्याय का अंधकार बढ़ा है, हम इसके खिलाफ लड़ेंगे और न्याय की रोशनी खोजेंगे. दुर्भाग्य से आज हमारे देश में ऐसे नेता सत्ता में विराजमान हैं, जो लोकतंत्र का चीरहरण कर रहे हैं. आज लोकतंत्र खतरे में हैं. लोकतांत्रिक संस्थाओं को बर्बार किया जा रहा है, यही नहीं हमारे संविधान को बदलने की कोशिश की जा रही है. ये सब तानाशाही है और हम सब इसका जवाब देंगे. आज रोज की कमाई से खाने-पीने का सामना इकट्ठा कर पाना मुश्किल है, रसोई की बढ़ती कीमत हमारी माताओं-बहनों के सामने मुश्किल खड़ी कर रही है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी कांग्रेस पार्टी की न्याय पत्र महासभा में शामिल होने के लिए जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम पहुंचे हैं. इस दौरान सचिन पायलट ने कहा कि राज्य विधानसभा चुनावों में हम भले ही सरकार नहीं बना पाए, लेकिन 2004 की तरह



2024 में भी बदलाव होगा और INDIA गठबंधन जीतेगा. प्रियंका गांधी ने कहा कि हम अपनी पार्टी का घोषणा, आपका पत्र सामने रख रहा है. इसका नाम न्याय पत्र इसलिए रखा गया है क्योंकि यह संघर्ष की आवाज है, संघर्ष की आवाज है. बेरोजगारी चरम पर है, दस साल से बीजेपी की सरकार ने इस समस्या के लिए कुछ नहीं किया. हमारे घोषणा पत्र को हमने न्याय पत्र का नाम दिया है ताकि ये स्पष्ट हो कि ये सिर्फ घोषणाओं की एक सूची नहीं है, जिन्हें हम चुनाव के बाद भूल जाएंगे. ये एक संघर्ष की आवाज है, इस देश की आवाज है जो आज न्याय मांग रही है. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कल कांग्रेस ने जिस तरह से अपना घोषणापत्र जारी किया है उससे साबित हो गया है कि आज की कांग्रेस आज के भारत के आकांक्षाओं से बिल्कुल कट चुकी है. कांग्रेस के घोषणा पत्र में वह सोंच झलकती है जो सोच आजादी के आंदोलन के समय मुस्लिम लीग में थी. कांग्रेस के घोषणा पत्र में पूरी तरह मुस्लिम लीग की छाप है. बाकी जो बचा रह गया उसपर वामपंथी हावी हो चुके हैं. ऐसी कांग्रेस 21वीं सदी में भारत को आगे नहीं बढ़ा सकती. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सपा की स्थिति ये है कि उन्हें उम्मीदवार बदलने पड़ रहे हैं. लोग उम्मीदवार तक का फैसला नहीं कर पा रहे हैं. कांग्रेस को तो उम्मीदवार ही नहीं मिल रहा है. जिन सीटों को कांग्रेस अपना गढ़ मानती थी, वहां भी उसे उम्मीदवार उतारने की हिम्मत नहीं हो रही है. इंडी गठबंधन स्थिरता और अनिश्चितता का दूसरा नाम है. इसलिए देश आज उनकी एक भी बात को गंभीरता से नहीं ले रहा है. पीएम मोदी ने कहा कि यूपी के लोग तो जानकार और समझदार हैं. आपको याद होगा कि यहां उत्तर प्रदेश में दो लड़कों की फिल्म जो पिछली बार फ्लॉप हो चुकी है, उन दो लड़कों की फिल्म को इन लोगों ने फिर से रिलीज किया है. अरे इस काठ की हांडी को इंडी गठबंधन वाले कितनी बार चढ़ाएंगे. पीएम मोदी ने कहा कि देशभर के राज्यों में एकता मॉल खोलने की योजना बनाई गई है. उन्होंने कहा कि अगर आप केरल जाएंगे तो वहां के एकता मॉल में आपको सहारनपुर की चीजें मिलेंगे. आपको सहारनपुर के एकता मॉल में केरल की चीजें मिल जाएंगी. एकता मॉल हर राज्यों खोला जाएगा.

### तेज रफ्तार डंपर ने जीप में सवार स्कूली बच्चों को मारी टक्कर

**धमतरी,6 अप्रैल.** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के एनएच 30 पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. जीप में सवार होकर स्कूल से घर जा रहे बच्चों को तेज रफ्तार डंपर ने चपेट में ले लिया. इस भीषण सड़क हादसे में एक स्कूली बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि 8 बच्चे घायल हैं. घायल बच्चों को अस्पताल ले जाया गया है. घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई. वहीं मौके से डंपर चालक फरार हो गया है. हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंचकर पुलिस जांच में जुट गई है. यह मामला अर्जुनी थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, बठेना के सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र स्कूल से छुट्टी होने के बाद जीप में सवार होकर घर जा रहे थे. तभी एनएच 30 पर एक तेज रफ्तार डंपर ने जीप को ठोकर मार दी.

## एक नजर

### एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप की चयन समिति में राजेंद्र प्रसाद



**भिलाई, 6 अप्रैल।** ए एस आई पुणे महाराष्ट्र में 6 अप्रैल से 10 अप्रैल तक चलने वाले, ए एस बी सी एशियन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप 2024 में भाग लेने के लिए, भारतीय टीम के चयन हेतु बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, अंडर-22 पुरुष और महिलाओं का चयन ट्रायल आयोजित कर रहा है। इसी भारतीय टीम के चयन हेतु, भिलाई इस्पात संयंत्र के उप महाप्रबन्धक राजेंद्र प्रसाद (ओलंपिक एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता) को भी चयन ट्रायल में चयनकर्ता के रूप में शामिल किया गया है। राजेंद्र प्रसाद भी बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के चयन समिति के सदस्य हैं।

### दल्ली यंत्रीकृत खदान को बीईएमएल शोवेल व ड्रिल मशीन की सौगात



**भिलाई, 6 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र को लौह अयस्क की सतत आपूर्ति को बनाए रखने तथा दल्ली यंत्रीकृत खदान की उत्पादकता बनाये रखने के उद्देश्य से 4 अप्रैल को दो नए बीईएमएल शोवेल तथा एक नए ड्रिल मशीन की सौगात दल्ली यंत्रीकृत खदान को प्राप्त हुई। उद्घाटन समारोह के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता उपस्थित थे। दासगुप्ता ने मशीनों की पूजा अर्चना कर इन्हें खदान को समर्पित किया।

### राजहरा में अखिल भारतीय स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

**भिलाई, 6 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र के लौह अयस्क खदान समूह राजहरा माइंस के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग और क्रीड़ा एवं मनोरंजन परिषद द्वारा अखिल भारतीय स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 4 अप्रैल को केरल पुलिस त्रिवेंद्रम व केएसईबी केरल के मध्य हुए फाइनल मुकाबले में दोनों ही टीम, 1-1 गोल से बराबरी पर रही। इसके बाद पेनाल्टी शूट के माध्यम से विनर व रनर टीम का फैसला हुआ, जिसमें केरल पुलिस त्रिवेंद्रम टीम 4 गोल कर के विजेता बनी। जबकि केएसईबी केरल टीम 3 गोल कर उपविजेता बनीं। समापन समारोह के मुख्य अतिथि, भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता थे। विशिष्ट अतिथ कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेशक विपिन गिरि, संरक्षक व मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार, सीआईएसएफ प्रमुख भिलाई, नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर, अध्यक्ष-राजहरा माइंस फुटबॉल क्लब राजेंद्र बेहरा व उपाध्यक्ष-राजहरा माइंस फुटबॉल क्लब मुकुल वर्मा उपस्थित थे। अनिर्बान दासगुप्ता ने, इस फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजक, राजहरा माइंस फुटबॉल क्लब राजहरा के सौजन्य से विजेता टीम केरल पुलिस त्रिवेंद्रम को एक लाख रुपये नकद के साथ विनर ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम केएसईबी केरल को पचास हजार रुपये नकद व रनर ट्रॉफी प्रदान किया गया।

### रिटायर जनसंपर्क अधिकारी के घर चोरी

**भिलाई, 6 अप्रैल।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र घर में ताला लगाकर शादी में या फिर किसी काम से बाहर जा रहे हैं तो सावधानी बरतें। सूने मकानों में चोरों की नजर है। नगर निगम भिलाई के सेवानिवृत्त जनसंपर्क अधिकारी के सूने घर से चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात, नगदी सहित लाखों रुपए की चोरी कर ली पुलिस ने बताया कि सदर बाजार दुर्ग निवासी पंकज पाटनी दुर्ग में किराना दुकान के संचालक हैं उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 72/6 नेहरुनगर ईस्ट सुपेला में उनके ससुर निगम के सेवानिवृत्त जनसंपर्क अधिकारी अशोक पहाड़िया का मकान है। वे 11 मार्च से सपरिवार विदेश गए हुए हैं एक चौकीदार रात के समय में चौकीदारी के लिए आता है 4 अप्रैल की रात घर में चौकीदारी करने नरेश पहुंचा तो देखा कि घर के मेन दरवाजे का लॉक टूटा हुआ था। कोई अज्ञात चोर घर की आलमारी से 6 चांदी के गिलास, सोने की 2 अंगुठी, चेन, 6 नग चांदी की चूड़ी व 35000 रुपए नगद चोरी कर ले गया। चोरी हुए सामानों की कुल कीमत 2 लाख रुपए आंकी गई है।

### युवक ने लगाई फांसी

**भिलाई।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के ग्राम संडी निवासी एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली नंदिनी पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है पुलिस ने बताया कि संडी निवासी संतोष साहू (33) अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली वह प्लंबर का काम करता था अभी तक घटना का कारण अज्ञात है पुलिस मामले की जांच कर रही है

# जिला निर्वाचन अधिकारी व एसपी ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, सीसी टीवी का अवलोकन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,6 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के साथ आज नवीन कृषि उपज मंडी तालपुर स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था सहित मतदान दलों की रवानगी और वापसी की तैयारियों सहित अन्य आवश्यक तैयारियों का अवलोकन किया। कलेक्टर महोबे ने स्ट्रांग रूम में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और मतदान दलों की रवानगी के दिनों में मंडी परिसर में पर्याप्त छांव, पेयजल, गर्मी के बचाव के लिए अन्य आवश्यक संसाधन व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होने एसपी के साथ लोकसभा निर्वाचन के लिए पंडरिया और कवर्धा विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए अलग-अलग मतदान दलों की रवानगी के लिए बीस-बीस कांउटर बनाने के लिए निर्देश दिए। उन्होने कृषि उपज मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त सीसी कैमरा लगाने के निर्देश दिए है। उन्होने स्ट्रांग रूम के सामने निरीक्षण करते हुए करते हुए निरीक्षण पंजी का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, कवर्धा एसडीएम अनुपम अशीष टोप्पो, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री गीता रायस्त, डिप्टी कलेक्टर सुश्री आकांक्षा नायक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्टर महोबे ने जिले के दोनो विधानसभा-पंडरिया और कवर्धा के लिए बनाएं गए मतदान सामग्री वितरण काउंटर स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण में राजनांदगांव लोकसभा का चुनाव 26 अप्रैल शुक्रवार को होगा। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में कुलर, पंखे, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कबीरधाम जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांति पूर्ण निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए जिले के एक सहायक मतदान केन्द्र मिलाकर 804 मतदान केन्द्रों के लिए 75 सेक्टर आफिसर का बनाया गया है। मतदान सामग्रियों का वितरण सुव्यवस्थित रूप से करने के लिए जिले के दोनो विधानसभा पंडरिया एवं कवर्धा के लिए 20-20 कुल 40 काउंटर बनाया गया है। इसके लिए काउंटर प्रभारी एवं सहायक 200 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। मतदान सामग्री स्थल पर महिला मतदान कर्मियों की सुविधा के लिए विशेष ध्यान रखा गया।



# संतोष पांडेय ने किया नामांकन पत्र जमा

**कवर्धा, 6 अप्रैल।** राजनांदगांव लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय ने सभा के बाद भव्य रैली की शक्ल में जिला निर्वाचन कार्यालय पहुँचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और डिप्टी सीएम विजय शर्मा की उपस्थिति में कलेक्टरेट राजनंदगाँव में नामांकन दाखिल किया।नामांकन रैली और सभा में भाजपा चुनाव प्रभारी नितिन नबीन पूर्व विधायक व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक शिवरतन शर्मा,भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सव्वनी , क्लस्टर प्रभारी ,भाजपा विधायक व प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत, पूर्व सांसद अशोक शर्मा, मधुसूदन यादव, प्रदीप गांधी व अभिषेक सिंह, पूर्व विधायक खूबचन्द पारख, सुरेश एच लाल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, , दिनेश गांधी, विधायक भावना बोहरा, प्रदेश महामंत्री द्वय भरतलाल वर्मा व रामजी भारती, प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा, अवधेश चंदेल, संतोष अग्रवाल, सुरेश डुलानी, सचिन बघेल, रमेश पटेल, राजेन्द्र गोलछा, अशोक साहू, सियाराम साहू, कोमल जंघेल, गीता साहू, विक्रांत सिंह, धम्मन साहू, विनोद खांडेकर, सरोजनी बंजारे, खेदूराम साहू, पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह, रवींद्र वैष्णव, मदन साहू, सौरभारी सहित काफी संख्या में भाजपा नेता, पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के हाथों से गुम मोबाइल वापस पाकर खुश हुए लोग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 6 अप्रैल।** डॉ. अभिषेक पल्लव पुलिस अधीक्षक कबीरधाम, विकास कुमार (भा.पु.से.) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम एवं पुष्पेन्द्र कुमार बद्येल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम द्वारा गुम मोबाईल के आवेदनों का निराकरण किया जाकर गुम मोबाईलों की पतासाजी कर उनके वास्तविक वाहन स्वामी को वापस कराये जाने प्रयास करने निर्देशित करने पर जिला सायबर सेल द्वारा लंबित गुम मोबाईल के आवेदन तथा सीआईईआर पोर्टल से प्राप्त आवेदनों में से वर्तमान में कुल 115 नग विभिन्न कंपनियों के एंड्राईड मोबाईल फोन कीमती करीबन् 17 लाख रूपये को जिला एवं आसपास के क्षेत्रों से बरामद किया गया। उक्त प्राप्त मोबाईलों को उनके वास्तविक स्वामी को दिये जाने तथा वर्तमान परिवेश में हो रहे सायबर अपराधों से बचाव से आमजनों को सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक महत्तवपूर्ण सुझाव दिये जाने दिनांक 05/04/2024 को पी.जी. कॉलेज कवर्धा ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उक्त आयोजन में आमजन तथा मोबाईल स्वामी उपस्थित हुए कार्यक्रम के आयोजन में विकास कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम द्वारा आमजनों को सोशल मीडिया के उपयोग के तरीके तथा सुरक्षात्मक उपायों के संबंध में जानकारी दिया गया तथा उन्हें वर्तमान में हो रहे सायबर अपराधों के संबंध में जानकारी देते हुए उनसे सुरक्षित रहने की जानकारी दिया गया। बाद आमजनों को बताया गया कि निकट भविष्य में मोबाईल गुम हो जाने पर ष्टश्वढ्ढक्र क्कह्रक्रञ्जन्रु ञ्च222-ष्ट्वद्ध-द्श1-द्वठ्ठ पर जाकर (क्नश्शद्दद्य स्ञ्जह्लश्रह्म्द्ग/स्नश्ज्ञ स्न्रक्कद्गरुश्च) मोबाईल के संबंध में आवश्यक अपलोड कर मोबाइल गुम की घर बैठे रिपोर्ट कर सकते हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम ने बताया कि जिनकी मोबाईल वर्तमान में प्राप्त नहीं हुई है, उनकी पतासाजी जारी है। मिलने पर फिर से इसी प्रकार का आयोजन किया जाएगा । गुम मोबाईल की पतासाजी में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग-निर्देशन पर निरीक्षक आशीष कंसारी प्रभारी सायबर सेल एवं सायबर टीम की महत्तवपूर्ण भुमिका रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने तरुण छत्तीसगढ़ के मुख्य उद्देश्य के सवाल पर उन्होंने कहा की बेहतर पुलिसिंग और जनता का पुलिस पर अच्छे से विश्वास हो यह मेरी प्राथमिकता है ।

# संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती समारोह में सम्मिलित हुए विधायक ललित चंद्राकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 6 अप्रैल।** भक्त माता कर्मा को नमन कर साहू समाज को जयंती की पर्व की बधाई दी - विधायक ललित चंद्राकर ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इकाई साहू समाज मोहरी मरोदा,डुंडेरा,नागपुरा द्वारा आयोजित भक्त शिरोमणि माता कर्मा जयंती के समारोह में विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए आयोजित कार्यक्रम में भक्त माता कर्मा को नमन करते हुए माता कर्मा के बताए हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया और साहू समाज को जयंती पर्व की बधाई दी इस अवसर पर उनके साथ अध्यक्ष राजेन्द्र साहू,मण्डल अध्यक्ष गिरेश साहू , महा मंत्री राजू जंघेल, ग्राम डूंडेरा साहू समाज से अध्यक्ष छंगा लाल साहू ,महापौर रिसाली शशि सिन्हा ,उपाध्यक्ष उमाशंकर साहू, महिला अध्यक्ष श्रीमति अन्नू साहू,उपाध्यक्ष नारायणी साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे । इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि परम आराध्य साध्वी भक्त शिरोमणि मां कर्मा बाई देश विदेश में आवासित करोड़ करोड़ सर्व साहू तेली समाज की आराध्य देवी मां कर्मा बाई की गौरव गाथा जन-जन के मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से विगत हजारों वर्षों से अंकित चली आ रही है इतिहास के पन्नों पर उनकी पावन गाथा तथा उनसे संबंधित लोकगीत की किवंदतिया और आख्यान इस बात के प्रमाण है की मां कर्मा बाई कोई काल्पनिक पात्र नहीं है माता कर्मा के द्वारा किए गए कार्य आज भी आम जनमानस को दिखाई पड़ता है आज उपस्थित साहू समाज के समस्त माता बहनों भाइयों और बुजुर्गों को भक्त शिरोमणि माता कर्मा की जन्म जयंती की बधाई देता हूं और आह्वान करता हूं की माता कर्मा के बताए हुए मार्ग पर चले और उनके उपदेश को आत्मसात करें ।इस अवसर पर नागेश साहू ,बालमुकुंद साहू ,दीपक साहू रामकुमार साहू भूपेंद्र साहू गेंद लाल साहू प्रदीप साहू, रामू लाल साहू,भूषण लाल साहू, खेमू साहू,बसंत साहू होमलाल साहू, अध्यक्ष निर्माल साहू कीर्ति साहू पार्षद ईश्वरी साहू ,सुनीता साहू, तामेश्वरी साहू किशोरी साहू,परमेश्वरी साहू, यामनी साहू,किशोरी साहू,सकुंतला साहू यागेश साहू जी दिलेश्वर साहू सचिव जानकी साहू ,जानकी देवी साहू,पूर्व अध्यक्ष सावित्री देवी साहू ,लक्ष्मी साहू टामिन साहू धनकुवर साहू ,अनिता साहू, माहेश्वरी साहू पूर्णिमा साहू रिद्धि साहू,गीता साहू ,देहुती साहू मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू महा मंत्री राजू जंघेल जी सचिव श्री खेमलाल साहू कोषाध्यक्ष मनहर साहू , ,गंगू राम श्यामलाल साहू ,दीनदयाल साहू, श्याम लाल साहू ,अगरसन साहू ,कार्तिक साहू,फगुवा साहू सुरेन्द्र साहू गोविंद साहू दुर्गेश साहू छाया पार्षद ,युवा अध्यक्ष संजय साहू जी युवा उपाध्यक्ष गीरिश साहू व बड़ी संख्या में समाज गंगा के लोग उपस्थित रहे

# रानीतराई में धूमधाम से मनाई गई भक्त माता कर्मा जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 6 अप्रैल।** पापमोचनी एकादशी के साथ साहू समाज की अधिष्ठात्री भक्त माता कर्मा जी की जयंती का आयोजन पाटन तहसील के 99 इकाइयों में मनाया गया । भक्त माता कर्मा जी की 1008 वी जयंती स्थानीय साहू समाज रानीतराई में भी धूमधाम से भक्त माता कर्मा जी की जयंती श्री हनुमान मंदिर परिसर में मनाया गया, पूजा अर्चना कर नगर में भव्यता के साथ कलश यात्रा निकालकर मंदिर परिसर में माता कर्मा जी के खिचड़ी का भोग लगाया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धनराज साहू संयोजक न्याय प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ पाटन ने अपने उत्बोधन में माता कर्मा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए तहसील साहू संघ पाटन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि विगत 20 वर्षों से तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन किया जा रहा है । इस वर्ष 21वें वर्ष का आयोजन 20 एवं 21 अप्रैल को ग्राम पतोरा में आयोजीत किया गया है।

विशेष अतिथि निर्मल जैन सरपंच रानीतराई ने कहा की साहू समाज बहुत ही संगठित और मेहनती समाज है, आपके समाज की एकता से अन्य समाज को प्रेरणा मिलती है । स्थानीय साहू समाज अध्यक्ष श्रीमती उत्तरा साहू , स्थानीय साहू समाज उपाध्यक्ष श्रीमती शिवकुमारी साहू ने भी संबोधित कर सामाजिक संदेश दिए । कार्यक्रम में विशेष रूप से डा हिमाचल साहू ,भाऊ राम साहू, हरिराम साहू, नीलमणि साहू, मनोहर साहू, गोवर्धन लाल साहू, मुकेश कुमार साहू, पुनीत राम साहू, उत्तम कुमार साहू ,नारायण साहू ,चेतन साहू ,दिलीप साहू, खूबी राम साहू ,झामलाल साहू ,कमलेश साहू , महेंद्र साहू , राकेश साहू ,श्रीमती सरोज साहू, श्रीमती कमला साहू, श्रीमती कामिनी साहू ,श्रीमती पूजा साहू ,श्रीमती रेवती साहू, श्रीमती अंजू साहू , कु मानशी साहू व अन्य स्वजन ,ग्रामीण जन उपस्थित रहे। संचालन पूर्व अध्यक्ष पी आर साहू , आभार सचिव मुकेश साहू ने किए ।

# कवर्धा शहर महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी का विस्तार



**कवर्धा, 6 अप्रैल।** प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती फुलोदेवी नेताम जी के अनुमोदन से शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रानू दुबे ने संगठन की विस्तार करते हुए,कार्यकारणी की गठन की है,जिसमे श्रीमती रचना कोसले को तीसरी बार शहर उपाध्यक्ष,रामेश्वरी चौहान को दूसरी बार शहर उपाध्यक्ष,त्रिवेणी मानिकपुरी को दूसरी बार उपाध्यक्ष,चंद्रिका रजक को पहली बार शहर उपाध्यक्ष,संतोषी मानिकपुरी को पहली बार शहर उपाध्यक्ष,शहर महिला कांग्रेस कार्यकारिणी में कुल 6 उपाध्यक्ष,11 महासचिव,9 सचिव 9 संयुक्त सचिव ,के साथ साथ 1 मिडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई,,श्रीमती दुबे ने कार्यकारिणी विस्तार करते हुए सभी पदाधिकारीयो को उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी पदाधिकारी तन मन धन से प्रचार प्रसार कर पूर्व मुख्यमंत्री, लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल को ऐतिहासिक जीत दिलाएंगे ।

# भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना, गन्ना पेराई बंद होने की द्वितीय सूचना जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,6 अप्रैल।** भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा के एमडी ने बताया कि कारखाने का पेराई सत्र 2023-24 में गन्ना खरीदी का 08 अप्रैल 2024 तक निर्धारित किया गया है। कारखाना में गन्ना खरीदी के लिए संबंधित गन्ना उत्पादक कृषकों को गन्ना आपूर्ति पर्ची प्रदाय कर दिया गया है। उन्होंने कहा है कि जिले के ऐसे गन्ना उत्पादक कृषकगण जिन्हें किन्हीं कारणों से गन्ना आपूर्ति पर्ची प्रदाय नहीं हुआ हो, कृपया वे तत्काल भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा के गन्ना विभाग, अपने क्षेत्र सहायक से सम्पर्क कर गन्ना आपूर्ति पर्ची प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि जिन गन्ना उत्पादक कृषकों ने अपना शेष गन्ने को जूस, बीज एवं गुड़ निर्माण के लिए सुरक्षित रखा हो तथा शक्कर कारखाना कवर्धा में पेराई के लिए विक्रय नही करना चाहते ऐसे किसान कृपया कारखाने के गन्ना विभाग को लिखित रुप से सूचित करें।उन्होंने समस्त गन्ना उत्पादक कृषकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपना शेष 08 अप्रैल 2024 तक कारखाना परिसर में पहुँचाना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि तक गन्ना, शक्कर कारखाना को उपलब्ध नहीं करने पर भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित कवर्धा किसी भी क्षतिपूर्ति, दावा के लिए जिम्मेदार नहीं रहेगा।

# पेयजल का जायजा लेने पहुंचीं आयुक्त मोनिका वर्मा



रिसाली। लोकसभा आम चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान कराने केंद्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। अलग अलग राज्यों से आए सुरक्षा बल मोर्चा सम्हालेंगे। गर्मी को देखते हुए जवानों के अस्थाई विश्राम के लिए रिसाली निगम ने मरोदा रेलवे स्टेशन के निकट टैंट लगवाया है। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने टैंट का न केवल निरीक्षण की, बल्कि आवश्यक निर्देश भी दिए। नगर पालिक निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने कहा है कि गर्मी तेज है। सैकड़ों किलोमीटर सफर कर दुर्ग पहुंचने वाले सुरक्षा जवानों को गंतव्य स्थान पहुंचने से पहले सुविधाएं मिलनी चाहिए। पानी व बैठक व्यवस्था के लिए कुर्सी अथवा दरी की व्यवस्था और रात में पर्याप्त रोशनी हर हाल में करने कहा है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में सुरक्षा बल की टुकड़ी बाहर राज्यों से आकर दुर्ग में आमद दे रही है। स्पेशल ट्रेन। सीधे मरोदा रेलवे स्टेशन पहुंच रही है।

# नमी के बावजूद सूरज के तेवर गरम, लोग बेहाल

**भिलाई, 6 अप्रैल।** हवा में नमी, हल्की बदली और बीच-बीच में बूंदाबांदी के बावजूद सूरज का पारा लोगों पर इस कदर गिर रहा है मानो वज्र हो ! तभी तो नेशनल हाईवे और सर्विस रोड के बीच खुले में जो बहुतेरी दुकाने लगती हैं उनमें कुछ ने अपने ठेले-खोमचों को बड़ी छतरियों से ढँक दिया है और कुछ ने आगे-पीछे टेंटनुमा पर्दा लगा दिया है। इसके साथ ही लोगबाग धूप से बचने के लिए छाते, गमछे से लेकर तमाम उपाय कर रहे हैं। यह भी देखा जा रहा है कि लोग अपने वाहनों को पेड़ो की छाया या अन्य किसी छाँव में रख रहे हैं। क्योंकि तेज धूप में वहां के तैयार पंचर हो जा रहे हैं। अप्रैल के पहले सप्ताह से ही तेज धूप और गर्मी लोग बीमार भी पड़ रहे हैं। इसी में छावनी तालाब में बच्चों को नंग-धडंग नहाते और पानी में किलोलें करते भी देखा गया मानो उन्हें सूरज की तपिश का भान ही नहीं। स्कूली बच्चे भी परीक्षाओं में व्यस्त हैं। इन सबके बीच सूर्यदेव अपनी प्रचण्डता बढ़ाये जा रहे हैं। आर्द्रता का स्तर बढ़ने के कारण अधिकतम तापमान बुधवार की तुलना में दो डिग्री कम था। मौसम विभाग के आंकड़ों को देखें तो बुधवार को न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता 43 फीसदी रही। बृहस्पतिवार को यह बढ़कर 53 फीसदी और शुक्रवार को 55 प्रतिशत हो गया। बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस था, जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक था और न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक था। शुक्रवार को यह बढ़कर अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस हो गया, जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक था और न्यूनतम 24.6 था जो 3 डिग्री अधिक है। इससे स्पष्ट होता है गर्मी का दायरा बढ़त की ओर है। विशेषज्ञों और चिकित्सकों ने गर्मी की प्रचंडता से लोगों को आगाह करते हुए सतर्क और सावधान रहने की सलाह दी है। जीटी रिसर्च एंड हेल्थकेयर के डायरेक्टर एवं सुप्रसिद्ध न्यूरो स्पाइनल सर्जन डॉ राजन तिवारी ने लोगों को सलाह दी है कि वे जितना हो सके तेज धूप से बचें। हीट स्ट्रोक से बचने के लिए छतरी लगाकर चलें। शरीर को हाइड्रेट रखें और पानी लगातार पीते रहें। कोई असहजता लगे तो तुरंत डॉक्टरों से संपर्क करें। जल एवं हवा की शुद्धता पर लगातार नजर रखने वाले जूनियर साइंटिस्ट रमेश अहिरवार ने कहा कि यह मौसम का संक्रमण काल है, इसलिए सावधान रहने की जरूरत है। हवा का प्रसार होता है कर टेम्प्रेचर बढ़ता है जिसे बॉडी एडजेस्ट नहीं कर पाती। इसलिए ज्यादे से ज्यादा छाँव में रहना है और साफ-सफाई के साथ ही जल-मिट्टी से लेकर जैव-विविधता आदि हर चीज के संरक्षण के लिए कार्य करते रहना है। पं जवाहरलाल नेहरू हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर सेक्टर-9 के स्त्री रोग विभाग के सेवानिवृत्त एचओडी डॉ पी. पाणिग्रही ने महिलाओं खासकर बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को गर्मी से सावधान करते हुए कहा कि हाइड्रेशन की प्रक्रिया प्रभावित न हो इसका खास ख्याल रखना है। डेढ़ गुना पानी अधिक पीना है। लस्सी, फलों के जूस, शरबत आदि पीते रहना है और धूप से बचना है। ओम शिव शक्ति पब्लिक स्कूल के संचालक सुरेश कुमार मालवीय ने कहा कि स्कूली बच्चों गर्मी से बचने के लिए गाइडलाइन जारी कर दी गयी है। मौसम विभाग का कहना है कि सिनेप्टिक सिस्टम पूर्व विदर्भ से कोमोरिन क्षेत्र तक (आंतरिक कर्नाटक-आंतरिक तमिलनाडु) होते हुए) एक द्रोणिका/हवा का विच्छेदन औसत समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर स्थित है। उनका पूर्वानुमान है कि प्रदेश में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने, गरज चमक के साथ वज्रपात होने एवं अंधड़ चलने की संभावना है। 2 दिनों के बाद प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की वर्षा होने, ओलावृष्टि और अंधड़ (वायु गति 30-40 किमी/घंटा) चलने की सम्भावना है ।

### भालू-बंदरों को खरबूजा, फव्वारे से तर किये जा रहे हिरण और शेर



गर्मी से चिड़ियाघर के जानवरों को बचने के लिए मैत्रीबाग प्रबंधन ने खास प्रबंध किये हैं। यहाँ बंदरों को खरबूज खिलाकर राहत दी जा रही है तो शेर, हिरन एवं अन्य पशुओं को फव्वारे के माध्यम से पानी की बौछार कर तर किया जा रहा है। जू प्रबंधन ने स्प्रिंकलर, ग्रीन शेड चटाई आदि के माध्यम से केज में रखे पशु-पक्षियों को गर्मी से राहत प्रदान करने की व्यवस्था कर राखी है।

### मोबाइल दुकान में चोरी

**भिलाई, 6 अप्रैल।** भिलाई जामुल पुलिस ने बताया कि अभिलाश ठाकुर (26 वर्ष) वार्ड 32 शारदा पारा निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका कालीबाड़ी चौक में श्री सांई मोबाइल गैरज के नाम से मोबाइल रिपेयर का दुकान है रात 10.45 बजे दुकान को बंद कर अपने घर चला गया था अगले दिन सुबह करीब 7 बजे दुकान के बाजू रहने वाला रवि ने बताया कि दुकान का ऊपर का शीट खिसका हुआ है सूचना पर प्रार्थी दुकान पहुंचा तो देखा कि छत का शीट उखड़ा हुआ था दुकान में रिपेयर के लिए रखा अलग-अलग कंपनी का करीब 25-30 नग मोबाइल, स्पीकर गायब था।

## एक नजर

### मानसिक अवसाद से बचें, दुःखों से विचलित न हों: हारुन मानिकपुरी

**छुरिया/राजनांदगांव 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन



मानिकपुरी ने बताया कि दुख की घड़ी में धैर्य से काम लें और अपने विचारों को नियंत्रित रखें ज्यादा नकारात्मक होने के बजाय हर पहलू पर विचार करें और विवेक से काम लेते हुए उलझन को सुलझाने का विकल्प ढूंढें कई बार समस्या का समाधान हमारे आसपास ही मौजूद होता है। लेकिन जल्दबाजी में हम उसे देख नहीं पाते हैं। हारुन मानिकपुरी ने कहा कि दुख के वक्त अपने माता-पिता, गुरु, मित्र और पति है तो पत्नी से, पत्नी है तो पति से उचित सलाह मानें और सही मार्गदर्शन देने वालों को सदैव पास रखें किसी को ग़लत ठहराने के बजाय स्वीकार करने की आदत डालें। उन्होंने कहा कि जीवन में कितनी भी बाधा आए डगमगाएं नहीं तुफान आते हैं तो थमते भी है। भले ही नुकसान होता है पर नया सृजन भी हमें ही करना है। किसी तकलीफ की वजह से मन अशांति है तो उसे सहज कर स्वयं को हर परिस्थिति में मजबूत बनाना है।

### कृति की मधुर वाणी 7 को रायपुर दूरदर्शन में गूंजेगी

**राजनांदगांव , 6 अप्रैल ।** संस्कारधानी के संस्कारित परिवार की बेटी कृति बख्शी गायन के क्षेत्र



में छोटी उम्र में बड़ा इतिहास लिखने जा रही है । विकास - रचना बख्शी की सुपुत्री एवं स्व. हनुमंत लाल जी बख्शी की प्रपौत्री तथा पवन कुमार सावित्री देवी की पौत्री कृति को गायन के क्षेत्र के महारथी लोगों ने स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर कहने से परहेज नहीं किया है । 7 अप्रैल रविवार को कृति की मधुर वाणी रायपुर दूरदर्शन में शाम छह बजे गीतों को स्वरबद्ध करती दिखाई पड़ेगी । नगर के कौरिंनभाठा , हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , एम आई जी 07 में निवासरत प्रतिभावान सुश्री कृति बख्शी ने महज 19 वर्ष की उम्र में गायन जैसी कठिन विधा को साधकर संस्कारधानी को गौरवान्वित किया है । इस छोटी सी उम्र में कृति ने अपनी गायकी का लोहा मनवाकर अनेक पुरस्कार प्राप्त किए हैं । अंचल के दुर्ग , भिलाई , रायपुर जैसी सिटी में कृति ने अपनी जादुई सुमधुर आवाज के साथ संगीत साधकों का दिल जीत लिया । सुश्री कृति की प्रतिभा दूरदर्शन रायपुर के संयोजकों की नजरों में आने के बाद अब 7 अप्रैल ,रविवार को रायपुर दूरदर्शन में शाम छह बजे दशकों तक फिल्मी पर्दे पर मन मोहने वाले हर दिल अजीज राजेश खन्ना की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में अपनी गायकी का प्रदर्शन करने आमंत्रित की गई है । कृति ने बताया कि उन्होंने कक्षा बारहवीं तक की शिक्षा दुर्ग की विश्वदीप स्कूल से पूरी की है । उनका लक्ष्य एक कुशल डॉक्टर बनकर मानवीय समाज की सेवा करना है । सुश्री कृति इन दिनों ऑन लाइन कोचिंग से जुड़ी हुई हैं ,और नीट एंट्रेंस की तैयारी कर रही हैं।

### गांव का माहौल खराब करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई

**राजनांदगांव 6 अप्रैल।** 3 अप्रैल को लगभग रात्रि 11.30 बजे ग्राम डुण्डेरा वासियों द्वारा ग्राम



डुण्डेरा में गांव के विकास, समस्या एवं अन्य महत्वूर्ण विषयों पर बैठक आयोजित की गई थी जिसमें गांव के सभी गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण सम्मिलित हुये थे। मिटिंग के दौरान गांव का तोषण वर्मा पिता रवि लाल वर्मा उम्र 32 साल निवासी ग्राम डुण्डेंरा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा मिटिंग में अनावश्यक वाद विवाद एवं ग्रामीणों के द्वारा समझाईश देने पर मारपीट करने का उतारू होना व गाली गुप्तार कर धमकी देकर डराने का प्रयास किया गया तथा पूर्व में भी इसी प्रकार के कृत्य गांव में करने बाबत आवेदन प्राप्त होने पर आवेदन के जांच कार्यवाही दौरान अनावेदक मेरे खिलाफ कौन झूठी शिकायत किया है करके वाद-विवाद करने एवं मारपीट पर उतारू होने पर समझाईस देने के बावजुद नहीं मानने पर अनाावेदक के विरूद्ध धारा- 151, 107, 116(3) जा0फौ0 के तहत कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया। बाद एसडीएम महोदय के आदेश पर अनाावेदक को जेल भेजा गया है।

### शक्ति पंप्स ने क्यूआईपी से 200 करोड़ रुपये अर्जित किये

**रायपुर 6 अप्रैल।** भारत में सोलर पंप्स और मोटर बनाने वाली विश्व की अग्रणी कम्पनी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) से सफलतापूर्वक 200 करोड़ रुपये अर्जित किये। क्यूआईपी इश्यू में निवेशकों ने काफी रूचि दिखाई और इसे दो बड़े म्यूचुअल फंड - एलआईसी म्यूचुअल फंड और एसबीआई म्यूचुअल फंड द्वारा पूरी तरह से सब्सक्राइब कर लिया गया। इन बड़े फंड हाउस द्वारा किया गया यह निवेश सोलर पंप्स उद्योग की विकास क्षमता और उद्योग में शक्ति पंप्स की अग्रणी स्थिति को दर्शाता है। सोलर पंप उद्योग में विकास की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए, क्यूआईपी से अर्जित किये गए धन का एक बड़ा हिस्सा रणनीतिक रूप से पंप/मोटर, इनवर्टर/वीएफडी और स्ट्रक्चर्स की क्षमता बढ़ाने में लगाया जाएगा। सरकार के नेतृत्व वाली पीएम-कुसुम योजना के माध्यम से पंप्स उद्योग के लिए आने वाले समय में बहुत बड़े अवसर हैं क्योंकि अनुमान है कि कंपोनेंट-बी (ऑफ ग्रिड पंप) के तहत 14 लाख से अधिक सोलर पंप्स और कंपोनेंट-सी (ऑन ग्रिड पंप) के तहत 35 लाख सोलर पंप्स लगाए जाने हैं। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन दिनेश पाटीदार ने कहा, इस इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट के सफलतापूर्वक पूरा होने और इन प्रतिष्ठित निवेशकों द्वारा हम पर जताए गए विश्वास से हम बहुत खुश हैं, जो नए आयामों तक पहुँचने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में दिखा स्टंप से लेकर मैदान के चारों ओर स्वीप का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 6 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। सीईओ जिला पंचायत सु सुरूचि सिंह के निर्देशन में जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली निकालकर, रंगोली, मेहंदी, खेल-कूद, वाद-प्रतिवाद, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, स्वीप प्रदर्शनी, स्वीप संगोष्ठी सहित विभिन्न गतिविधियां स्वीप टीम द्वारा आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में आज डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम मोहड़ के मैदान में विकासखंड स्तर के विभिन्न विभागों द्वारा मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप की थीम पर लोकप्रिय खेल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का नाम स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता दिया गया। एसडीएम डोंगरगांव मनोज मरकाम ने मैदान में उपस्थित सभी खिलाडियों, बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकार, स्वच्छता दीदी, ग्रामीण महिलाएं और नागरिकों को जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।

स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में डोंगरगांव विकासखंड स्तर के राजस्व, जनपद, शिक्षा व नगर पंचायत विभाग के मध्य स्वीप क्रिकेट खेला गया। स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ी स्वीप संदेशों के रंग में दिखे। मैदान में पिच से लेकर स्टंप, बेट, टी शर्ट, कैप, ट्राफी, मोमेंटो, मानव श्रृंखला सभी में स्वीप को फोकस करते हुए शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश दिया गया। स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में पहले मैच में जनपद व राजस्व विभाग के मध्य मैच खेला गया। जिसमें जनपद पंचायत विभाग की ओर से सीईओ जनपद पंचायत डोंगरगांव नवीन कुमार द्वारा धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए बड़ी जीत हासिल की गई। दूसरे मैच में शिक्षा विभाग व नगर पंचायत विभाग के मध्य मैच में शिक्षा विभाग ने जीत हासिल की। अंत में जनपद पंचायत व शिक्षा विभाग के मध्य फाइनल मैच हुआ। फाइनल मैच में शिक्षा विभाग ने शानदार खेल खेलते हुए जीत हासिल की और स्वीप क्रिकेट कप पर कब्जा किया। मैच के बाद एसडीएम मरकाम द्वारा विजेता टीम शिक्षा विभाग के कोच आरएल पात्रे, कप्तान जयंत साहू व उपविजेता टीम के कप्तान नवीन कुमार को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों द्वारा स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता व उप विजेता टीम के सभी खिलाडियों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मतदाता जागरूकता के तहत आयोजित स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में एसडीएम मनोज कुमार मरकाम, तहसीलदार पीएल नाग, नायब तहसीलदार सु झरना राजपूत, जनपद सीईओ नवीन कुमार, नगर पंचायत सीएमओ डीएस पाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरएल पात्रे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सु रश्मि ठाकुर व जयन्त साहू, बीआरसी अरविंद रत्नाकर, डोंगरगांव निर्वाचन कार्यालय प्रमुख से गजेंद्र हरिहरनो, संकुल समन्वयक राहुल जैन, दिलेश्वर सांडिल्य, लच्छू साहू, मालेकर सहित शिक्षा विभाग से फिनेश कोमरे, प्रवीण राजपूत, अम्बिका, पटवारी अजय राणा, नीरज द्रीवेदी, यदु, डोंगरगांव जनपद पंचायत क्षेत्र के सभी सचिव, पीटीआई हारून कुरैशी, पारख कुंजाम, भूपेश यदु, अनुराग यदु, जनपद से मो. शाकिल खान, रूपेंद्र सिन्हा, राकेश ठाकुर, झामेंद्र साहू, हिमाचल साहू, परमेश्वर साहू, डोंगरगांव के सभी पत्रकार, सभी विभाग के कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्थित थे। एसडीएम डोंगरगांव मनोज मरकाम द्वारा मैदान में उपस्थित सभी अधिकारियों, खिलाड़ियों, कर्मचारी, पत्रकारों, स्वच्छता दीदी, ग्रामीण महिलाएं और नागरिकों ने मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्र में अपने मताधिकार का उपयोग करने और अपने परिवार, रिश्तेदार और आस-पास के पड़ोसियों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए आव्हान किया।

## खुज्जी विधायक भोलाराम पहुंचे कर्मा जयंती के कई कार्यक्रमों में



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छूरिया 6 अप्रैल।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आनेको गांव पहुंच कर कर्मा जयंती कार्यक्रम मे पाहूचे गुड़रदही घुपसाल भेड़ी मटिया मे कार्यकरम को सम्बोधित करते हुए साहू जी ने कहा कि माता कर्मा बाई का जन्म 1017 को उत्तर प्रदेश के झांसी नगर नामक स्थान पर रामशाह साहू का घर हुवा था द्य माता कर्मा बाई का विवाह पद्य साहू के साथ हुवा था । ये मध्यप्रदेश के शिव पुरी के रहने वाले थे और ये तेल का भी व्यापार करते थे इनका बहुत बड़े तेल का वयशाय था कर्मा माता इन्होंने स्वम अपने हाथों से भगवान श्री कृष्ण जी को खिचड़ी खिलाई थी इस घटना को बाद में इनके उपासकों ने कर्मा बाई को मां कहा है साथ में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नरेश शुक्ला जी जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव लक्ष्मीनारायण साहू जी जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव शरद चंद्राकर जी टीकम साहू,केशो राम साहू,रामदास साहू, डोमन पटेल जी ग्राम वासी क्षेत्रवासी ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## भैंसबोड़ में मनरेगा कार्यस्थल पर ग्रामीणों को दिलाई शपथ

**अंवरी 6 अप्रैल।** जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गुरुवार को श्री हितेश कुमार सिन्हा प्रोग्रामर जिला पंचायत धमतरी एवं श्रीमती कुंती देवांगन कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत कुरुद के द्वारा ग्राम पंचायत भैसबोड़ में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहे कार्य के दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर मजदूरों को शपथ दिलाई गई । इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर लोकतंत्र को मजबूत बनाना है 7 साथ ही कार्यस्थलों में उपस्थित श्रमिकों को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से जोडने सहित उन्हे मताधिकार का प्रयोग करने प्रोत्साहित किया भी किया गया । वहीं 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा मतदाताओं का अन्य मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए भी प्रेरित किया गया । इस दौरान उन्होंने भैसबोड़ में मनरेगा के तहत चल रहें समस्त कार्यों का भी निरिक्षण किये 7 कार्य के दौरान मनरेगा के जॉबकार्ड धारी परिवार के कार्यरत मजदूरों को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदान की शपथ दिलाई। साथ ही कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा उपस्थित मजदूरों में से निरक्षर मजदूरो को साक्षर होने के लिए प्रेरित किया गया7 इस अवसर पर श्री हितेश कुमार सिन्हा जिला प्रोग्रामर धमतरी, श्रीमती कुंती देवांगन कार्यक्रम अधिकारी कुरुद, श्रीमती मिनेश्वरी साहू सरपंच ग्राम पंचायत भैसबोड़, श्री दिलीप साहू सरपंच प्रतिनिधि, श्रीमती अनुराग ध्रुव तकनीकी सहायक,डाकेश साहू रोजगार सहायक, सीमा ध्रुवंशी पंच, चमेली बाई पंच,कृष्ण कुमार,रवि कुमार, नरेशु, चमेली, प्रमिला, खोमेश्वरी, गायत्री मेट, भानुप्रताप, अनंत लाल, परमानंद, मदन राम,धर्मेंद्र कुमार, शत्रुहन धीवर, आरती राम,गोवर्धन, चैनसिंग,गंगू ढीमर,सेवक, लोकनाथ, शत्रुहन एवं हरिश साहू सहित समस्त मनरेगा मजदूर उपस्थित रहें7

## डेढ़ लाख वोटों से हार कर पाटन वापस जायेंगे पूर्व मुख्यमंत्री: रवि अग्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 6 अप्रैल।** जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के वरिष्ठ जनपद सदस्य रवि अग्रवाल ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा की आने वाले लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रत्याशी भूपेश बघेल को राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र की जनता डेढ़ लाख मतों से हराकर वापस पाटन भेजेगी ! जनता ने पिछले पांच सालों में कांग्रेस की सरकार में जिस प्रकार लूट अत्याचार जुवा सट्टा और शराब का आतंक देखा था उसको आज तक नही भूली है और इन सभी कुकर्मो का फल भूपेश बघेल को राजनांदगांव की जनता इस बार हराकर अपना बदला ले गी ! देश में जिस प्रकार मोदी जी के दस सालो में जो प्रगति और मान सम्मान बढ़ा है गांव गांव में केंद्र की राशि से मूलभूत सुविधा मिला है उसे क्षेत्रीय जनता कभी नही भूल सकती आज गांव गांव में पक्का घर ,घर घर



शौचालय उज्वला गैस सहित मुफ्त अनाज की सुविधा पा कर हर ग्रामीण का आर्थिक स्तर ऊपर उठा है। पिछले तीन महीने में प्रदेश की भाजपा सरकार में तीन बड़े वादे पूरे कर जनता में एक विश्वास जीता है आज किसानों को पिछले रुके हुए दो साल का बोनस मिला और धान के अंतर की एक मुस्त राशि मिली जिससे किसान को विष्णुदेव सरकार और मोदी सरकार के प्रति पूरा विश्वास हो चुका है। उसी तरह महिला बहनों को महतारी वंदन की राशि लगातार मिलने से महिलाओ में एक नया उत्साह का संचार हुआ महिलाओ को भूपेश सरकार और विष्णुदेव साय जी की सरकार की कथनी और कहनी का अंतर साफ नजर आने लगा है। एक तरफ अन्याय अत्याचार गुंडा गर्दी की पांच साल की सरकार और दूसरी तरफ सरल सौम्य स्वभाव के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी की सरकार आज इन सभी बातों और कार्यो की तुलना जनता कर रही है और लोकसभा चुनाव का परिणाम निश्चित तौर पर भाजपा प्रत्याशी श्री संतोष पांडे जी के पक्ष में रहेगा और राजनांदगांव लोकसभा में एक नया इतिहास लिखा जायेगा ।

### वाहन पलटने से चालक की मौत

**राजनांदगांव 6 अप्रैल।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आज दिनांक 05. 04.2024 को थाना बागनदी क्षेत्रअंतर्गत ग्राम सड़क चिरचारी फॉरेस्ट डिपो के सामने मारुति 800 क्रमांक रू। 28 ड्ड 7066 के चालक पद्माकर देशमुख अपने पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने अमरावती से भिलाई जा रहे थे जो सड़क चिरचारी फॉरेस्ट डिपो के सामने दोपहर करीबन 01/30 बजे चालक को झपकी आ जाने से कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर वाहन पलटने से वाहन चला रहे पद्माकर देशमुख की मौके पर ही मृत्यु हो गई और कार में बैठे 03 महिला एवम 03 बच्चे घायल हो गए जिन्हें उपचार हेतु सीएचसी छुरिया लेकर गए थे जहां उपचार दौरान श्रीमती अमोल देशमुख की मृत्यु हो गई।

### गायत्री प्रज्ञापीठ मे हुआ सत्संग

## योग और यज्ञ से मानव जीवन स्वस्थ रहेगा: आचार्य नरेन्द्र देव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया 6 अप्रैल।** योग गुरु बाबा रामदेव के परम शिष्य हरिद्वार से पधारे आचार्य नरेंद्र देव जी ने अपने राजनांदगांव जिला प्रवास के दौरान दिनांक 5 अप्रैल को छुरिया के गायत्री प्रज्ञापीठ में शाम 5बजे उपस्थित योग प्रेमी, गायत्री परिवार के परिजन और युवा युवती,महिलाएं ,पुरुष ,बच्चे और बुजुर्ग को योग करने प्रेरित किया गया वहीं छुरिया में बहुत सालों से योग का कक्षाएं नहीं लग रहा था जिसे भी चालू करवाया गया और नए सिरे से समिति का गठन भी किया जिसमें भारत स्वाभिमान तहसील प्रभारी रोहित सिन्हा को मनोनीत किया गया ,पतंजलि योग समिति तहसील प्रभारी योगेंद्र वर्मा, युवा भारत तहसील प्रभारी अनिकेत मानव ,किसान सेवा समिति प्रभारी मनीराम साहू ,महिला प्रभारी डामेश्वरी वर्मा ,महिला महामंत्री रश्मि पटेल, महिला संगठनमंत्री चित्रा साहू और रोहिणी वर्मा, सोशल मीडिया तहसील प्रभारी हारून मानिकपुरी, यज्ञ संपन्न समिति के प्रभारी रमेश कुमार पड़ोती को मनोनीत कर समिति का गठन किया गया । स्वामी जी ने नियमित योग की कक्षाएं लगाने के लिए प्रेरित किया गया उन्होंने गायत्री परिवार को सहृदय धन्यवाद ज्ञापित करते हुए गुरु परंपरा को आगे बढ़ाने का उपदेश देते हुए श्रीराम शर्मा के गुणों का बखान भी किया वहीं आचार्य जी ने कहा कि मनुष्य को मानव जीवन के रूप में तीन ऋण से मुक्ति पाना अत्यंत जरूरी है पहला ऋण मातृ पितृ का, दूसरा ऋषि ऋण और तीसरा राष्ट्र का ऋण।मनुष्य मातृ पितृ ऋण को पूरा करते हैं लेकिन ऋषि ऋण और राष्ट्र ऋण में पीछे हो जाते हैं जबकि यह तीनों ऋण अति महत्वपूर्ण है हम सबको एक से दो घंटा सेवा में प्रतिदिन लगाना चाहिए। प्रति दिन सुबह योग करें और उसके बाद अपने-अपने कर्म योग करे।स्वामी आचार्य जी ने छुरिया में तत्काल अगले दिन सुबह 5 बजे से 6.30 बजे तक नियमित योग की कक्षाएं लगाने गठित समिति को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने सभी को आस्वस्थ किया कि वे स्वयं बहुत जल्द छुरिया में आकर तीन दिनों तक योग अभ्यास करवाएंगे और योग के गुर सिखाएंगे।

सत्संग में राजनंदगांव से आए भारत स्वाभिमान के जिला अध्यक्ष हेमंत तिवारी, मनोज लड्ढा, किरण वैष्णव जनपद पंचायत अध्यक्ष, रवींद्र वैष्णव जिला महामंत्री भाजपा राजनांदगांव ,योगेंद्र वर्मा ,रोहिणी वर्मा ,धनसिंह रजक, रेवाराम सिन्हा,रामदास मानिकपुरी, हारून मानिकपुरी, रोहित सिन्हा,उमन साहू, रामेश्वरी वर्मा ,विदेश राम साहू ,रमेश कुमार पड़ोती,नीतीश कुमार सिन्हा ,अंकित अग्रवाल, राजेंद्र लाडेकर ,मनीराम साहू ,रश्मि पटेल, चित्रा साहू, चंद्रेश साहू , घनश्याम साहू, माखन साहू, नान्हू राम सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### गिधवा में जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष किरण वैष्णव ने 40 लोगों को कराया भाजपा प्रवेश



**छुरिया 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । लोकसभा चुनाव को लेकर जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गिधवा में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली।कार्यक्रम में मोदी जी व विष्णु देव साय जी के कार्यो से प्रभावित होकर गांव के 40 युवा और महिलाओ ने भाजपा प्रवेश किया। जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने सभी को भारतीय जनता पार्टी का गमछा पहना कर उनका स्वागत किया और भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश दिलाया। जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि पूरे देश मोदीमय आज मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने दस वर्षो के कार्यकाल में देश एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।गांव से लेकर शहरों तक आज देश का विकास के साथ साथ मोदी जी ने कई बड़े बड़े ऐतिहासिक निर्णय लिये है।आज कश्मीर से धारा 370 को खत्म करना । श्री राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण, जैसे अनेक बड़े बड़े काम मोदी जी के नेतृत्व में हुए हैं। श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि राजनांदगांव लोकसभा से भाजपा के लोकप्रिय मिलनसार सांसद प्रत्याशी श्री संतोष पांडेय जी को कमल फूल छाप पर वोट देकर हम सभी को मोदी जी के साथी बनना है।जिससे हमारा राजनांदगांव तेज गति के साथ विकास के पथ पर अग्रसर होगा?। इस अवसर पर मालती उईक महिला मोर्चा अध्यक्ष भी उपस्थित थीं।प्रमोद कुमार योगेश्वर साहू लक्ष्मण दास खलेंद्र कुमार टिकेश्व साहू गजेंद्र कुमार द्रोण कुमार भगवानी लालता प्रसाद शिवप्रसाद बुधारूराम हीरालाल भानु साहू खिलेश्वर देबीलाल चुम्मन राधा मेश्राम तीजन बाई सावित्री सरिता बिमला राधा साहू जैसे 40 लोगों ने भाजपा प्रवेश किया।

### समाज का विकास करना है तो शिक्षा को बढ़ावा दें: मधुसूदन



**राजनांदगांव 6 अप्रैल।** मोतीपुर इकाई साहू समाज द्वारा 05 अप्रैल शुक्रवार को साहू समाज की अध्ष्ठात्री देवी भक्त शिरोमणी माता कर्मा की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। जानकारी देते हुए समाज के वरिष्ठ सलाहकार महेश साहू ने बताया कि समाज प्रमुखों व माताएं-बहनों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर सामूहिक रूप से भक्त माता कर्मा जी की आरती उतारी। जयंती समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने समाज को बधाई देते हुए कहा कि ईश्वर से यही प्रार्थना है कि भक्त माता कर्मा का आर्शीवाद बना रहे हम सब विकास की ओर अग्रसर रहे, सब में भाईचारा कायम रहे ऐसी मैं कामना करता हूं। भक्त माता कर्मा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज से 1008 वर्ष पूर्व भक्त माता कर्मा द्वारा समाज के लिए किए अनुकरणीय कार्य के कारण आज समाज में पूजनी मां कर्मा कहलाती है इसी प्रकार हम सभी को समाजहित के लिए कार्य करना चाहिए क्योंकि आज जो किए पुण्य कार्य आने वाले समय में हमें वापस जरूर मिलता है। मनुष्य को जीवन में ऐसे अनुकरणीय काम करना चाहिए जिसे समाज हमेशा याद रख सके। समाज का विकास करना है तो शिक्षा को बढ़ावा दो क्योंकि शिक्षित परिवार से ही समाज का विकास होता है। इस दौरान छोटे बच्चों द्वारा मनमोहक गीत की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे बजे मां कर्मा जी की आरती के साथ कीचड़ी प्रसादी का भोग लगाकर वितरण किया गया। इस दौरान प्रमुख मोतीपुर साहू समाज के अध्यक्ष बृजलाल साहू, सलाहकार महेश साहू, गोपाल साहू, देवनारायण साहू, अध्यक्षा श्रीमती अनिता साहू, श्रीमती लता साहू, श्रीमती रत्ना साहू, श्रीमती लता साहू, श्रीमती ललिता साहू, श्रीमती कुमारी बाई साहू, श्रीमती अनिता साहू, अमरिका साहू सहित समाज के वरिष्ठजन व बच्चें मौजूद थे। उक्त जानकारी दीपक साहू ने दी है।

### सुरक्षा उपकरणों के माध्यम से विशेष चेकिंग करने का दिया गया प्रशिक्षण



**राजनांदगांव 6 अप्रैल।** पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए, रेंज स्तर के अधिक से अधिक पुलिस बल को सुरक्षा व्यवस्था के इक्विपमेंट्स आदि के बारे में प्रशिक्षित किया जाना है। इसी परिपेक्ष्य में दिनांक 05.04.2024 को रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज, राजनांदगांव श्री दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश ठाकुर के उपस्थिति में विशेष शाखा पुलिस मुख्यालय रायपुर से आये डीएसपी श्री गुरू नारायण प्रधान के द्वारा जिला राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अं.चौकी के अधिकारी/कर्मचारियों को डीएफएमडी, एचएचएमडी, डीएसएमडी आदि सुरक्षा उपकरण के संबंध में एक दिवसीय प्रक्षिशण दिया गया। जिसमें पुलिस की कार्य प्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने एवं आगामी चुनाव के दौरान व वीआईपी प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए डीएफएमडी, एचएचएमडी, डीएसएमडी आदि सुरक्षा उपकरण के संबंध में विस्तृत रूप से डेमो के माध्यम से जानकारी दी गई। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज, राजनांदगांव श्री दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा द्वारा रेंज स्तर के विभिन्न थानों के आरक्षक से निरीक्षक स्तर के अधिकारियों/कर्मचारियों को डीएफएमडी, एचएचएमडी, डीएसएमडी आदि सुरक्षा उपकरण का किस प्रकार उपयोग करते है तथा इनके द्वारा महत्वपूर्ण स्थानों पर संदिग्ध वस्तुओं की विशेष चेकिंग किस प्रकार करना चाहिए व ध्यान रखने वाली बातों के बारे में विस्तृत रूप से समझाया गया। और साथ ही सभी को डेमो देकर, प्रैक्टिकल के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री पुष्पेन्द्र नायक, डीएसपी तनुप्रिया ठाकुर, रक्षित निरीक्षक अरविंद साहू, रक्षति निरीक्षक ट्रैफिक लोकेश कसेर, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, बसंतपुर प्रभारी सत्य नारायण देवांगन, लालबाग प्रभारी निरीक्षक नंद किशोर गौतम, गैंदाटोला प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल, डोंगरगढ़ प्रभारी निरीक्षक सी.आर. चंद्रा, बोरतलाव प्रभारी निरीक्षक मिलन सिंग, बागनदी प्रभारी निरीक्षक मनीष ध्रुवे, डोंगरगांव प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र साह चौकी सूरगी प्रभारी निरीक्षक कौशलेस देवांगन, चिचोला प्रभारी निरीक्षक उमेश बघेल, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी ईशा ओगरे, तुमड़ीबोड़ प्रभारी उनि. कैलाश चंद मरई, सुकूनदैहान प्रभारी उनि. भूषण चंद्राकर, मोहारा प्रभारी उनि. प्रमोद श्रीवास्तव एवं राजनांदगांव रेंज से आये अधिकारी/कर्मचारी मौजूद थे।

राजनीति में किसी नेता व पार्टी की साख तब ही बनी रहती है या बढ़ती है जब वह चुनाव के बाद चुनाव जीतता है। एक चुनाव हार जाए तो दूसरा चुनाव जीत जाता है, दूसरा चुनाव भी हार जाए तो तीसरा चुनाव जीतता है। राजनीति में माना जाता है कि एक चुनाव हारने के बाद हर राजनीतिक दल के लिए दूसरा चुनाव जीतना जरूरी होता है क्योंकि वह एक चुनाव हारकर दूसरा चुनाव जीत जाता है तो माना जाता है कि वह मजबूत है और चुनाव हार कर भी चुनाव जीत सकता है। इसका फायदा यह होता है कि उसकी साख राजनीति में बनी रहती है तथा उसके नेता व कार्यकर्ता भी आश्वस्त रहते हैं कि एक चुनाव हार गए तो क्या हुआ हमारी नेता दूसरा चुनाव जरूर जीत लेगा, हमारी पार्टी दूसरा चुनाव जरूर जीतेगी। नेता व कार्यकर्ता जब आश्वस्त रहते हैं तो वह पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी में जाने को सोचते तक नहीं है। वह पार्टी के साथ रहते है और पार्टी को मजबूत बनाने का काम करते हैं। जब पार्टी के नेता एक चुनाव हारने के बाद दूसरा चुनाव भी हार जाता है और उसके तीसरे चुनाव भी जीतने की कोई उम्मीद नहीं रहती है तो पार्टी के नेता की साख कम हो जाती है और पार्टी की साख भी कम हो जाती है, इतनी कम हो जाती है कि बरसों से पार्टी में रहनेवाले नेताओं को भी यकीन नहीं रहता है कि अब यर पार्टी चुनाव जीतने वाली है। तब पार्टी के बड़े बड़े नेता पार्टी को छोड़ना शुरू करते हैं, यह संकेत किसी पार्टी के लिए खतरे का संकेत होता है कि अब पार्टी के नेता को पार्टी का बचाना है तो उस  हर कीमत पर चुनाव जीतना ही होगा। चुनाव जीतने के लिए उसे वह सब कुछ करत हुए दिखना चाहिए जो दूसरे नेता करते दिखे और अपनी पार्टी को फर्श से अर्स तक पहुंचा दिया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के समय कांग्रेस अर्श से फर्श पर आ गई है तो यह उनकी जिम्मेदारी है

## संपादकीय

# नेता के साथ पार्टी की साख भी कम हो गई है

कि पार्टी को फिर से फर्श से अर्श पर पहुंचाना होगा। वह यह कहकर नहीं बच सकते कि पार्टी अध्यक्ष खरगे हैं, इसलिए आज पार्टी अर्श से फर्श पर आ गई है तो उसके लिए खरगे दोषी है। पूरा देश जानता है कि खरगे तो नाम को अध्यक्ष है बाकी सारे निर्णय तो राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व सोनिया गांधी लेते हैं यानी आज कांग्रेस जिस बुरी हालत में है उसके लिए गांधी परिवार दोषी है।यह समझने की जरूरत है कि जब कोई पार्टी परिवार पर निर्भर हो जाती है तो उसका सारा श्रेय भी परिवार को ही जाता है। जब कांग्रेस चुनाव जीतती तो इसका श्रेय गांधी परिवार को जाता था, कहा  जाता था कि गांधी परिवार के कारण ही कांग्रेस पार्टी को वोट मिलते हैं। गांधी परिवार के कारण ही कांग्रस को चुनाव में जीत मिलती है।2014 के बाद ऐसा क्या हो गया है कि कांग्रेस का जातू नहीं चल रहा है, कांग्रेस तो वही है लेकिन उसका जादू नहीं चल रहा है तो कोई भी सहज रूप से यह कह सकता है कि जनता को कांग्रेस के नेता से बेहतर नेता मिल गया है, जनता को कांग्रेस से बेहतर पार्टी मिल गई है इसलिए उसने कांग्रेस को छोड़क भाजपा को चुन लिया है और लगातार चुन रही है। देश की जनता समझदार है,विवेकवान है, उसकी समझ व विवेक पर सवाल नहीं उठाया जा सकता, उसके विवेक पर सवाल नहीं उठाया जा सकता कि वह गलत निर्णय कर रही है। जनता कभी गलती नहीं करती है, गलती तो राजनीतिक दलों से  होती है, वह समझ नहीं पाते हैं कि उनसे क्या गलती हो रही है जिसे जनता पसंद नहीं कर रही है। कांग्रेस के बड़े नेता पिछले पांच साल से पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। उनको गद्दार,अवसरवादी कहने से कांग्रेस से नेताओं का जाना नहीं रुक सकता। कांग्रेस से नेताओं का जाना तो तब ही रुक सकता है जब पार्टी यह जानने का प्रयास करे कि नेता पार्टी क्यों छोड़ रहे हैं। पार्टी के नेताओं के पार्टी छोड़ने के कारणों का पता लगाना पार्टी के नेताओं की जिम्मेदारी है, वह बैठकों, सम्मेलनों के जरिए जान सकती है। कांग्रस के शीर्ष नेतृत्व ने यही नहीं किया। नेताओं ने उसे बताना चाहा तो बताने का कोई मौका नहीं दिया गया। कोई भी पार्टी तब ही मजबूत होती है जब वह सभी  के बातचीत कर कोई फैसला करती है। कांग्रेस यही नहीं करती है इसलिए उसके निर्णय गलत साबित होते हैं और उसका राजनीतिक नुकसान उसको हर चुनाव में उठाना पड़ता है।

चुनाव

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान प्रतिशत बढ़ना समय की मांग

किशन सनमुखदास भावनानी



भारतीय लोकसभा चुनाव 2024 में चुनाव आयोग द्वारा मतदान प्रतिशत को बढ़ाकर ऊंचाइयों के स्तर पर ले जाने के लिए कमर कस ली है,जिसका पता इसी बात से चलता है कि शुक्रवार दिनांक 5 अप्रैल 2024 को चुनाव आयोग ने 2019 लोकसभा चुनाव में 50 लोकसभा क्षेत्र और 17 नगरी क्षेत्र यानें शहरों को चिन्हित कर वहां के जिला निर्वाचन अधिकारियों यानें जिलाधिकारी वह उच्च स्तर अधिकारियों को तलब कर एक मीटिंग ली गई जिसमें उन राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बैठक में वर्चुअल शामिल हुए जिसमें मतदान के बहुत कम प्रतिशत होने पर चर्चा की गई और उसके कारणों पर विस्तृत चर्चा की गई और मतदान प्रतिशत लक्षित बढ़ाने पर जोर दिया गया। उल्लेखनीय है कि 2019 में राष्ट्रीय औसत 67.40 प्रतिशत से भी बहुत कम मतदान उन 11 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में हुआ था जिसमें 17 प्रमुख बड़े शहर भी शामिल थे चुनाव आयोग का मत था कि मतदान प्रतिशत की कमी मतदाता के रवैए के साथ-साथ प्रशासन की लापरवाही को भी जिम्मेदार बताया गया। चुनाव आयोग की इस बैठक का रिएक्शन पूरे देश में आग की तरह फैला और इसका नतीजा यह हुआ कि मेरी ऑफिस में गोंदिया नगर परिषद के दो साहब आए, मेरे हाथ में एक सूचना फॉर्म दूसरा सिगनेचर फार्म दिए मेरे पूछने पर बताया कि कलेक्टर ऑफिस से आदेश आया है कि जनजागरण मुहिम चलाने के लिए कहा गया है। इस फॉर्म में मतदान जरूर करने की अपील/सुझाव/निवेदन था पढ़कर मैं और पारिवारिक सदस्यों ने उस फार्म पर सिग्नेचर कर दिए।उधर रेडियो टीवी चैनलों पर चुनाव आयोग की बैठक संबंधी जानकारी दी जा रही थी,इससे मैंनेंअंदाज लगा लिया के मुझेसे सिग्नेचर ले गए यानें यह जनजागरण पूरे देश में चल पड़ा होगा।मेरा मानना है कि यह बैठक जनजागरण व कम मतदान वाले राज्यो क्षेत्र के अधिकारियों को इसकी हिदायत देकर लापरवाही की ओर इशारा किया गया। यह चुनाव आयोग की मतदान प्रतिशत बढ़ाने की सबसे बड़ी कवायत है। पिछले चुनाव में मीडिया में कुछ नेताओं के ऐसे सुझाव भी आए थे कि,हरराज्य ऐसा नियम विनियम बनाए कि मतदान नहीं करने वाले व्यक्तियों को शासकीय सुविधा या प्रमाण पत्र व दैनिक जीवन निभाने में लगने वाले सरकारी दस्तावेजों को न दिया जाए,यानें दूसरी भाषा में मतदान को अनिवार्य बना दिया जाना चाहिए।ऐसा संशोधन संविधान अनुच्छेद 19 सहित सभी कानूनी अरचनों वाली धाराओं में संशोधन कर देना चाहिए,ताकि इस मुद्दे को लेकर कोई अदालत की दहलीज पर लेकर न जाए,यह मेरा केवल सुझाव मात्र है क्योंकि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान प्रतिशत को तेजी से बढ़ाना आज समय की मांग है।चूंकि मतदान प्रतिशत बढ़ाने आज 5 अप्रैल 2024 को चुनाव आयोग ने 11 राज्यों के 50 लोकसभाक्षेत्र केजिलाधिकारी व बड़े अधिकारियों को तलब किया है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,मतदान प्रतिशत की कमी मतदाता के रवैया के साथ प्रशासन की लापरवाही को भी जिम्मेदार बताकर चुनाव आयोग के जड़ पकड़ने की कवायत सराहनीय है।

साथियों बात अगर कर हम भारतीय चुनाव आयोग द्वारा शुक्रवार दिनांक 5 अप्रैल 2024 को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए ली गई बैठक की करें तो आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए नई दिल्ली के निर्वाचन सदन में एक बैठक आयोजित किया। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने देश भर के कई जिलों के नगर निगम आयुक्तों और जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) के साथ यह बैठक की।बैठक के दौरान शहरी और ग्रामीण संसदीय क्षेत्र में मतदाता सहभागिता और भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक योजना तैयार किया गया। संदेशों से सुसज्जित सार्वजनिक परिवहन और स्वच्छता वाहन चलाना।-व्यापक प्रसार के लिए उपयोगिता बिलों में मतदाता जागरूकता संदेशों को शामिल करना।-रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) और मतदाता जागरूकता मंचों के साथ सहयोग करना।-पार्क, बाजार और मॉल जैसे लोकप्रिय सार्वजनिक स्थानों परसूचनात्मक सत्रों का आयोजन।-मतदाताओं में रुचि जगाने के लिए मैराथन वॉकथॉन और साइक्लोथॉन जैसे आकर्षक कार्यक्रम आयोजित करना।-




गौरतलब है कि इस सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त, दोनों चुनाव आयुक्त ने की।इस अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने मतदान केंद्रों पर सुविधा प्रदान करने की तीन-स्तरीय रणनीति पर जोर दिया, जैसे वोट देते समय कतार का प्रबंधन,भीड़भाड़ वाले इलाकों में आश्रय पार्किंग, संचार, और लोगों को मतदान के लिए आने के लिए प्रोत्साहित करना और प्रभावशाली युवाओं के जरिये लोगो की भागीदारी सुनिश्चत करने की बात कही उन्होंने बूथ-वार कार्य योजना तैयार करने का भी निर्देश दिया। सभी एमसी और डीईओ को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग अलग रणनीति तैयार करने की योजना बनाने के लिए कहा और अधिकारियों से इस तरह से कार्य करने का भी आग्रह किया जिससे मतदाताओं में लोकतांत्रिक उत्सव में भाग लेने के लिए गर्व पैदा हो।इस अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने मतदाताओं की उदासीनता पर एक पुस्तिका का भी अनावरण किया। चुनाव आयोग के मुताबिक 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों, जिसमें बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, तेलंगाना, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, जम्मू और कश्मीर और झारखंड में मतदान प्रतिशत राष्ट्रीय स्तर से कम रहा जबकि लोकसभा के 2019 के आम चुनावों में राष्ट्रीय औसत 67.40 प्रतिशत रहा था।2019 में राष्ट्रीय औसत से कम मतदान वाले 11 राज्यों के कुल 50 निर्वाचन क्षेत्रों में से 40 निर्वाचन क्षेत्र उत्तर प्रदेश (22 निर्वाचन क्षेत्र) और बिहार (18 निर्वाचन क्षेत्र) से हैं। उत्तर प्रदेश की फूलपुर निर्वाचन क्षेत्र में सबसे कम मतदान 48.7 प्रतिशत दर्ज किया गया था । जबकि बिहार में नालंदा संसदीय क्षेत्र में सबसे कम 48.79 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।निकायों में ये काम तत्काल करने होंगे- आवश्यक चुनाव मतदाता शिक्षा सामग्री का प्रसार करने के लिए होर्डिंग्स, डिजिटल स्पेस, कियोस्क और कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) सहित विभिन्न प्लेटफार्मों का उपयोग करना।-व्यापक मतदाता पहुंच और जुड़ाव के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की शक्ति का लाभ उठाना।  साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने 2019 के चुनाव में कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदान बढ़ाने की कवायत की करें तो, इस संबंध में निर्वाचनआयोग के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर जानकारी दी गई है। यह कुछ शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कम वोटिंग की समस्या के समाधान के लिए लक्षित और विशिष्ट कार्य योजनाएं तैयार हुईं। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, पुणे, ठाणे, नागपुर, पटना साहिब, लखनऊ और कानपुर के नगर आयुक्त और बिहार और उत्तर प्रदेश के चुनिंदा जिला चुनाव अधिकारी बैठक में भाग लिए। मुख्य चुनाव आयुक्त ने विभिन्न अवसरों पर कम भागीदारी के कारणों के रूप में शहरी उदासीनता और ग्रामीण क्षेत्रों से प्रवासन की चुनौती पर प्रकाश डाला है।विशिष्ट मुद्दों पर विचार-विमर्श करने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए रणनीति विकसित करने के लिए की गई है।  अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान प्रतिशत बढ़ना समय की मांग।मतदान प्रतिशत बढ़ाने चुनाव आयोग का डंडा चला-11 राज्यों के 50 लोकसभा व 7 नगरीय क्षेत्रों के बड़े अधिकारियों से बैठक हुई।मतदान प्रतिशत की कमीं मतदाता के रवैए के साथ, प्रशासन की लापरवाही को भी जिम्मेदार बताकर,चुनाव आयोग के जड़ पकड़ने की कवायत सराहनीय है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन खुशियां लेकर आया है। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनातमक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा। आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी। महिलाओं को घर के कार्यो से राहत मिलेगी। आर्थिक पक्ष सामान्य रहेगा। शाम का समय भाई बहनों के साथ हँसीमज़ाक में बितेगा। जीवनसाथी आज आपको नन्हे मेहमान के आने की खुशखबरी दें सकते है। जीवन में चल रही परेशानिया खत्म होगी।

वृष राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगें। आज काम के हिसाब से फल मिलेंगे। जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित रास्ता मिलेगा। आपके काम पर अंतिम परिणाम निर्भर करेगा। परिवार के साथ हो रहे विवादों को तुरंत सुलझाने की कोशिश करें। समयका सही इस्तेमाल करके काम पूरा करें। आज सभी जरूरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे। पिता ने व्यापार में जो जिम्मेदारिया दी हुई हैं उसे आप आसानी से निभा लेंगें। परिवार में सभी आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। साथ ही आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता-पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा बिजनेस में कोई बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते है, लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर लें लें। पारीवारिक मामले में आज आपका निर्णय कारगर साबित होगा। आज आपका मन आध्यात्म में अधिक लग सकता है। आज किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिएजा सकते हैं। आज हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

कर्क राशि : आज का दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा।आज इस बात का खास ख्याल रखें की दूसरों से तभी दोस्ती करें और अपनी बाते शेयर करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भलीभांति समझ लें। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पिता अपके बिजनेस में आपका सयोग करेंगें। लोग आपकी प्रशंसा करेंगे, जिसे आप हमेशा से सुनना चाहते थे। नव विवाहितो को आज घुमने जाने का मौका मिलेगा। बुजुर्गों की सेहत का ख्याल रखें। घर में शांति बनी रहेगी। आज घर में अचानक कोई महत्वपूर्ण चीज वापस मिल जायेगी। जिसे पाकर आपका मन खुशी से झूम उठेगा।

सिंह राशि : आज का दिन फायदेमंद साबित होने वाला है। आज आपको पहले किए गए छोटे-मोटे कार्यो से भी पॉजीटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलतायें छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी इससे आपका सकारात्मक विचार बनेगा। ऑफिस के कार्यो को करते समय फोक्स बनायें रखें। आपको जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसे अपनी समझदारी से बखुबी निभायेंगें। जो लोग प्रॉपर्टी डीलर हैं उनका काम अच्छा चलेगा, और आपका रूका हुआ पूरा पैसा आपको वापस मिलेगा। सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी।

कन्या राशि : आज का दिन आपके जीवन में खुशियाँ लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें गौर से सुनें, भविष्य में आपके लिएफायदेमंद रहेगी। युवाओं को बढ़िया नौकरी के मिलने की सम्भावना बन रही है। कारोबार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग राजनीति क्षेत्र से जुड़े हुए हैं उन्हे पुराने किए गए कार्यो में वाहवाही मिलेगी। इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदना चाहते है तो आज का दिन अच्छा है। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

तुला राशि : आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। करीयर को बढ़ाने मे किए गए प्रयासों के चलते लाभ होगा7 आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। संतान की सफलता के कारण,घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। बच्चे आज किसी जरूरी काम में अपनी माता की मदद मागेंगे। जिससे उनके काम पूरे होंगे। शारीरिक दृष्टि से आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा। रुका हुआ काम पूरा होगा आपको मानसिक शांति मिलेगी।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रूका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। आज परिस्थितियों को ठीक से देखेंगे तो हर एक समस्या को हल कर पाएंगे। जिन लोगों की संगत में आप नकारात्मक बन रहे हैं, फिलहाल उन लोगों से दूरियां बनाने का विचार करेंगे। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा सुखद रहेगी। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को पढ़ाईलिखाई में शिक्षकों से मदद मिलेगी। लवमेट के साथ कहीं घूमने जाएंगे। छात्रों को आज सफलता मिलेगी।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज अपने काम को आसान तरीके से करने का रास्ता मिल सकता है। नई योजना पर काम शुरू हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएंगे, जिससे प्रसन्नता बनी रहेगी। पैसों से संबंधित चिंता दूर होगी। जो काम कठिन है, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रभावशाली लोगों का साथ मिलेगा। दोस्तों के साथ शाम को अच्छा समय बीतेगा।

मकर राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरुरत का सामान खरीदेंगे। आज गलत विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे और गलत संगत से बचेंगे। आज क्रोध को नियंत्रित करने की कोशिश करें। स्वभाव की नकारात्मक बातों को सुधारने की कोशिश करें। काम की जगह नए अवसर मिलेंगे। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। समाज में आज आपका मानसम्मान बढेगा। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन बढ़िया है, व्यापार में आज वृद्धि होगी। किसी पुराने क्लाइंट से अच्छा खासा लाभ मिल सकता है।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपका कोई रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीको पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज अपनी इच्छाशक्ति के बल पर योजनाओं पर काम कर पाएंगे। अहंकार से बचना होगा। जो बातें आपको बेहतर बनाती हैं, केवल उन पर ध्यान दें और खुद को सुधारें। आज जितनी पक्की आप योजना बनाएंगे, सफलता मिलने की संभावनाएं उतनी ज्यादा होंगी। आज भाई बहन के बीच में चल रही अनबन खत्म हो जाएगी, आपसी रिश्ता मजबूत बनेगा। बच्चों को अपना टाइम दे जिससे उनका प्यार आपको ज्यादा से ज्यादा मिल सकें।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीददारी करने मार्किट जा सकते हैं। एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जाएंगे जहां आपके अन्य दोस्त भी होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर थोड़ा विचारविमर्श करना पड़ सकता है, शत्रु पक्ष आपकी योजनाओं से प्रभावित होंगे। इस राशि के जो लोग बड़ी कंपनियों में काम करते हैं, उनके लिए आज का दिन बेहद खास है। जीवन में चल रही परेशानियां जल्द ही दूर होंगी।

व्यंग्य

# आपकी यात्रा मंगलमय हो

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

भारतीय रेलों का शौचालय अनूठे अनुभवों का खजाना है, जिसकी सराहना केवल वे ही कर सकते हैं जिन्हें इनका उपयोग करने का दुर्भाग्य प्राप्त हुआ है।  तंग जगह, संदिग्ध स्वच्छता, हिलती-डुलती दुनिया और अत्यधिक दुर्गंध का संयोजन सबसे शांत यात्री को भी कांपते हुए गंदगी का शौचदूत बना सकता है। किंतु, डरिए मत, क्योंकि मैं यहां आपको भारतीय रेलों के  भीतर शौचालयों के भीतर होने वाले अद्भुत रोमांचों की कहानियों से रूबरू कराने आया हूं।  सबसे पहले, आइए आधुनिक इंजीनियरिंग के इन चमत्कारों के भौतिक आयामों पर चर्चा करें।  मैं आधुनिक शब्द का प्रयोग शिथिल रूप से करता हूँ, क्योंकि ये शौचालय अक्सर किसी बीते युग की चीज़ से मिलते जुलते हैं।  तंग जगह आराम और राहत की जगह की तुलना में अपहरण कर छिपाकर रखने वाली सुरक्षित जगह है।  यह स्थान इतना हिलता-डुलता रहता है कि अपने आपको इधर-उधर न छूने की पैंतरेबाज़ी करनी पड़ती है। सावधान रहना चाहिए कि किसी भी अज्ञात पदार्थ के डर से किसी भी सतह को न छू लें।  एक बार यह मान लेने के बाद कि जब इस यात्रा के विकल्प में कोई चारा नहीं है तब यात्री को गंध की एक श्रृंखला अपने जीवन अनुभव में जोड़कर अपने आने वाली पीढ़ी को शौच बखान के अंतर्गत जोड़कर सुनाना चाहिए। सुगंध इतनी तीव्रता से इंद्रियों पर हमला करती है कि यह अनैच्छिक उल्टी और आँसू पैदा कर सकती है। यह एक ऐसा स्थान है जहाँ किसी को अपने घ्राण तंत्र पर हमले को सहने और अपनी सहनशीलता को आगे बढ़ाने के लिए अपनी पूरी मानसिक शक्ति जुटानी पड़ती है।  शौचालय का जंजीर वाला लोटा स्विज़ बैंक से भी अधिक सुरक्षित है। यह ध्यान रखना पड़ता है कि सुविधाएं स्वयं अक्सर वांछित नहीं होती हैं।  पाइपलाइन, अक्सर ख़राब स्थिति में होती है, मानो इसे टिप-टिप करते हुए अकाल के दिनों में बरसात की अनुभूति की जिम्मेदारी दी गई है। जो बहादुर आत्मा सुविधाओं का उपयोग करने का साहस करती है, उसे संदिग्ध उत्पत्ति और निरंतरता की अचानक बौछार की संभावना के लिए तैयार रहना चाहिए।  किंतु डरिए मत, क्योंकि साहसिक कार्य यहीं समाप्त नहीं होता है।  भारतीय रेल शौचालयों का असली चमत्कार उनके द्वारा प्रदान किया जाने वाला सामुदायिक अनुभव है।  स्वयं को कई अन्य व्यक्तियों के साथ अंतरंग स्थान साझा करते हुए देखना असामान्य नहीं है, सभी थोड़ी सी गोपनीयता और गरिमा के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।  अजीब सी खामोशी को केवल ट्रेन की लयबद्ध गड़गड़ाहट और कभी-कभार सुविधाओं से जूझ रहे किसी व्यक्ति की कराह को छिपाने का इससे बढ़िया स्थान नहीं हो सकता है। और हमें उस अनूठे सांस्कृतिक अनुभव को नहीं भूलना चाहिए जो भारतीय रेल के शौचालय प्रदान करते हैं।  यह एक ऐसी जगह है जहां सामाजिक मानदंड और व्यक्तिगत सीमाएं अपनी सीमाओं तक फैली हुई हैं।  यह एक ऐसी जगह है जहां जाति व्यवस्था का कोई प्रभाव नहीं है, क्योंकि जीवन के सभी क्षेत्रों के व्यक्तियों को अपनी साझा पीड़ा में एक साथ आना पड़ता है।  यह एक ऐसी जगह है जहां जीवित रहने के पक्ष में चरित्र और मर्यादा को त्यागना पड़ता है।  लेकिन मेरे लहज़े को तिरस्कार का स्वर मत समझिए।  इसके विपरीत, मैं भारतीय रेल के शौचालयों को एक अजीब तरह के अनुभव के रूप में देखने लगा हूं।  वे मानव आत्मा के लचीलेपन और दृढ़ता का प्रमाण हैं, एक अनुस्मारक हैं कि हम सभी अपनी सबसे बुनियादी जरूरतों में एकजुट हैं।  वे भारतीय रेल यात्रा की अनेकता में एकता का एक सूक्ष्म रूप हैं, एक ऐसा अनुष्ठान जो निश्चित रूप से किसी भी यात्री को दृढ़संकल्पित बनाने का धैर्य देता है।  अंत में, मैं आपसे भारतीय रेल के शौचालयों को एक बाधा के रूप में नहीं,  बल्कि व्यक्तिगत विकास और सांस्कृतिक समझ के अवसर के रूप में देखने का आग्रह करता हूं।  यह यात्रा अनुभव का एक अनूठा और अविस्मरणीय पहलू हैं, जो निश्चित रूप से आपकी स्मृति पर एक अमिट छाप छोड़ेगा।  तो, अगली बार जब आप खुद को भारतीय रेल के शौचालय का उपयोग करने की कठिन संभावना का सामना करते हुए पाएं, तो एक गहरी सांस लें, आगे की परीक्षाओं के लिए खुद को तैयार करें, और उस रोमांच को स्वीकार करें जो आपका इंतजार कर रहा है।  शुभ यात्रा!



गंभीर मुद्दा

# शुरू होनी चाहिए पर्यावरणीय मुद्दों को मुख्यधारा में लाने की प्रथाएं

प्रियंका सौरभ



**राजनीतिक दलों को जलवायु परिवर्तन पर सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने और ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए स्पष्ट रूप से कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। राजनीतिक दलों को उन कदमों के बारे में बताना चाहिए जो वे भारत पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को कम करने के लिए उठाएंगे। यदि भारत वैश्विक व्यवस्था में अपना उचित स्थान पाना चाहता है, और अमृत काल में एक सच्ची विश्व शक्ति के रूप में गिना जाना चाहता है, तो जलवायु परिवर्तन कार्यों पर इसके नेतृत्व की मांगों पर नजर रखी जाएगी। मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पारंपरिक चुनाव तरीकों के पर्यावरणीय प्रभाव पर जोर देने, नवीन पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों पर ध्यान केंद्रित करने में हो सकती है। पर्यावरण के प्रति जागरूक चुनावी प्रथाओं को अपनाने से भारत को दुनिया भर के अन्य लोकतंत्रों के लिए एक उदाहरण स्थापित करने में मदद मिल सकती है।**

संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) द्वारा हाल ही में जारी वैश्विक जलवायु स्थिति रिपोर्ट ने चिंता पैदा कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 को आधिकारिक तौर पर ग्रह के इतिहास में सबसे गर्म वर्ष के रूप में पहचाना गया है। राजनीतिक अभियानों में जलवायु परिवर्तन कार्य योजनाओं को शामिल करके, राजनीतिक नेता मतदाताओं के बीच मुद्दे की गंभीरता और निर्णायक कार्रवाई की अनिवार्यता के बारे में जागरूकता बढ़ा सकते हैं। यह सार्वजनिक चर्चा को जलवायु कार्रवाई को प्राथमिकता देने की दिशा में स्थानांतरित करने और नीति निर्माताओं और जनता के बीच तात्कालिकता की भावना को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। जलवायु परिवर्तन को राजनीतिक अभियानों में एकीकृत करना राजनीतिक दलों को सतत विकास और वैश्विक नेतृत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है।

डब्ल्यू.एम.ओ. रिपोर्ट सामूहिक सार्वजनिक कार्रवाई शुरू करने को अनिवार्य बनाती है - कुछ-कुछ वैसा ही जैसा कि कोविड-19 महामारी के दौरान हुआ था।

इस चुनावी मौसम में, डब्लूएमओ रिपोर्ट का परिणाम न केवल पूरी मानवता के लिए, बल्कि विशेष रूप से सभी राजनीतिक दलों के लिए जागृत होना चाहिए। डब्ल्यूएमओ, संयुक्त राष्ट्र और वैज्ञानिक बिरादरी द्वारा व्यक्त की गई जलवायु परिवर्तन पर चिंता को राजनीतिक दलों को अपनी कार्य योजनाओं को स्पष्ट करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।पूर्व-औद्योगिक स्तर से औसत तापमान वृद्धि ह्0.12 डिग्री सेल्सियस की अनिश्चितता के मार्जिन के साथ 45 डिग्री सेल्सियस रही है। तापमान वृद्धि विभिन्न देशों द्वारा तय की गई 5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को तोड़ने के करीब है। डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट में कहा गया



है कि 2023 स्पष्ट अंतर से सबसे गर्म वर्ष था और जहां कई रिकॉर्ड टूट गए। समुद्र के तापमान में वृद्धि, ग्लेशियर पीछे हटने, अंटार्कटिक बर्फ के आवरण में कमी, ग्रह के चारों ओर समुद्र के स्तर में वृद्धि के रिकॉर्ड।2023 में दुनिया के महासागरों की गर्मी सामग्री रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई, जो अब तक दर्ज की गई महासागरीय गर्मी सामग्री का उच्चतम स्तर है। महासागरीय धाराओं की एक प्रणाली, अटलांटिक मेरिडियनल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन (एएमओसी) का धीमा होना। वैश्विक औसत समुद्र-सतह तापमान (एसएसटी) 2023 में रिकॉर्ड ऊंचाई पर था, कई महीनों में पिछले रिकॉर्ड महत्वपूर्ण अंतर से टूट गए। वैश्विक महासागर में औसत दैनिक समुद्री हीटवेव कवरेज 32त्न का अनुभव हुआ, जो 2016 में 23त्न के पिछले रिकॉर्ड से काफी ऊपर है। गर्मी की लहरें, मूसलाधार बारिश और उष्णकटिबंधीय चक्रवात जैसी चरम मौसमी घटनाओं की आवृत्ति बढ़ गई है। 2023 में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि हुई, नवीकरणीय क्षमता में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 50त्न की वृद्धि हुई। 18वीं सदी के मध्य से औद्योगिक प्रगति के प्रमुख चालक सभी क्षेत्रों में मशीनीकरण और प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार रहे हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद की अवधि में प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन काफी बढ़ गया है। प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग से प्रेरित प्रगति का पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भरता का जलवायु पर भारी प्रभाव पड़ा है। जीवाश्म ईंधन के उपयोग से ग्रीनहाउस गैसों का बड़े पैमाने पर उत्सर्जन हुआ है, जिससे सीधे वैश्विक तापमान में वृद्धि हुई है। भारत को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती करने और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की ओर बढ़ने के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी चाहिए क्योंकि देश पेरिस समझौते में उल्लिखित लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए काम कर रहे हैं। राजनीतिक दल अपने मंचों पर विशिष्ट नीतियों और कार्यों की रूपरेखा तैयार करके जलवायु परिवर्तन और इसके प्रभावों को संबोधित कर सकते हैं। इसके अलावा, भारत में चुनावी मौसम जलवायु परिवर्तन पर चर्चा को बढ़ाने और राजनीतिक दलों को पर्यावरणीय मुद्दों पर उनके रुख के लिए जवाबदेह बनाने का एक अनूठा अवसर प्रस्तुत करता है। मतदाताओं का अनुमान है कि जलवायु परिवर्तन के बारे में उनकी चिंताएँ बढ़ने पर राजनीतिक नेता अपने नीतिगत एजेंडे में स्थायी समाधानों को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। राजनीतिक अभियान महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चिंताओं पर लोगों के साथ बातचीत कर सकते हैं और जलवायु परिवर्तन कार्य योजनाओं को शामिल करके उन्हें हल करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखा सकते हैं।

जैसा कि भारत वैश्विक मंच पर अपनी सही जगह का दावा करना चाहता है और ÷अमृत काल÷ में एक दुर्जेय विश्व शक्ति के रूप में उभरना चाहता है, जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने में इसके नेतृत्व की प्रभावशीलता पर बारीकी से नजर रखी जाएगी। राजनीतिक स्पेक्ट्रम के पार, पार्टियां भारत की आर्थिक समृद्धि को आगे बढ़ाने और इसकी आबादी की भलाई में सुधार लाने के उद्देश्य से पहल को प्राथमिकता दे रही हैं। हालाँकि, कार्रवाई योग्य योजनाओं के माध्यम से जलवायु परिवर्तन की केंद्रीय चुनौती से निपटने के ठोस प्रयास के बिना राष्ट्रीय प्रगति के लिए कोई भी व्यापक एजेंडा अपर्याप्त होगा।

## एक नजर

### एनएमडीसी के निदेशक का बचेली दौरा



**बचेली 6 अप्रैल।** देश की प्रमुख लौह अयस्क उत्पादक नवरत्न कंपनी एनएमडीसी के निदेशक (उत्पादन) श्री दिलीप कुमार मोहंती का बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स के दो दिवसीय दौरे पर आगमन हुआ है। उनके आगमन पर बचेली परियोजना प्रमुख श्री बी वेंकटेश्वरलु के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दो दिवसीय दौरे की अवधि में निदेशक (उत्पादन) श्री मोहंती द्वारा परियोजना स्थित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठकें प्रस्तावित हैं। ज्ञातव्य है कि हाल ही में पूर्ण हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 में एनएमडीसी बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स ने रिकॉर्ड उत्पादन व प्रेषण का कीर्तिमान स्थापित किया है। इस श्रेष्ठ उपलब्धि के पश्चात एनएमडीसी के निदेशक (उत्पादन) यह का पहला बचेली दौरा है। निदेशक उत्पादन ने बचेली पहुंचने पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बचेली परियोजना के उत्पादन एवं प्रेषण में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हमारे अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के कुशल मार्गदर्शन एवं एनएमडीसी के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के कठिन परिश्रम का सुखद परिणाम है। एनएमडीसी लिमिटेड वर्तमान में 45 एमटी लौह अयस्क के उत्पादन की उपलब्धि प्राप्त कर चुका है एवं उत्पादन के क्षेत्र में अपने वृहद लक्ष्य अर्थात सन 2030 तक 100 एमटी लौह अयस्क उत्पादन को प्राप्त करने की ओर निरंतर अग्रसर है।

### स्व-सहायता समूह के सदस्यों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**उत्तर बस्तर कांकेर, 6 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा है। इसी के तहत आज जिले के ग्राम पंचायत धनेलीकन्हार में स्व सहायता समूह के सदस्यों ने स्वीप सहेली टीम के माध्यम से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया तथा गांव के मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदाता के लिए शपथ भी दिलाई गई।

### विभिन्न गांवों में श्रमिकों को मतदान के लिए दिलाई गई शपथ

**उत्तर बस्तर कांकेर, 6 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा है। इसी के तहत जिले के जनपद पंचायत चारामा के ग्राम पंचायत लखनपुरी, जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के ग्राम सुरुंगदाह, जनपद पंचायत कांकेर के ग्राम दशपुर, जनपद पंचायत नरहरपुर के ग्राम मानिकपुर और कोयलीबेड़ा के ग्राम पडेंगा में मनरेगा कार्यस्थल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उक्त कार्यक्रम में श्रमिकों को 'जागरूक रहेंगे मजदूर-मतदान करेंगे मजदूर' के नारे के साथ आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान दिवस 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से मतदान के लिए शपथ दिलाई गई।

### मतदान दलों का द्वितीय रैण्डमाइजेशन संपन्न

**उत्तर बस्तर कांकेर, 6 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कांकेर-11 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. एम.टी. रेजू तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह की उपस्थिति में आज अंतागढ़, भानुप्रतापपुर एवं कांकेर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के लिए गठित मतदान दलों के द्वितीय चरण का रैण्डमाइजेशन संपन्न हुआ। इस दौरान जिले के कांकेर विधानसभा के 240, अंतागढ़ विधानसभा के 221 एवं भानुप्रतापपुर विधानसभा के 266 और कोण्डागांव जिले के केशकाल विधानसभा क्षेत्र के 290 मतदान केन्द्रों के मतदान अधिकारियों के टीमों का रैंडमाईजेशन किया गया। इसी तरह माईक्रो आब्जर्वर के प्रथम चरण का रैण्डमाइजेशन भी आज सामान्य प्रेक्षक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर प्रखर चन्द्राकर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक मारबल, संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बीजापुर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने किया धुंआधार प्रचार

## मोदी की गारंटी और कार्यकर्ताओं के बल पर बीजेपी को मिलेगी विराट जीत

- **बीजापुर में जान का खतरे के बीच भी भाजपा कार्यकर्ता निडर होकर भाजपा का झंडा उठाए हुए हैं,यही बीजेपी की ताकत**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर 6 अप्रैल।** भाजपा लोकसभा चुनाव में अपनी पूरी शक्ति से प्रचार अभियान में लगी हुई है ,इसी क्रम में भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप का धुंआधार दौरा निरंतर जारी है। आज महेश कश्यप अपने बीजापुर विधानसभा प्रवास के दौरान भैरमगढ़ पहुंचे जहां भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों भाजपा प्रत्याशी का भव्य स्वागत किया,इसके बाद महेश कश्यप ने भैरमगढ़ में डोर टू डोर जन्मसम्पर्क कर भाजपा के लिए समर्थन मांगा । इसके बाद महेश कश्यप बीजापुर पहुंचे जहां भाजपा कार्यालय में भाजपाइयों ने उनका स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार मुदलियार ने कहा कि बस्तर लोकसभा में भाजपा को भरपूर जन समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगातार भाजपा कार्यकताओ की हत्या की जा रही ,परंतु उसके बाद भी हमारे कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प के साथ काम कर रहे है। श्रीनिवास मुदलियार ने कहा कि वह जिलाध्यक्ष होने के नाते अपने कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हैं कि सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर मेहनत करके इस बार बस्तर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप को भारी मतों से विजयी बनाने के संकल्प के साथ कार्य करें। भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने कहा कि लोकसभा के प्रत्याशी के रूप में यह उनका प्रथम बीजापुर प्रवास है ,और वह भाजपा कार्यकर्ताओं के किए स्वागत से अभिभूत हैं।

उन्होंने बीजापुर जिले में लगातार बीजेपी कार्यकर्ताओं की हत्या पर दुःख जताते हुए नक्सलियों कि आलोचन की। उन्होंने कहा कि बीजेपी नेताओं की निर्मम हत्या के बाद भी बीजापुर में उमड़ी भीड़ ने यह बता दिया कि बीजेपी कार्यकर्ता के हृदय में जो देशभक्ति का जज्बा है उसे कोई ताकत नहीं डरा मिटा सकती। बीजेपी कार्यकर्ताओं का यही साहस और शक्ति श्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के पद पर सुशोभित करेगा। महेश कश्यप ने कहा कि वह एक कार्यकर्ता के रूप में बीजेपी कार्यातांओं बीच सहयोग और आशीर्वाद मांगने पहुंचे हैं। उन्हें इस बात का पक्का विश्वास है कि मोदी की गारंटी और कार्यकताओं के परिश्रम से भाजपा बस्तर लोकसभा में विराट जीत दर्ज करेगी। इस दौरन पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ,आनंद मोहन मिश्रा,दीपक बाजपेयी,सुखलाल पुजारी,गोपाल सिंह पवार,मनोज ध्रुव,अजय सिंह,हरीश निषाद,बलदेव उरसा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

# मोदी की विभिन्न लाभकारी योजनाओं पर चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 6 अप्रैल।** जिला के छिंदगढ मंडल के भारतीय जनता पार्टी के सुकमा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे के निर्देशानुसार सुकमा जिला महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती पार्वती प्रधानी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत चिपुरपाल, बिरसठपाल, मुर्रेपाल ,पोंदुम, शक्ति केंद्र पाकेला में चाय पर चर्चा एवं प्रधानमंत्री माननीय मोदी की विभिन्न लाभकारी योजनाओं पर चर्चा किया गया एवं लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप को भारी मतों से विजय बनाने और फिर से एक बार-मोदी सरकार बनाने को लेकर लोगों से मिलकर पुनः इस बार भाजपा की सरकार बनाने के लिए संकल्प लिया वही भारतीय जनता पार्टी जिला सुकमा के द्वारा शक्ति केंद्र पकेला बूथ मे चाय पे चर्चा कार्यक्रम करते हुए ग्रामीणों के साथ बैठ कर प्रदेश व केंद्र की सरकार की योजनाओ के बारे मे समस्त ग्राम वासी को बताया गया जिसमे पकेला के समस्त कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे बिरसठपाल मे चाय पे चर्चा कार्यक्रम मे कई सारे लाभार्थियों से भी संपर्क किया गया जिसमे छतीसगढ़ की सरकार एवं केंद्र सरकार की योजनाओ जैसे महतारी वंदन योजना उज्जवला योजना प्रधानमंत्री आवास प्राप्त हितग्राहियो से मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव सांय का धन्यवाद ज्ञापित किया गया जिसमे पकेला शक्ति केंद्र पर सुकमा जिला महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पार्वती प्रधानी ने कहा की देश के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पुरे देश की जनता के लिए दीन रात काम कर रहे है और एक एक व्यक्ति के विकास के लिए प्रतिबद्ध है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक एक वयक्ति के लिए काम कर रहे हैं इस कार्यक्रम में मौजूद रहे भाजपा उपाध्यक्ष रामदेव नाग, राजेश पुजारी रामलाल ध्रुव, मुकेश नाग, महेश , एवं अन्य महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहे अबकी बार 400 पार पार्वती प्रधानी।

### लोकसभा निर्वाचन के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया प्रशिक्षण

**जगदलपुर 6 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्य को बेहतर तरीके से संपादन करवाने के लिए सभी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। माइक्रो ऑब्जर्वर को मतदान केंद्रों में होने वाली हर गतिविधियों को अवलोकन करने के संबंध में बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही मतदान में उपयोग होने वाले ईवीएम और वीवीपैट मशीन का भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी भरत कौशिक, एसडीएम सुब्रत प्रधान,मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

# निर्वाचन कार्य अति महत्वपूर्ण, इसे हल्के में न लें: सामान्य प्रेक्षक

- **नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर की निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा**



**उत्तर बस्तर कांकेर, 6 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-11 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. एम.टी. रेजू (आईएएस) के द्वारा आज शाम को नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक शासकीय सेवक के तौर पर सभी अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की पूरी कोशिश करते हैं, किन्तु निर्वाचन के दौरान अति महत्वपूर्ण और अलग प्रकृति के दायित्वों का निर्वहन किया जाता है। सामान्य प्रेक्षक ने आगे कहा कि चूंकि यह लोकतंत्र के प्रति बेहद जवाबदेही वाला कार्य है अतः इसे हल्के में लेने की भूल न करें और हमारी कोशिश यही हो कि किसी भी स्तर या किसी भी प्रकार की गलती न होने पाए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज शाम को आयोजित बैठक में सामान्य प्रेक्षक डॉ. रेजू सभी नोडल अधिकारियों को अपने जीवन का श्रेष्ठ परिणाम देने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने सभी नोडल अधिकारियो की ओर से निर्वाचन आयोग द्वारा सौंपे गये दायित्वों का बेहतर ढंग से निष्पादित करने की बात कही। इसके पहले, सामान्य प्रेक्षक ने क्रमवार जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदर्श आचरण संहिता एवं कानून व्यवस्था, संपत्ति विरूपण की अब तक की गई कार्यवाही से अवगत कराया। इसी तरह कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों की संख्या एवं वहां मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, ईव्हीएम की संख्या एवं रैण्डमाइजेशन, स्ट्रांग रूम आदि के बारे में बताया। इसके अलावा उन्होंने सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति एवं रूटचार्ट, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के कार्य, मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम, मतदान केन्द्रों की शिफ्टिंग, सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, वयोवृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशिष्ट सुविधाओं, डाक मतपत्र तथा निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र, अधिकारी-कर्मचारियों का डाटा बेस, सी-विजिल एप में शिकायत एवं निराकरण, कंट्रोल रूम स्थापना, वाहनों की उपलब्धता, मतपत्रों का मुद्रण के अतिरिक्त निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से संबंधित एफएसटी, एसएसटी, व्हीएसटी, व्हीव्हीटी, एलएमटी, वेब कास्टिंग आदि की जानकारी दी गई। साथ ही रैली-जूलूस आदि के आयोजन के लिए अब तक ली गई अनुमति के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर सर्वश्री एस. अहिरवार, बी.एस उईके, जितेन्द्र कुर्रे, जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल, सहायक कलेक्टर प्रखर चन्द्राकर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक मारबल सहित सहायक रिटर्निक ऑफिसर एवं नोडल अधिकारीगण मौजूद थे।

### शत प्रतिशत मतदान करने के लिए किया गया प्रेरित



**सुकमा, 6 अप्रैल।** स्वीप कार्यक्रम के तहत सुकमा जिले के कोण्टा ब्लॉक के अंतर्गत एर्राबोर, मरईगुडा, पोलमपल्ली, दुब्बाटोटा, गोरगुण्डा,भेज्जी, बण्डा सहित अन्य ग्राम पंचायतों में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मत का प्रतिशत बढाने के उद्देश्य से नवीन मतदाताओं को हस्ताक्षर पटल पर हस्ताक्षर पटल पर हस्ताक्षर कराया गया व शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाया गया।इसके अलावा ग्राम पंचायत मिसमा में नए मतदाताओं को जागरूक कार्यक्रम कर शत प्रतिशत मतदान करने का शपथ दिलाई गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस. एस के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल एवं कॉलेजों के सभी छात्र छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु रैली, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिताएं जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान करने हेतु मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

### बारसूर मंडल में चाय पर चर्चा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**गीदम 6 अप्रैल।** जिले के बारसुर मंडल में भाजपा महिला मोर्चा का चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमे बूथ क्रमांक 8 व 13 में लाभार्थी बहनों से मुलाकात की गई इसके साथ ही बूथ स्तर की बैठक भी आयोजित की गई जिसमे महिलाओं को सशक्त बनाने जैसे कई मुद्दों पर चर्चा की गई । भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता गुप्ता ने बताया कि महिलाओं को शशक्त बनाने के उद्देश्य से महिला मोर्चा द्वारा यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है । इसी क्रम में यह कार्यक्रम बारसूर मंडल में भी आयोजित हुआ जिसमें मंडल अध्यक्ष भुनेश्वर भारद्वाज, योगेश्वर पुजारी नगर पंचायत अध्यक्ष , जिला मंत्री जसवीर नेगी , सुनीता भास्कर , महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती ममता गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सरिता उइके, महिला मोर्चा महामंत्री पायल गुप्ता, महिला मोर्चा मंडल महामंत्री रामनाथ पुजारी जिला उपाध्यक्ष सुभद्रा नेगी मंडल उपाध्यक्ष केशव भारद्वाज युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि राजेश कुमार नाग ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र ठाकुर युवा मोर्चा मंडल प्रशिक्षण सह प्रमुख बूथ अध्यक्ष फुलेश्वर पुजारी पार्षद दिनेश्वरी माझी महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंद्रकला नील कुमारी राधे पुजारी शांति कश्यप सदस्य एवं सरपंच एवं मंडल के सभी वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता बहने एवं सभी लाभार्थी बहने भी उपस्थित थी ।

### चिकित्सा महाविद्यालय में रिसर्च मेथोडोलॉजी पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**रायपुर.6 अप्रैल।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर की साइंटिफिक कमेटी एवं मेडिकल रिसर्च यूनिट(एमआरयू) के संयुक्त तत्वावधान में पीजी प्रथम वर्ष के चिकित्सा छात्रों के लिए ओरियंटेशन प्रोगाम एंड रिसर्च मेथोडोलॉजी पर गुरुवार को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए रिसर्च कमेटी की सदस्य डॉ. मंजू सिंह ने बताया कि इससे पीजी छात्रों द्वारा किए जाने वाले शोध एवं अनुसंधान कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। शोध प्रविधि पर व्याख्यान देते हुए डॉ. मयूरी तेपाले ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा में शोध कार्यों का बहुत महत्व है। उन्होंने शोध कार्यों के विभिन्न प्रकारों की व्याख्या की। कार्यशाला में संस्था की साइंटिफिक कमेटी की सदस्य डॉ. निधि पांडे, डॉ. स्मित श्रीवास्तव, डॉ. मंजू सिंह, डॉ. मंजू अग्रवाल, डॉ. प्रतिभा जैन शाह, डॉ. वर्षा पांडे, डॉ. मान्या ठाकुर, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. योगिता राजपूत एवं मोनिका डेंगाणी ने शोध के विभिन्न आयामों एवं पहलूओं पर प्रकाश डाला। इस कार्यशाला में 140 पीजी छात्रों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वर्षा पांडे एवं प्रतिभा द्वारा किया गया।

### संवीक्षा के उपरांत 9 नामांकन विधिमान्य पाए गए

**उत्तर बस्तर कांकेर, 6 अप्रैल।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्र कांकेर के लिए अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त नाम-निर्देशन पत्रों की आज संवीक्षा की गई। संवीक्षा के उपरांत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र कांकेर के लिए प्राप्त कुल 10 नाम-निर्देशन पत्रों में से 09 अभ्यर्थियों के दस्तावेज विधिमान्य पाए गए। उक्त 09 अभ्यर्थियों में सर्वश्री तिलकराम मरकाम, बीरेश ठाकुर, भोजराज नाग, जीवनलाल मातलाम, थाकेश माहला, भोजराम मण्डावी, विनोद कुमार नागवंशी, सुकचंद नेताम और सोनसिंह के नाम शामिल हैं।

# कर्मा जयंती महोत्सव पर सुकमा जिला साहू संघ परिवार ने निकाली शोभायात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 6 अप्रैल।** शुक्रवार को भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर सुकमा जिला साहू संघ परिवार द्वारा नगर में शोभायात्रा निकाली गई। जिसने समाज के सभी व्यक्ति,महिला एवं सदस्यगण शामिल हुए। सुकमा जिला मुख्यालय में साहू समाज द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें कर्मा माता के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। सुकमा जिला साहू संघ के अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू ने बताया कि आज कर्मा जयंती के पावन पर्व पर पूरे छत्तीसगढ़ के समस्त जिला साहू संघ, तहसील साहू संघ, परिक्षेत्र साहू संघ एवं ग्रामीण साहू संघ द्वारा सुबह 11 बजे एक साथ माता कर्मा का भव्य आरती किया गया। आपको बता दें कि माता कर्मा भक्त शिरोमणी सेवा, त्याग, भक्ति समर्पण की देवी हैं। परम् आराध्य साध्वी भक्ति शिरोमणी मां कर्मादेवी देश-विदेश में सर्व साहू तेली समाज की आराध्य देवी कर्माबाई की गौरव गाथा जन-जन के मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से विगत हजारों वर्षो से चली आ रही है। इनका जन्म- संवत् 1073 सन 1017ई0 में पाप मोचनी एकादशी पर हुआ था। इस बार मां कर्मा देवी की जयंती 5 अप्रैल, शुक्रवार को मनाई गई। राजू साहू ने बताया कि मां कर्माबाई के जीवन से आत्मबल, निर्भीकता, साहस, पुरूषार्थ, समानता और राष्ट्रभावना की शिक्षा मिलती है। वे अन्याय के आगे कभी झुकी नहीं। उन्होंने संसार के हर दुःख-सुख को स्वीकारा और डट कर उसका मुकाबला किया। गृहस्थ जीवन पूर्ण सम्पन्नता के साथ यापन कर नारी जाति का सम्मान बढ़ाया। अपनी भक्ति से साक्षात् श्रीकृष्ण के दर्शन किए और अपनी गोद में लेकर बालकृष्ण को अपने हाथों खिचड़ी खिलाई।

इस दौरान जिला साहू संघ के सचिव गुप्तेश्वर गंगबेर, संरक्षक कन्हैया लाल साहू,कोषाध्यक्ष दयालूराम साहू, नगर अध्यक्ष टीकाराम साहू, जिला उपाध्यक्ष सेवकराम गुरुपंच, जेठराम साहू, महिला जिला उपाध्यक्ष श्रीमती प्रमिला साहू, डोमन साहू, तिलोचन साहू, तीरथ साहू,अधिकारी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष चमन लाल साहू, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कैलाश साहू, दोरनापाल तहसील अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, कोंटा तहसील अध्यक्ष रामनाथ साहू, छिंदगढ़ तहसील अध्यक्ष नरेश साहू, तोंगपाल तहसील अध्यक्ष घनश्याम साहू, गौतम साहू, चोवाराम साहू, मानस साहू, रूपेश साहू, ईश्वर साहू, खम्मन साहू, संतराम साहू, खोरबारा साहू, जितेंद्र साहू, महेश साहू, लालू साहू, लोकनाथ साहू, श्रीमती मोतिम बाई साहू,सोनिया साहू,सत्यभामा साहू, जानकी साहू, दसोदा साहू, सुनीता साहू, आरती साहू, रश्मि साहू,बबली साहू, यशोदा साहू, निन्नी साहू, लाला साहू एवं साहू समाज के पदाधिकारि व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को प्रधानमंत्री मोदी ने पहचानाः संतोष पांडे

**राजनांदगांव 6 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन भरने के बाद आज अपने क्षेत्र में धुआंधार चुनाव प्रचार में जुट गए ।मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज 5 अप्रैल को सांसद प्रत्याशी संतोष पांडे, कवर्धा बोड़ला के दो दर्जन से अधिक गांव में पहुंचकर मतदाताओं के बीच अपनी बाते रखी, इस दौरान वे कवर्धा के खैरबना, खुर्सीपार, जेताटोला, सुकवापारा, मंडलाटोला आदि गांव पहुंचे, जहां पर बड़ी संख्या में माताएं एवम बहने उपस्थित थी।महिला शक्ति की बड़ी संख्या को देखकर संतोष पांडे ने अपने उद्बबोधन में कहा की राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को मोदी जी ने ही पहचाना और पूरे देश में महिलाओं को समानता दिलाने वाली नीतियां बनाई, आज देश भर में माता बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर प्रदान किया गया। साथ ही महतारी वंदन योजना में प्रति माह एक हजार रूपए खाते में ट्रांसफर होने लगे है, कन्या भ्रूण हत्या पर कठोर कार्रवाई करते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को मोदी जी ने ही अस्तित्व में लाया।महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा पर कार्रवाई और उसका त्वरित निराकरण, मोदी जी के कार्यकाल में संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम महिलाएं तीन तलाक के कारण परेशान थी, इस पर कठोर कानून बनाकर इस ज्वलंत समस्या से महिलाओं को मुक्ति दिलाई, मेडिकल टर्मिनेशन आफ प्रेगनेंसी जैसे उपायों को लाकर कामकाजी महिलाओं को सहूलियत प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि आज देश की महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं, नौसेना वायु सेना में लड़ाकू महिला पायलट के रूप में शामिल हो चुकी हैं,उन्होंने कहा कि आज मोदी जी की दूर दृष्टि के कारण ही राष्ट्रपति जैसे बड़े पद पर एक आदिवासी महिला को सम्मानजनक स्थान दिया गया। इसी तरह आज प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं अपनी कला, क्षमता और कौशल का परिचय देते हुए सफलता के झंडे गाड़ रही हैं मोदी जी ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांव-गांव में शत प्रतिशत शौचालय बनवाया,जिससे महिलाएं कई प्रकार की बीमारियों से बची रही, और बीमार होने पर आयुष्मान योजना के तहत ?5 लाख रुपए का निशुल्क इलाज बड़े-बड़े प्राइवेट अस्पताल में करने की सुविधा भी प्रदान की, परंतु दुर्भाग्य का विषय है कि भूपेश बघेल ने 5 वर्ष के कार्यकाल में केंद्र सरकार की कई योजनाओं को लागू ही नहीं किया।

## एक नजर

### संवीक्षा के पश्चात 18 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य

**महासमुंद 6 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री प्रभात मलिक द्वारा आज न्यायालय कलेक्टर कक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 9 महासमुंद के लिए 19 अभ्यर्थियों से प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गई। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के बाद वैध रूप से नामांकित 18 अभ्यर्थियों का नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाया गया।वैध रूप से नामांकित अभ्यर्थियों में ताम्रध्वज साहू, इंडियन नेशनल कांग्रेस, श्रीमती रूपकुमारी चौधरी भारतीय जनता पार्टी, बसन्त सिन्हा बहुजन समाज पार्टी, सुखनंदन देशकर निर्दलीय, चम्पालाल गुरूजी धरती पकड़ राइट टू रिकॉल, संतोष दारचंद बंजारे निर्दलीय, मुकेश कुमार अग्रवाल निर्दलीय, नितेश कुमार रात्रे सुन्दर समाज पार्टी, गणेश राम ध्रुव हमर राज पार्टी, फरीद कुरैशी गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, महेश स्वर्ण लेबर पार्टी आफ इंडिया, प्रोफेसर सुरेश साहू निर्दलीय, धनसिंग कोसरिया राष्ट्रीय जनसभा पार्टी, नारद प्रसाद निषाद शक्ति सेना (भारत देश), डॉ. विरेन्द्र चौधरी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, ईश्वर मारकण्डे निर्दलीय, कालिया प्रसाद सेठ निर्दलीय एवं रेखराम बाघ निर्दलीय का नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाया गया। वहीं एक अभ्यर्थी मानिक, निर्दलीय का नाम निर्देशन पत्र अविधिमान्य पाया गया।ज्ञात है कि नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार 8 अप्रैल 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक है। संवीक्षा के दौरान नामांकन पत्र जमा करने वाले अभ्यर्थी व प्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मतदाता जागरूकता के लिए विश्वनाथ पाणिग्रही देंगे मतदाताओं को न्यौता



**महासमुंद 6 अप्रैल ।** स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाताओं को मतदान करने जागरूक करने के लिए जिला स्वीप आईकान डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही द्वारा न्यौता पत्र तैयार किया गया है। जिसका विमोचन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक द्वारा किया गया। इस कड़ी में जिला स्वीप आईकान डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही ने बताया कि हल्दी एवं पीले चावल का हमारे संस्कारों में विशेष महत्व होता है तथा जिस भी मतदाता को हल्दी पीला चावल लगा न्योता पत्र मिलेगा वह इस निमंत्रण को प्राप्त कर प्रसन्न होगा तथा निश्चय ही इसका सम्मान करते हुए मतदान करने जरूर जाएगा । उन्होंने सर्वप्रथम कलेक्टर श्री मलिक को मतदान आमंत्रण देकर इस अभियान की शुरुवात की। इसके पीछे सोच है कि इस तरह हर मतदाता को प्रेरित कर मतदान प्रतिशत को बढ़ाने नवाचारी पहल किया जा रहा है। इस अवसर पर सहायक नोडल अधिकारी स्वीप रेखराज शर्मा उपस्थित रहे। डॉ. पाणिग्रही के इस अभिनव कार्य के लिए श्री एस. आलोक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी जिला स्वीप समिति महासमुन्द, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निर्भय साहू ने सराहना की।

### पानी में डूबने से मासूम की मौत

**भिलाई।** भिलाई अंडा थाना क्षेत्र पानी में डुबने से मासूम बालक की मौत हो गई मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है अंडा पुलिस ने बताया कि तादुंला नदी में आयुष यादव 1 साल सुकलाभाठा थाना पापगढ जिला जांजगीर चापा निवासी का डूबने से मौत हो गई। परिवार में माता, पिता मजदूरी करने ईंट भट्ठा में जाते है। आयुष अपने माता के साथ नदी में नाहने गया था इस दौरान उसकी मां नदी में बर्तन साफ-सफाई कर रही थी खेलते खेलते ब्रालक नदी में के भीतर चला गया खोजबीन करने के बाद बालक का शव नदी से बरामद किया गया।

# न्यौता भोज में स्वादिष्ट भोजन पाकर बच्चों के खिले चेहरे





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 6 अप्रैल।** आत्मानंद स्कूल के बच्चो को जब आज न्यौता भोज के तहत आमंत्रित कर उन्हे स्वादिष्ट भोजन खिलाया गया तो उनके चेहरे खुशी से खिल गये। बच्चे तरह-तरह का पकवान खाकर बेहद खुश नजर आ रहे थे,आत्मानंद स्कूल की प्राचार्या श्रीमती तनु ठाकुर ने न्यौता भोज आमंत्रित किया था। दरअसल आज न्यौता भोज का आयोजन श्रीमती तनु ठाकुर के ससुर प्रभुचरण सिंह के जन्मदिवस पर आयोजित किया गया था,जिसे संपन्न कराने के लिए तनु ठाकुर के अलावा उनके पति ओम सिंह ठाकुर भी न्यौता भोज मे शामिल हुये। दरअसल यह परंपरा शासन के निर्देश के बाद लगभग हर स्कूलो मे संपन्न करायी जा रही है,जिससे बच्चे एक दिन बेहद स्वादिष्ट एवं पौष्टिक आहार पाकर खुश नजर आ रहे है। प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना के तहत न्यौता भोज आमंत्रित किया जाता है,आत्मानंद स्कूल मे आयोजित इस आयोजन मे स्कूली बच्चो के अलावा जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यक्रर्ता भी मौजुद थे,सभी ने एक छत के नीचे बैठकर स्वादिष्ट व्यंजनो का लुफ्त उठाया। स्कूल मे पदस्थ खेल शिक्षक अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि न्यौता भोज का आयोजन प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना के तहत किया जा रहा है। उनका कहना था कि न्यौता भोज एक तरह से शिक्षक एवं विद्यार्थी के बीच सामंजस का अनुठा प्रयास साबित हो रहा है,उनका कहना था कि एक दिन सम्मलित रूप से जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर भोजन करने से बच्चे बेहद उत्साहित है,शिक्षा के साथ-साथ उन्हे सामाजिक गतिविधियों के बारे मे भी जानकारी मिल रही है। प्राचार्या श्रीमती तनु ठाकुर का कहना था कि अक्सर लोग अपने खुशी के पर्व को परिवारजनो के साथ मनाकर या बिताकर स्वयं की खुशियां कुछ के बीच ही समेट लिया करते थे,परंतु प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना के तहत शासकीय स्कूलो मे होने वाले न्यौता भोज के बाद परिवार की खुशियां अनेक लोगो के साथ मिलकर बांटी जा रही है।

# फेसबुक फ्रेंड ने लड़की को बदनाम करने की धमकी देकर मांगे रूपये

**रायगढ़, 6 अप्रैल।** लैलूंगा पुलिस द्वारा किशोर बालिका को बदनाम करने और परिवारवालों को नुकसान पहुंचाने की धमकी देने वाले आरोपित युवक हर्षित यादव निवासी पत्थलगांव जशपुर को आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है ।

घटना को लेकर पिछले साल 01 अगस्त 2023 में बालिका के पिता द्वारा थाना लैलूंगा में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी लड़की का पत्थलगांव के हर्षित यादव से फेसबुक में परिचय हुआ । हर्षित यादव आये दिन लडकी पर भद्दे और अश्लील कमेंट्स कर परेशान करने लगा था जिसकी जानकारी लड़की अपने माता-पिता को बताई । लड़की के पिता ने हर्षित को मोबाइल पर कॉल कर समझाया किन्तु हर्षित नहीं माना और उसके बाद लड़की को और परेशान करने लगा। 01 अगस्त 2023 को हर्षित कॉल कर लड़की की शादी दूसरे के साथ नहीं होने दूंगा कह कर धमकी दिया और बदनामी से निजात पाने के लिये घरवालों से रूपयों की मांग करने लगा। लड़की के पिता के लिखित आवेदन पर थाना लैलूंगा में आरोपित हर्षित यादव के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।दूसरी ओर आरोपित को



अपराध पंजीबद्ध होने की जानकारी मिलने पर फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा क्राइम मीटिंग पर फरार आरोपी की शीघ्र पतासाजी, गिरफ्तारी के निर्देश एसडीओपी धरमजयगढ़ एवं थाना प्रभारी लैलूंगा को दिया गया था। निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगडे द्वारा फरार आरोपी की पतासाजी के लिये आरोपी के गांव आसपास आरोपी की सूचना देने मुखबीर लगाकर रखा गया था । कल मुखबीर सूचना पर आरोपी को उसके गांव के पास से हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी हर्षित यादव उर्फ हेंमत यादव पिता निधि यादव उम्र 21 साल निवासी ग्राम महुआटिकरा पत्थलगांव, जिला जशपुर से पूछताछ कर महत्वपूर्ण साक्ष्य की जप्ती कर उसकी विधिवत गिरफ्तारी कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी/गिरफ्तारी में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगडे, प्रधान आरक्षक संजय यादव और हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

### कर्मा जयंती के साथ ही जिले में मनाया जा रहा लोकतंत्र का पर्व

**धमतरी 6 अप्रैल ।** आज जिले में भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई जा रही है। वहीं लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए लोकतंत्र का पर्व भी जिले में बढ़-चढकर मनाया जा रहा है। इन दोनों ही पर्वों को जिलेवासी हर्षोल्लास से बना रहें हैं, घरों में रंग-बिरंगी आकर्षक रंगोली सजायी गई है, वहीं महिलाएं हाथों में मेहंदी सजायीं हैं तथा कलश यात्रा सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में हर कार्यक्रम के साथ ही साथ स्वविवेक से जिलेवासी लोकतंत्र का पर्व मनाकर अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। आज आयोजित कार्यक्रम में महिलाएं जहां कलश यात्रा निकालकर मतदाता जागरूकता संबंधी नारे लगा रहीं हैं, वहीं हाथों मेहंदी सजाकर अधिक से अधिक मतदान करने लोगों को प्रोत्साहित कर रहीं हैं।

# क्राइम कंट्रोल और एक्सीडेंट में कमी लाने समेत महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा

**रायगढ़, 6 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक रायगढ़ श्री दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा पुलिस नियंत्रण कक्ष में राजपत्रित अधिकारियों, थाना, चौकी प्रभारी तथा विभिन्न शाखा प्रभारी की बैठक ली गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा थानावर सभी थानों के लंबित अपराध, मर्ग, शिकायत, गुम इंसान, वारंटो की समीक्षा किया गया और प्रभारी को उनके यथाशीघ्र निकाल के संबंध में उचित मार्गदर्शन दिया गया है । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि होली में सभी अच्छी ड्यूटी किये जिससे जिले में कोई बड़ी घटना/दुर्घटना नहीं हुई । इसी प्रकार आगे भी हर प्रकार की ड्यूटी को गंभीरता से लें जिससे जिले की कानून व्यवस्था बनी रहे । पुलिस अधीक्षक द्वारा सामाजिक अपराधों पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने जुआ.सट्टा और अवैध मादक पदार्थों पर कार्रवाई जारी रखें । उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना पर कमी लाने विशेष कार्य योजना के साथ कार्य किया जा रहा है



अपने.अपने क्षेत्रों में यातायात जागरूकता कार्यक्रम के साथ आवश्यक कार्यवाही करें तथा थाना क्षेत्र अंतर्गत कंपनियों में गेट में ही वाहन चालकों के ब्रीथ एनालाइजर से ड्रायवरों की जांच की जा रही है या नहीं । इसकी जानकारी लेकर कंपनी प्रबंधक को निर्देशित करने कहा गया ।पुलिस अधीक्षक द्वारा मोटर साइकिल चोरी पर अंकुश लगाने, संपत्ति संबंधी अपराधों में शामिल आरोपियों की वर्तमान गतिविधियों की जांच के दायरे को और बढाने तथा सूचनातंत्र सुदृढ करने कहा गया। उन्होंने खरसिया, भूपदेवपुर रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा थाना क्षेत्र के प्रमुख चौक चौराहों में आवश्यकता अनुसार नये सीसीटीवी कैमरे लगाने और पुराने कैमरों को अपडेट करने के संबंध में निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा विगत माह की अपेक्षा अपराध, शिकायत की निकाल की स्थिति को संतोषजनक बताया और आगे इसे जारी रखने बताए। पुलिस अधीक्षक द्वारा लोक सभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्यों का निष्पादन करने और वारंटियों व फरार आरोपियों की अधिक से अधिक धरपकड़ के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला संबंधी अपराधों तथा आयोग एवं वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त शिकायतों को समयसीमा में निकल एवं हाईकोर्ट तथा अधीनस्थ न्यायालय से आये पत्रों व निर्देशों के पालन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने कहा गया ।

पुलिस अधीक्षक द्वारा बीते माह गंभीर अपराधों के फरार आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी के उल्लेखनीय कार्य के लिए 3 थाना प्रभारी निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर, निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, निरीक्षक राजेश जांगडे तथा रेडक्वीन होटल से ज्वेलरी की उठाईगिरी के आरोपियों की गिरफ्तारी में विशेष भूमिका के लिए साइबर सेल के आरक्षक प्रशांत पंडा और रविंद्र कुमार गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। क्राइम मीटिंग में उन्होंने थाना प्रभारी को अधीनस्थों को अच्छे कार्य करने प्रोत्साहित करने कहा गया ।

# सिंधू भवन में झूलेलाल जयंती 10 अप्रैल को

**भिलाई, 6 अप्रैल।** सिंधी ब्रादर मंडल कमेटी द्वारा सिंधी समाज के इष्ट देव साईं झूलेलाल जयंती 10 अप्रैल बुधवार को मनाई जाएगी । सिंधी ब्रादर मंडल के अध्यक्ष जय कुमार अम्बवानी ने बताया कि जयंती कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9ः30 बजे सेक्टर 4 में शरबत व प्रसाद वितरण से की जाएगी। झांकी प्रभारी राकेश नागदेव के अनुसार शाम 5 बजे सिंधू भवन से झूलेलाल जी की झांकी निकाली जाएगी जो सेक्टर 4 से सेक्टर 5 चौक तक जाएगी तथा इसी मार्ग से सिंधू भवन वापस आयेगी तथा आतिश बाजी भी की जाएगी । कार्यक्रम के प्रभारी रामकुमार ठाकुर व ठाकुर साधवानी द्वारा कार्यक्रम की बनाई रूपरेखा के अनुसार रात्रि 7ः30 झूलेलाल मंदिर में महाआरती की जाएगी और 8 बजे से सिंधी समाज के प्रतिभावान कलाकारों द्वारा मशहूर सिंधी गीतों पर आधारित अनेकों नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत की जाएगी। समाज के तरफ से सभी पंजीकृत सदस्यों को साईं झूलेलाल जी की मूर्ति निशुल्क प्रदान की जाएगी साथ ही साथ रमेश लालवानी समाज के होनहार बच्चों को शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित करने की तैयारी कर रहे हैं । कार्यक्रम के पश्चात समाज के उपस्थित सभी झूलेलाल के वैष्णव भक्तों के लिए भंडारे/लंगर ठंडाई ( थादल)की व्यवस्था संजय होतवानी के नेतृत्व में की जा रही है । सभी प्रतिभागियों को पुरुस्कार भी प्रदान किए जाएंगे । कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जी डी जसवानी, ए छबलानी, के डी वाधवानी, सुरेश रत्नानी, अशोक मूलचंदानी, दिलीप खटवानी, अनिल दावड़ा, अनिल पोपटानी, उद्धव दास दावड़ा, राजकुमार अंबवानी, अशोक खटवानी, नरेश माखीजानी, हरीश आर्य, सुरेश नागदेव, विजय जसूजा, कृष्णा कटारिया, राजकुमार खटवानी, संतोष मेहरचंदानी, दलपत नानकानी, लक्ष्मी नारायण राजानी, मनोज आहूजा, श्रीमती कीर्ति आर्य, मीना नागदेव, मंजू हेमराजानी, आंचल गोकलानी, कशिश मेहरचंदानी पिछले 12 दिनों से विशेष रूप से सक्रिय है । अध्यक्ष जयकुमार अम्बवानी एवं महासचिव मनोहर मलकानी ने समाज के सदस्यों से कार्यक्रम में शिरकत करने का आग्रह किया है ।



# बेहतर शिक्षा के लिए अच्छे शिक्षक एवं माता-पिता का सहयोग जरूरी:सरनजीत

**पत्थलगांव, 6 अप्रैल।** बेहतर शिक्षा के लिए अच्छे शिक्षको का ज्ञान के अलावा माता-पिता का शिक्षा के प्रति सहयोग भी बेहद जरूरी है। बच्चो की पहली पाठशाला घर होता स्कूल मे आकर उन्हे शिक्षा के साथ संस्कारो की कुंजी पढाई जाती है। यह बातें जोगपाल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सरनजीत सिंह भाटिया ने स्कूल के 14वें वार्षिक उत्सव समारोह के दौरान बच्चो के अभिभावक एवं अन्य उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुये कही। दिन गुरूवार की देर शाम रायगढ रोड स्थित जोगपाल पब्लिक स्कूल मे 14वां वार्षिक उत्सव के तहत नवरंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमे बतौर मुख्य अतिथी विद्वान पुरोहित पं.भक्ता महाराज के साथ गुरूद्वारा के ज्ञानी त्रिलोचन सिंह मौजुद थे। उसके अलावा कुलवंत सिंह भाटिया,कुलविंदर सिंह भाटिया,सरनजीत सिंह भाटिया,एडमिनिस्टेऊेटर मनजोत भाटिया,प्रिंसिपल जोगेन्द्र मेहर मौजुद थे। कार्यक्रम की शुरूवात मुख्य अतिथीयों के स्वागत के साथ शुरू हुयी। मुख्य अतिथी पं.भक्ता महाराज ने स्कूल की बेहतर शिक्षा के संबंध मे अपने विचार रखे। उनका कहना था कि शुरूवातकाल से ही स्कूल मे बच्चो को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करायी जा



रही है। ज्ञानी त्रिलोचन सिंह भाटिया ने कहा कि बच्चो को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराने मे शिक्षको के साथ-साथ उसे संचालित करने वाले संचालक का भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है। सरनजीत सिंह भाटिया ने हमेंशा शिक्षा को सर्वोपरी मानकर गरीब तबका के बच्चो को अच्छी शिक्षा उपलब्ध करायी। सांस्कृतिक आयोजन मे बच्चो ने एक से बढकर एक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी। हरियाणा नृत्य के साथ भांगडा,पंजाबी सॉंग,देशभक्ति नाटयमंचन एवं बौद्धिक विकास के अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये,जिसकी उपस्थित लोगो के अलावा अभिभावको ने भी काफी प्रशंसा की।।

**शिक्षा हुयी सम्मानित-:** स्टूडेंट ऑफ द ईयर क्लास 11वीं सुरभि पिता राजेश गुप्ता को दिया। फुल अटेंडेंस के लिए कक्षा तीसरी के प्रिंस सुमन, पिता मिस्टर कलाराम सुमन को दिया गया,बेस्ट क्लास ऑफ द ईयर कक्षा छठवीं क्लास टीचर श्रीमती रीमा प्रसाद को दिया उसके अलावा बेस्ट हाउस के लिए सतलुज हाउस( कैप्टन श्रीमती रीमा प्रसाद,रोहित मल्होत्रा, पायल शर्मा) को दिया गया,जोगपाल के कई विद्यार्थियों ने खेल खेलकूद मे अपना विशेष स्थान बना लिया है,जिसमें क्लास 12वीं के आर्यन पटेल इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट इन कराते,पिता राजेश पटेल,कक्षा 10वीं भास्कर पाठक नेशनल पार्टिसिपेट इन रेसलिंग पिता मनोज पाठक,कक्षा 9वीं से भूमिका खुंटिया नेशनल पार्टिसिपेट इन रेसलिंग पिता निर्मल खुंटिया को मेडल देकर सम्मानित किया।

# सर्चिंग के दौरान विस्फोटक के साथ 3 माओवादी गिरफ्तार, विस्फोटक सहित सामग्रियां जब्त

**बीजापुर, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान दिनांक 04/04/2024 को थाना गंगालूर, कोबरा 210 एवं केरिपु 85वी वाहिनी की संयुक्त टीम कोरचोली, डुवल लेण्ड्रा की ओर सर्चिंग पर निकली थी । अभियान के दौरान कोरचोली-लेण्ड्रा के जंगल से 03 संदिग्ध पुलिस पार्टी को देखकर लुकते छिपते भागने का प्रयास कर रहे थे जिसे संयुक्त पाटी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया ।1.सुदरू कुंजाम पिता लक्खू कुंजाम उम्र 24 वर्ष निवासी डुबल लेण्ड्रा थाना गंगालूर जिला बीजापुर 2.आयती पूनेम पिता सन्नू पूनेम उम्र 23 उम्र साकिन पेददापाल थाना गंगालूर जिला बीजापुर 3. मालती कुंजाम उम्र 22 वर्ष निवासी मुतवेंडी थाना गंगालूर जिला बीजापुरपकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना गंगालूर में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की सुसंगत धाराओं में वैधानिक कार्यवाही की गई । अभियान से वापसी के दौरान बुरजी से 02 फरार माओवादियों को पकड़ा गया । 1. आयतु पूनेम पिता मासा उम्र 35 वर्ष निवासी बुरजी थाना गंगालूर 2. एनकु पूनेम पिता लच्छु पूनेम उम्र 25 वर्ष निवासी पटेलपारा थाना गंगालूर पकडे गये फरार माओवादी आयतु पूनेम के विरूद्ध 02 स्थाई वारंट एवं एनकू पूनेम के विरूद्ध 01 स्थाई वारंट थाना गंगालूर में लंबित है । पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना गंगालूर में वैधानिक कार्यवाही के उपरान्त माननीय न्यायालय पेश किया गया है ।



### आईईडी ब्लास्ट व आगजनी में शामिल 2 माओवादी गिरफ्तार

**बीजापुर, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 04/04/2024 को थाना मोदकपाल की टीम ने गुड्डीपाल से 01 माओवादी कुरसम रामचन्द्रम पिता लछ्मा जाति दोरला उम्र 40 वर्ष निवासी गुडडीपाल थाना मोदकपाल को गुड्डीपाल से पकड़ा। पकड़ा गया माओवादी थाना मोदकपाल क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 07/04/2017 को चिन्नाकोड़ेपाल के पास मुख्य मार्ग पर पुलिस पार्टी को जान से मारने की नीयत से आईईडी ब्लास्ट करने की घटना, दिनांक 03/09/2017 को कांदुलनार के जंगल में पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने की घटना, दिनांक 19/10/2017 को ग्राम कांदुलनार के एक ग्रामीण का अपहरण कर हत्या करने की घटना एवं दिनांक 17/01/2018 को चिन्नाकोड़ेपाल-मुरकीनार रोड पर आईईडी ब्लास्ट करने की घटना में शामिल था। पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना मोदकपाल में 04 स्थाई वारंट लंबित है ।दिनांक 05/04/2024 को थाना मोदकपाल की टीम द्वारा नुकनपाल से 01 माओवादी मंगू तेलम पिता टोवका उम्र 28 वर्ष् जाति मुरिया निवासी नुकनपाल थाना मोदकपाल को पकड़ा गया। जो दिनांक 11/08/2008 को आवापल्ली मार्ग पर धारावारम के पास विद्युत विभाग के वाहन को रोककर डीजल टेंक फोड़कर आगजनी करने की घटना में शामिल था । उक्त के विरूद्ध थाना मोदकपाल में 01 स्थाई वारंट लंबित है पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना मोदकपाल में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।



### अतिसंवेदनशील क्षेत्रों के मतदाता भी करेंगे मतदान



**बीजापुर, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान का व्यापक असर देखने को मिल रहा है वहीं कलेक्टर द्वारा लगातार अंदरुनी और संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण से लोगों का लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति भरोसा बढ़ रहा है। जिसका ताजा उदाहरण आज जिला कार्यालय में देखने को मिला उसूर ब्लॉक के अतिसंवेदनशील पहुंच विहीन क्षेत्र पुजारी कांकेर के ग्रामीणों ने अपने विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर कलेक्टर से मिले। कलेक्टर ने उनकी मांगों से अवगत होकर आचार संहिता के पश्चात नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।इस अवसर पर कलेक्टर ने 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा आम निर्वाचन के मतदान में भाग लेकर स्वतंत्र निष्पक्ष और बिना किसी प्रलोभन में आए अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री केएस मशराम उपस्थित थे।

### 7500 मनरेगा मजदूरों ने ली लोकतांत्रिक मर्यादा बनाए रखने की शपथ

**बीजापुर, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में प्रतिदिन जिले के नगरीय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिता एवं गतिविधि आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत भागीदारी के संदेश को पहुंचाने के उद्देश्य से मनरेगा योजना के कार्यस्थल पर कुल 7 हजार 500 श्रमिको के द्वारा शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखने हेतु प्रलोभन के बिना , निर्भीक होकर मताधिकार का उपयोग करने की शपथ ली गई। गुरुवार को जिले की 125 ग्राम पंचायतों में कुल 9700 मनरेगा मजदूर कार्य किए हैं। जिनमें से खबर लिखे जाने तक 88 ग्राम पंचायतों में 7500 श्रमिकों द्वारा लोकतांत्रिक मर्यादा अनुरूप मताधिकार का प्रयोग करने हेतु शपथ ली गई। जिले में यह पहला अवसर है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन खेल कूद प्रतियोगिता के अलावा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान के संदेश को पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें ग्रामीण मतदाता खासकर महिलाएं बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं।



### हेल्पर से लूट

**भिलाई, 6 अप्रैल।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र में ट्रक के हेल्पर से लूट का सनसनीखेज मामला सामने आया है घटना तीन अप्रैल की रात की है ट्रक चालक सीमेंट लोड कर बालोद खाली करने जा रहा था खुर्सीपार में सिग्नल के पास देर रात टायर की हवा चेक करने हेल्पर उतरा तो वहां पर तीन बदमाशों ने अंधेरे का फायदा उठाते हुए उसके पास से 7200 रुपए, आधार कार्ड व ड्राइविंग लाइसेंस लूट लिया घटना के बाद बालोद में सीमेंट अनलोड करने के बाद खुर्सीपार थाने पहुंचकर हेल्पर ने शिकायत दर्ज कराई शिकायत पर खुर्सीपार पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ धारा 392 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि ग्राम अमडिहा पोष्ट परसवार थाना बहरी जिला सीधी निवासी अंकित बंसल पिता हीरालाल बंसल (19) कंडेक्टरी का कार्य करता है। वह अपने साथी ड्राईवर रोहित पाण्डेय के साथ राजस्थान ट्रांसपोर्ट बलौदाबाजार से ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीक्यू 7468 में सीमेंट लोड कर बालोद जा रहे थे रात करीबन 10ः10 बजे खुर्सीपार सिग्नल के पहले किराना स्टोर के पास रूके इसके बाद हेल्पर अंकित उतरकर ट्रक का हवा जांची और वहीं पर हेण्डपम्प से डिब्बे मे पानी भरा। पानी भरने के अंधेरे मे लघुशंका के लिए गया। इस दौरान पीछे से कुछ लोग आये जिनमें से एक ने अंकित का मुंह पकडा और दो लडकों ने उसके पैर पकड़ लिए। एक लड़का कह रहा था मोहित पैर को मजबूती से पकड और एक लडका बोला मुर्गेश उसके मुंह को ठीक से दबा तीनों बदमाश हेल्पर को अंधेरे गली में ले गये और उसके पास रखे 7200 रुपए, आधारकार्ड व चालक रोहित पाण्डेय का लाइसेंस लेकर भाग गए ।

## एक नजर

### सट्टा -पट्टी लिखने वाले तीन को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कसडोल, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार -भाटापारा के अन्तर्गत कसडोल पुलिस द्वारा नगर में सट्टा -पट्टी लिखने वाले तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सटोरियों से नगदी 13410 रुपए एवं 3 नग मोबाइल जब्त किया गया है। आरोपियों के नाम पूरन लाल साहू पिता स्वर्गीय ढुलूराम साहू उम्र 40 वर्ष निवासी चंडीपारा कसडोल, थाना कसडोल, राजाराम धीवर पिता सुदर्शन धीवर उम्र 35 वर्ष निवासी रामसागरपारा कसडोल, थाना कसडोल गणेशराम साहू पिता छतराम उम्र 42 वर्ष निवासी पुराना बस स्टैंड कसडोल, थाना कसडोल है।

### निर्वाचन कार्य के लिए अधिग्रहित वाहनों की राशि प्राप्त करने आवेदन आमंत्रित

**कसडोल, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर के एल चौहान निर्देश पर विधान सभा निर्वाचन 2023 के दौरान निर्वाचन कार्य हेतु अधिग्रहित वाहनों के ऐसे मालिक जिन्होनें अपना वाहन किराया प्राप्त नहीं किये है। वे एक सप्ताह के भीतर कार्यालयीन समय में वाहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर वाहन किराया की राशि जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। तथा उक्त अवधि के उपरांत प्राप्त दावों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा एवं अवितरित राशि शासन को समर्पित कर दिया जायेगा। तत्पश्चात संबंधित वाहन मालिक को वाहन किराया राशि का भुगतान नहीं होने की स्थिति में इस कार्यालय की कोई जवाबदारी नहीं होगी।

### 6 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशो के पालन में अविनाश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी निरीक्षक केसर पराग के निर्देशन में थाना लवन पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी कम में 4 अप्रैल को थाना लवन से प्रआर नान्हूराम नवरंगे, आर भुनेश्वर कोसले, महेश भारती एवं मआर सोनम भट्ट की पुलिस टीम द्वारा ग्राम कोनारी में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपीया से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 1200 रू. जप्त किया गया है। आरोपीया के विरूद्ध थाना लवन में अप.क. 177/24 धारा 34 (2) आब0 एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध की गई। आरोपीया का नाम सावित्री घृतलहरे पति राजेश घृतलहरे उम्र 36 साल निवासी ग्राम कोनारी थाना लवन है।

# मतदाता जागरूकता साइकिल रैली में शामिल हुए कलेक्टर-एसपी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 6 अप्रैल।** लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।इसी क्रम में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत साइकिल जागरूकता रैली का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित पं.चक्रपाणि स्कूल परिसर में किया गया। जिसमें कलेक्टर के एल चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी शामिल हुए। रैली को जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल रैली पं.चक्रपाणि स्कूल परिसर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, गार्डन चौक, जनपद पंचायत कार्यालय होते हुए पं.चक्रपाणि स्कूल परिसर में ही समाप्त किया गया। जिसमें बढ़ चढ़ कर विद्यालयों के छात्र- छात्राओं, खिलाड़ी, पुलिस कर्मचारी, अधिकारी कर्मचारी ने बड़ी संख्या हिस्सा लिया। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। कलेक्टर ने सभी को लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता के बारे में बताया एवं आगामी लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु सभी को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने भी सभी जिला वासियों से अपने मतदाधिकार के प्रयोग करने की अपील की हैं। इस मौके बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला खेल अधिकारी प्रीति बंछोर बिजौरा, तहसीलदार राजू पटेल, जनपद पंचायत सीईओ मंडावी, सीएमओ भोई सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने डबल लॉक स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**बलौदाबाजार, 6 अप्रैल।** कलेक्टर के एल चौहान ने शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के भूतल पर स्थित ट्रेजरी के डबल लॉक स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखे गए विभिन्न मूल्यों के ज्यूडिशियल एवं नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर, टिकट, फार्म का अवलोकन कर पंजियों में की गई प्रविष्टि का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने जिला कोषालय अधिकारी से स्ट्रांग रूम में उपलब्ध विभिन्न मूल्यों के न्यायिक एवं गैर न्यायायिक स्टाम्प पेपर तथा रसीदों के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली। जिला कोषालय अधिकारी जीपी घीदौडे ने बताया कि 500 रुपये के नॉन जुडिसियल स्टाम्प पेपर का कम उपयोग होने के कारण इसकी बडी मात्रा में उपलब्धता है जिसे वापस किया जाना है। उन्होंने बताया कि के रजिस्ट्री में ई- स्टाम्प पेपर का प्रचलन होने के कारण परम्परागत स्टाम्प पेपर की मांग काम है। इस दौरान कोषालय के अधिकारी - कर्मचारी मौजूद थे।



### जिला पुलिस ने लोकसभा चुनाव में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए की तैयारी

# जवानों ने किया बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 6 अप्रैल।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए, असामाजिक एवं अपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। साथ ही किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने एवं इस प्रकार की आशंकाओं को समाप्त करने के लिए प्रतिदिन एमसीपी लगाकर वाहनों की चेकिंग तथा विजिबल पुलिसिंग के तहत पुलिस बल द्वारा पैदल पेट्रोलिंग भी लगातार जारी है। इसी क्रम में 5 अप्रैल को प्रातः 07:00 से रक्षित केंद्र बलौदाबाजार में पुलिस बल के साथ बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास किया गया। यह अभ्यास करना इसलिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि आगामी लोकसभा चुनाव में किसी भी प्रकार की विकट स्थिति उत्पन्न होने एवं इसे रोकने के लिए पुलिस बल का प्रशिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। इस स्थिति में ड्यूटी में लगे प्रत्येक पुलिस अधिकारी/कर्मचारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों का क्या-क्या कर्तव्य रहेगा, यह उन्हें जानना अत्यंत आवश्यक है। अपने कार्यों के प्रति सजग एवं संपूर्ण जानकारी होने पर ही प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी अपना कार्य बहुत ही निपुणता से करेगा, जिससे शांति व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

बलवाड्रील में राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, उषा ठाकुर रक्षित निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस बल को बलवाईयों, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, मेडिकल टीम, अश्रु गैस टीम, राइफल पार्टी आदि टीमों का सजीव निर्माण कर बलवा ड्रील संबंधी समस्त दायित्वों का पूर्वाभास किया गया। सांथ ही इस दौरान निरीक्षक अजय झा, निरीक्षक रघुवीर ठाकुर आदि की टीम द्वारा थाना प्रभारी, विभिन्न पुलिस पार्टियों के प्रभारी अधिकारी के रूप में बलवा ड्रिल के समस्त प्रक्रियाओं की पूर्ति करते हुए पुलिस बल के साथ अभ्यास किया गया। आज बलवा ड्रिल अभ्यास प्रक्रिया में कुल 80 की संख्या में पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ऑनलाईन सट्टा संचालित करने वाला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददात)।** पुलिस ने ऑनलाईन सट्टा संचालित करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसी क्रम में 4 अप्रैल को एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बैकुंठ स्थित देशी शराब दुकान पास एक व्यक्ति अपने मछली दुकान पर लोगों को अपने मोबाईल फोन से ऑन-लाईन रूपये पैसों का दांव लगवाकर सट्टा संचालन कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट तथा थाना तिल्दा नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम विरेन्द्र जायवाल निवासी तिल्दा नेवरा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें मोबाईल फोन को चेक करने पर उसके द्वारा मोबाईल फोन में ऑन-लाईन सट्टा संचालित करना पाया गया।

# माता कर्मा की महाआरती में शामिल हुए विधायक इन्द्र साव

### सिटी सेंटर मॉल में प्रदर्शित धार्मिक हिंदी फिल्म मेरी माँ कर्मा भक्तों के साथ देखी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 6 अप्रैल।** नगर साहू समाज द्वारा माता कर्मा की 1008 वीं जयंती के पावन अवसर पर 5 अप्रैल को स्थानीय साहू छात्रावास, दानवीर भामाशाह चौक के पास समाजिक भवन में महाआरती कार्यक्रम में भाटापारा विधायक इन्द्र साव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। समामाजिक पदाधिकारियों द्वारा माता कर्मा प्रसादी (खिचड़ी) का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम के बाद विधायक इन्द्र साव के सौजन्य से स्थानीय सिटी सेंटर मॉल में प्रदर्शित धार्मिक हिन्दी फिल्म मेरी माँ कर्मा, साहू समाज के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं अन्य सहयोगियों के साथ स्वयं विधायक ने भी इस फिल्म को देखा। फिल्म देख कर विधायक ने इस फिल्म के निर्माता-निर्देशक व अन्य सभी फिल्म में काम करने वाले कलाकारों, गीतकार, संगीतकार आदि व इस फिल्म में योगदान देने वाले सभी की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर आपने कहां कि इस फिल्म को देखने वाली नई पीढ़ी को साहू समाज की इष्ट देवी माता कर्मा को जानने-समझने की सीख मिलेगी साथ ही दर्शकों के बीच भक्ति भाव की अविरलधारा भी प्रवाहित होगी, ऐसा मेरा सोचना है। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में सामाजिक जन व सर्व समाज के भी गणमान्य लोग उपस्थित रहें व सनातनी धार्मिक हिंदी ÷मेरी माँ कर्मा÷ फ़िल्म देखकर माता कर्मा के जीवन पर आधारित फिल्म की प्रशंसा किए।

### कलेक्टर ने की उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य की समीक्षा

# समय पर पूरा करें मूल्यांकन : चौहान



■ **अब तक 3 सौ शिक्षकों ने 48 हजार से अधिक कापियों का किया मूल्यांकन**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 6 अप्रैल।** कलेक्टर के एल चौहान ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर अंतर्गत हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य की समीक्षा की है। बैठक में चौहान ने 10 अप्रैल तक का समय निर्धारित करते हुए मूल्यांकन कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में चुनाव की गतिविधियां और अधिक बढ़ जाएगी अतः हमे दिए गए समय सीमा के पूर्व ही कार्य को पूर्ण कर लेना चाहिए। इसके साथ ही उन्होने गुणवत्ता युक्त मूल्यांकन सुनिश्चित करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती ने बताया कि शिक्षको का चुनाव संबधित ट्रेनिंग की वजह से मूल्यांकन कार्य थोड़ी धीमी हुई है फिर भी समय सीमा के भीतर कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। आज दिनांक तक हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के मूल्यांकन कार्य में लगभग 3 सौ शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसके द्वारा 48 हजार 280 कापियों का मूल्यांकन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उक्त बैठक में मूल्यांकन अधिकारी, केंद्र प्रभारी सहित शिक्षा विभाग के आला अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# समन्वय साहित्य परिवार का 29वां वार्षिक महोत्सव 7 को तिल्दा में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 6 अप्रैल।** तिल्दा नेवरा समन्वय साहित्य परिवार छत्तीसगढ़ का 29 वां भव्य वार्षिक महोत्सव इस वर्ष 7 अप्रैल 2024 को तिल्दा -नेवरा में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर समन्वय के 29 वें वार्षिकांक एवं अनेक कृतियों का लोकार्पण भी किया जायेगा।

प्रख्यात भाषाविद और विद्वान साहित्यकार डॉ. चित्तरंजन कर इस वृहद आयोजन के मुख्य अभ्यागत होंगे। बंजारीधाम ट्रस्ट के अध्यक्ष हीरा हरिरामानी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। वहीं विश्व हिन्दू परिषद छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष और प्रसिद्ध नेत्र सर्जन डॉ. ललित माखीजा, देश के प्रसिद्ध समकालीन नवगीतकार डॉ. अजय पाठक, उद्योगपति एवं समाजसेवी प्रेमचंद बगडिया, शिक्षाविद डॉ.उमाशंकर तिवारी तथा पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष शमनलाल इस आयोजन के विशिष्ट अभ्यागत होंगे। इस अवसर पर इन दिनों रायगढ़ के चर्चित कथाकार बसंत राघव सहित विभिन्न क्षेत्रों के आठ हस्ताक्षरों को समन्वय रत्न सम्मान 2024 प्रदान किया जाएगा। वहीं छत्तीसगढ़ कोकिला कही जानेवाली कोरबा की समर्थ कवयित्री संतोषी श्रद्धा महंत को प्रथम पं. लक्ष्मीनारायण शर्मा 'साधक' काव्य सम्मान से नवाजा जाएगा।

द्वितीय सत्र में डॉ.बलराम का योगेश्वर श्रीकृष्ण के जीवन के प्रेरक प्रसंगों पर आधारित सारगर्भित व्याख्यान होगा। वहीं संत मोहनलाल उदासी और मीना तलरिया द्वारा भक्ति संगीत की प्रस्तुति होगी। तत्पश्चात आमंत्रित कवियों द्वारा काव्यपाठ किया जाएगा। उल्लेखनीय समन्वय साहित्य परिवार छत्तीसगढ़ की आधारशिला डा.बलराम द्वारा बसंत पंचमी के दिन 4 फरवरी, 1995 को रखी गई थी। वर्तमान में इस अग्रणी संस्था की 21 शाखाएं संचालित हैं। समन्वय के इस भव्य आयोजन में सहभागिता के लिए सुदूर अंचलों से भी साहित्यकारों के पधारने की सूचनाएं मिली हैं। जबलपुर से ओंकारनाथ चतुर्वेदी, सलिल तिवारी, बीजापुर से बीरा राजबाबू 'प्रखर' सरगुजा से माधुरी जायसवाल आदि का आगमन हो रहा है। वहीं हिंदी के समकालीन चर्चित नवगीतकार डॉ.अजय पाठक भी विशिष्ट अभ्यागत के रूप में मंच को सुशोभित करेंगे। वहीं पूर्व सांसद तथा प्रसिद्ध क्रिमिनल लायर गोविंदराम मिरी भी इस आयोजन में सम्मिलित होंगे।

समन्वय साहित्य परिवार छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ.देवधर महंत और बिलासपुर केन्द्राध्यक्ष डॉ.गंगाधर पटेल 'पुष्कर' ने समन्वय से जुड़े सभी साहित्यकारों और कलाकारों से इस साहित्यिक यज्ञ में भाग लेने की विनम्र अपील की है। समन्वय केन्द्र तिल्दा - नेवरा द्वारा आगंतुकों के आवास और भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है।


**न्यायालय-न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, कोंडागांव, जिला-कोंडागांव (छ.ग.)**

प्रोसेस क्रमांक 253
प्रकरण क्रमांक 29/2023
पेशी तारीख 24.04.2024

**श्रीमती सविता वानरे ......आवेदिका**
**विरूद्ध**
**श्री भागवत प्रसाद यादव ....अनावेदक**
**प्रति,**
**श्री भागवत प्रसाद यादव**
**पिता श्री सीताराम यादव**
**आयु 55 वर्ष**
**पता रेस्ट हाउस के पीछे,**
**जांजगीर चांपा तहसील व पोस्ट व थाना जांजगीर जिला जांजगीर चांपा छ.ग.**

आवेदिका श्रीमती सरिता वानरे ने आपके विरूद्ध धारा 125 द. प्र. सं. भरण पोषण की राशि हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आपको इस न्यायालय में **पेशी तारीख 24.04.2024 को 11.00 बजे धारा 125 द. प्र. सं.** का जवाब देने के लिए उपस्थित होने के लिए समंन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित हो।

आपको सूचित किया जाता है कि, यदि आप उपर बताये तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

टीपः- यदि किसी कारणवश उक्त सुनवाई तिथि को कार्य सीगित हो जाता है अथवा सार्वजनिक अवकाश होता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जायेगी

अतः आज **दिनांक 01.04.2024** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**(श्रीनारायण सिंह)**
**न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव**
मुहर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202403092100040
अ/2 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुधांशु कांत बक्शी पिता चन्द्रकांत बक्शी जाति कायस्त निवासी भगतसिंह वार्ड नंबर 19 थाना चौक डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम कल्याणपुर, प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. लाल बहादुर नगर, में खसरा नंबर 19/2 रकबा 0.20 एकड़, 0.081 हे. भूमि स्थित है। आवेदक द्वारा ग्राम कल्याणपुर, प.ह.नं. 37, रा.नि.मं. लाल बहादुर नगर तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव में भूमि खसरा नंबर 19/2 रकबा 0.20 एकड़/0.081 हे. भूमि को वेयर हाऊस गोदाम प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनाँक 08/04/2024 तक स्वंय उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ (छ.ग.)**
मुहर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202403092100081/
अ/6 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अनिकेत मेश्राम पिता जीवन मेश्राम, निवासी बुधवारी पारा, वार्ड नंबर 13 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के दादा स्वर्गीय कोड़िया मेश्राम पिता बुध्दु मेश्राम के नाम पर नजूल नगर डोंगरगढ़ में शीट क्रमांक 7, भूखण्ड क्रमांक 2124/4 क्षेत्रफल 828 वर्गफुट भूमि एवं पक्की होटल स्थित है। आवेदक के दादा स्व. कोड़िया मेश्राम की मृत्यु दिनांक 31/12/2019 को डोंगरगढ़ में निवास करते हो गई है। आवेदक के दादा स्व. कोड़िया मेश्राम द्वारा निष्पादित इच्छा पत्र (वसीयतनामा) दिनांक 04/02/2016 के अनुसार आवेदक उपरोक्त भूमि एवं होटल का एक मात्र स्वामी घोषित किया गया है। आवेदक द्वारा उपरोक्त वसीयतनामा के आधार पर नजूल शहर डोंगरगढ़ में शीट क्रमांक 7 भूखण्ड क्रमांक 2124/4 क्षेत्रफल 828 वर्गफुट पर स्व. कोड़िया मेश्राम का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 10/04/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 15/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़ (छ.ग)**
मुहर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202403092100082
अ/6 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अनिल परमार पिता केशवलाल परमार, जाति गुर्जर, निवासी राधिका नगर वार्ड नंबर 21 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के द्वारा अनावेदक गगनदीप सिंह भाटिया पिता रजपाल सिंह भाटिया जाति सिक्ख निवासी वार्ड नंबर 13, डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव से नजूल नगर डोंगरगढ़ शीट क्रमांक 2. भूखण्ड क्रमांक 1271/3 में से 177 वर्गफीट दुकान भूमि को विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय कर कब्जा प्राप्त कर लिया है। आवेदक उपरोक्त विक्रयपत्र के आधार पर अब उक्त भूमि का स्वामी है। नजूल नगर डोंगरगढ़ शीट क्रमांक 2, भूखण्ड क्रमांक 1271/3 में से 177 वर्गफीट पर अनावेदक का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनाँक 10/0.4/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 15/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़ (छ.ग)**
मुहर

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202403092200051**

**विषयः- ब-121**
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
**सनः- 2023-2024**
**डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ (हे.) ]**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार- रमन डोंगरे,**
**अनावेदक पक्षकार-**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमन डोंगरे आ. प्रभू डोंगरे जाति महार सा. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्र हृदम आ. रमन डोंगरे का जन्म दिनांक 15.11.2016 को स्थान ग्राम डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 10.04.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/03/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार डोंगरगढ़**
मुहर

## एक नजर

### अस्पताल परिसर से कैदी फरार

**रायपुर, 6 अप्रैल।** मेकाहारा अस्पताल के कैंसर सर्जरी विभाग से एक कैदी हथकड़ी सहित फरार हो गया। मामले में मौदहापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रिंस सोनी केंद्रीय जेल जगदलपुर में प्रहरी है। बताया जाता है कि सजायाबी कैदी आरोपी संजय सिंह 40 वर्ष कैंसर बीमारी से पीड़ित है। जिसे प्रार्थी ने इलाज करवाने के लिए मेकाहारा अस्पताल के कैंसर सर्जरी विभाग में लाया था। जहां आरोपी संजय सिंह ने पुलिस को चकमा देकर हथकड़ी सहित फरार हो गया। प्रार्थी ने इसकी शिकायत मौदहापारा थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 224 के तहत अपराध दर्ज कर पतासाजी कर रही है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 6 अप्रैल।** जय हिन्द चौक लोधीपारा में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सैलेन्द्र इंगले 55 वर्ष जयहिंद चौक लोधीपारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीआर 0743 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 8 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### 6 सटोरिए चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 6 अप्रैल।** सरस्वती नगर और मौदहापारा पुलिस के टीम ने आईपीएल क्रिकेट मैच का सट्टा खिलाते 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लेपटाप, 8 नग मोबाइल और सट्टा-पट्टी जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इतवारी बाजार चौक कोटा में दबिश देकर आईपीएल मैच में सट्टा खिलाते आरोपी आशु शर्मा 31 वर्ष व मुकेश राव 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 1 नग लेपटॉप, टीवी, 6 नग मोबाईल जब्त किया है। वहीं मौदहापारा पुलिस ने आदित्य होटल के पास ऑनलाइन सट्टा खिलाते आरोपी अभिषेक गोयल 28 वर्ष, पियूष जैन, आसु गुप्ता व अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से 2 नग मोबाइल, नकदी 1100 रुपए और सट्टा-पट्टी जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सरेआम शराब पीते 24 पकड़ाए

**रायपुर, 6 अप्रैल।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर पुलिस ने साइंस कॉलेज मैदान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी सुनील जेठानल 29 वर्ष, अंकीत पाठक 31 वर्ष व हरीश बेहरा 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं कोतवाली पुलिस ने आरोपी सैलेश जैस 47 वर्ष, अतीक शर्मा 37 वर्ष, पवन अग्रवाल 59 वर्ष व अनुपम जाधव 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह टिकरापारा पुलिस ने आरोपी विवेक सिंह 28 वर्ष व विष्णु साहू 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गंज पुलिस ने आरोपी उमेश महिलांगे 24 वर्ष, आमानाका पुलिस ने आरोपी मुकेश कुमार बंजारे 28 वर्ष एवं आजाद चौक पुलिस ने आरोपी भेकेश तुर्कर 32 वर्ष, सौरव पाल 25 वर्ष व सुरेश गौतम 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह कबीरनगर पुलिस ने आरोपी लिखेंदर साहू 24 वर्ष व तोमश मरकाम 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 6 अप्रैल।** राखी और खरोरा पुलिस ने अवैध शराब बेचते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 47 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 360 रुपए जब्त किया है। राखी पुलिस ने सेक्टर 28 नवागांव में अवैध शराब के साथ आरोपी करण बारले 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 12 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 360 रुपए जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी टिकेश्वर विश्वकर्मा 32 वर्ष के पास से 35 पाव देशी शराब जब्त किया है।

# अभ्यर्थियों की उपस्थिति में ईवीएम का होगा मॉकपोल

## कंट्रोल यूनिट में दर्ज मतों की संख्या का मिलान वीवीपैट की पर्ची से होगा

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 6 अप्रैल।** राज्य में लोकसभा के तीन चरणों में होने वाले चुनाव के लिए ईवीएम व वीवीपैट का परीक्षण उच्च मानकों के तहत कर लिया गया है। वर्तमान में 24 हजार मतदान केंद्रों के लिए एक लाख 24 हजार 66 मशीन उपलब्ध है। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के सामने इसका प्रथम रेण्डमाइजेशन कर लिया गया है।

छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण में बस्तर, द्वितीय चरण में राजनांदगांव, महासमुंद, कांकेर के विभिन्न केंद्रों में क्रमशः 19 व 26 अप्रैल को मतदान होगा। राज्य में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा सभी जिलों में वाहनों की उपलब्धता सहित अन्य बिन्दुओं पर जानकारी ली जा रही है। इसके अलावा व्यय प्रेक्षक भी खर्चों का ब्यौरा ले रहे हैं। उपरोक्त सभी लोकसभा क्षेत्रों में व्यय के अलावा सुरक्षा प्रेक्षक पहुंच चुके हैं। तृतीय चरण के तहत सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग एवं रायपुर में चुनाव के लिए 12 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी। यहां विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशी घोषित कर दिए गए हैं।

### एक लाख 24 हजार ईवीएम उपलब्ध

राज्य में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की पर्याप्त संख्या उपलब्ध है। बैलेट यूनिट 52 हजार 719, कंट्रोल यूनिट 33 हजार 297 और वीवीपैट 38 हजार 50 उपलब्ध है। इस प्रकार मशीनों की संख्या 1 लाख 24 हजार 66 है। आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम तथा वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच कर ली गई है। राजनीतिक दलों के सामने यह जांच एक बार फिर से की जाएगी। इसे ईवीएम की कमिशनिंग कहा जाता है। अभ्यर्थियों के समक्ष यह प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके प्रचालन प्रणाली से अवगत होने प्रोत्साहित करें। ईवीएम की निष्पक्ष कार्य प्रणाली से संतुष्ट हो सकें। मतदान हेतु ईवीएम तैयार करते हुए रेण्डम रूप से चयनित ईवीएम का अभ्यर्थियों की उपस्थिति में मॉकड्रिल कराया जाएगा जिसमें कंट्रोल यूनिट में दर्ज मतों की संख्या का मिलान वीवी पैट में पाए गए पेपर स्लीप से किया जाएगा। आयोग को भारत निर्वाचन आयोग से बड़ी संख्या में बैट्री प्राप्त हो चुकी है। इलेक्ट्रॉनिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के इंजीनियर इसका परीक्षण कर रहे हैं। यदि ईवीएम में तकनीकी खराबी आती है तो अधिकारियों के पास अतिरिक्त मशीनें होंगी। जोनल एवं सेक्टर अधिकारी इस बात का ध्यान रखेंगे। जिलों में इस समय अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण अब अन्य जिलों में भी चल रहा है। ज्ञात रहे छत्तीसगढ़ में कुल 11 लोकसभा सीट हैं। इसके लिए 11 रिटर्निंग एवं 90 सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अधिसूचित किए जा चुके हैं। राज्य में लोकसभा के चुनाव तीन चरण में होंगे। पूरे देश में मतगणना 4 जून को होगी।

# भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया

## बूथ स्तर पर हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, विधायक व कार्यकर्ता शामिल

- राष्ट्रीय महामंत्री शिवप्रकाश ने की शिरकत

मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 6 अप्रैल।** भाजपा का 45वां स्थापना दिवस आज पूरे भारतवर्ष सहित छत्तीसगढ़ में मनाया जा रहा है। रायपुर में राष्ट्रीय महामंत्री शिवप्रकाश शामिल हुए। बूथ स्तर पर मनाए जाने वाले इन कार्यक्रमों में घर-घर झंडा लगाया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस होने के कारण आज मुख्यमंत्री, मंत्री सहित विधायकों को अलग-अलग जिलों में विभिन्न कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए भेजा गया है। राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय महामंत्री शिवप्रकाश सिंह शामिल हुए। उन्होंने गैरकांग्रेसवाद से लड़ने के लिए भाजपा की स्थापना करने की बात कही। मोदी की गारंटी सहित अन्य घोषणाओं पर भी अमल करने का वायदा किया। प्रचार-प्रसार देख रहे लोकेश कावड़िया ने बताया कि अनेक स्थानों पर कार्यक्रम हुए हैं। अभनपुर में स्थानीय विधायक के अलावा भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर में भगवा ध्वज फहराया।

**मोहन यादव एवं मोदी की सभा :** भाजपा के प्रसार प्रभारी लोकेश कावड़िया ने बताया कि भाजपा की स्थापना दिवस होने के कारण केंद्रीय मंत्री अमित शाह का दौरा कार्यक्रम स्थगित हो गया है। अब मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव कवर्धा आएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा आठ अप्रैल को कोण्डागांव के समीप एक गांव में आयोजित की गई है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में होने वाली इस सभा के देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। भाजपा के अन्य स्टार प्रचारकों के शीघ्र आने की भी जानकारी मिली है। बस्तर में प्रथम चरण के तहत मतदान 19 अप्रैल को होगा। बस्तर में कांग्रेस के कवासी लखमा चुनाव मैदान में जबकि भाजपा से महेश कश्यप अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

**विकास उपाध्याय ने ली बैठक:** कांग्रेस के रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। उन्होंने कांग्रेस भवन में एक बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को चार्ज किया है। भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल भी विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में बैठक ले रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे जीत के प्रति आश्वस्त हैं लेकिन लीड ज्यादा से ज्यादा होनी चाहिए।

## लाईफस्टाईल का विस्तार, मिलेगा रायपुर को नया अनुभव

**रायपुर 6 अप्रैल।** लेटेस्ट ट्रेंड्स के लिए भारत के अग्रणी फैशन स्टोर, लाईफस्टाईल ने सिटी सेंटर पंडरी, रायपुर में अपना नया स्टोर लन्च किया है। यह स्टोर दो मंजिलों में 24,000 वर्गफीट में फैला है और फैशन रिटेल के लिए विकसित होते बाजार, रायपुर में लाईफस्टाईल का दूसरा स्टोर है। लाईफस्टाईल के इस नए स्टोर में ग्राहकों को शपिंग का सुगम अनुभव मिलेगा। उन्हें यहाँ 100 से ज्यादा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड्स और लेटेस्ट ट्रेंड्स उपलब्ध होंगे। इस नए स्टोर के बारे में श्री देवराजन अइयर, एग्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर एवं चीफ एग्ज़िक्यूटिव अफिसर, लाईफस्टाईल ने कहा सिटी सेंटर पांडरी, रायपुर में हमारे दूसरे स्टोर की शुरुआत यहाँ के जीवंत समुदाय के लिए शपिंग का अनुभव बेहतर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। हमें लाईफस्टाईल के उत्पादों की विशाल श्रृंखला यहाँ पेश करने की खुशी है, ताकि हम अपने ग्राहकों की विभिन्न तरह की रुचियों और पसंदों को पूरा कर सकें। यहाँ क्योरेटेड फैशन लाईस, नए ब्रांड्स का संग्रह, लेटेस्ट फैशन का प्रदर्शन करने वाली विशाल डिजिटल स्क्रीन और बेस्ट इन-क्लास स्टोर फिक्सचर्स का अनुभव प्राप्त होगा, जिनके कारण लाईफस्टाईल स्टोर शहर में शपिंग के लिए अग्रणी फैशन डेस्टिनेशन है। इस स्टोर में ग्राहकों को अग्रणी फैशन ब्रांड्स की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी।

# कांग्रेस का चुनावी घोषणापत्र सफेद झूठ : किरणदेव सिंह

**रायपुर 6 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी कांग्रेस के घोषणापत्र को सफेद झूठ का एक और मायावी दस्तावेज निरूपित किया है। श्री देव ने कहा कि दरअसल कांग्रेस नेतृत्व आज अपने राजनीतिक वजूद को बचाने की सबसे विफल कोशिश कर रहा है और फिर भी अपनी सत्ता पाने की लालसा में पाँच न्याय और 25 गारंटियों के नाम पर मुंगेरीलाल के हसीन सपने सजा रहा है। श्री देव ने कहा कि कांग्रेस ने वस्तुतः कभी देश की जनता का भला नहीं सोचा। एक परिवार की परिक्रमा करके अपने सबसे बुरे दौर में पहुँच चुकी कांग्रेस अब चाहे जितने सपने सजा ले, चाहे जितने सब्जबाग दिखा दे, देश की जनता अब कांग्रेस पर कतई भरोसा नहीं करने वाली है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि देश अब सोनिया-राहुल-प्रियंका की हवा-हवाई जुमलेबाजी पर नहीं, बल्कि केवल 'मोदी की गारंटी' पर भरोसा कर रहा है, क्योंकि पिछले 10 साल में देश के हर समाज और हर वर्ग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम, सशक्त और सुविचारित नेतृत्व में अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हुआ है और देश के साथ-साथ प्रदेश की जनता तक उन योजनाओं का पूरा लाभ भी पहुँचा है। केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभ से छत्तीसगढ़ की जनता को वंचित रखने का षड्यंत्र करके कांग्रेस की भूपेश सरकार जब अपनी ही पार्टी के किए हुए वादों से गंगाजल की सौगंध खाकर भी निर्लज्जता के साख साफ मुकर गई थी, तो अब उसके पाँच न्याय और 25 गारंटियों पर कौन ऐतबार करेगा? श्री देव ने कहा कि कांग्रेस चाहे जितनी गारंटी दे दे, देश की जनता अब मोदी की गारंटी के साथ है, क्योंकि मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी है। कांग्रेस की गारंटी पूरी तरह झूठ का पुलिंदा और येन-केन-प्रकारेण सत्ता हासिल करने षड्यंत्र है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि जिस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों की दुहाई देकर एमएसपी को कानूनी गारंटी देने का झाँसा कांग्रेस किसानों को देने में लगी है, वह कांग्रेस पहले देश को यह बताए कि इस आयोग की सिफारिशों को कांग्रेसनीत यूपीए की केंद्र सरकार ने सालों तक क्यों दबाए रखा था?

# कृषि विवि के हॉस्टल में छात्रा ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**रायपुर 6 अप्रैल।** इंदिरा गांधी कृषि विवि में शुक्रवार को एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 22 वर्षीय चेतना पटेल बीटेक एग्रीकल्चर चतुर्थ वर्ष की छात्रा थी। सुबह करीब 12 बजे नास्ते के बाद सभी छात्राएं अपने कमरों में लौट गईं। मृतिका ने भी सभी के साथ सुबह नास्ता किया। दोपहर के खाने के लिए वो बाहर नहीं आई। इसके बाद जब शाम को नास्ते के दौरान पर भी वह बाहर नहीं आई तो छात्राओं ने उसका दरवाजा खटखटाया। दरवाजा नहीं खोले जाने के पर छात्राओं ने वार्डन को इसकी जानकारी दी। कमरे में झांककर देखने पर मामले का पता चला। इसके पश्चात प्रबंधन और पुलिस को सूचना दी गई। घटना के बाद से ही देर रात तक हॉस्टल के बाहर छात्रों की भीड़ लगी रही।तेलीबांधा थाने के एएसआई संतोष यादव के अनुसार,आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। फांसी लगाने के लिए छात्रों ने अपने दुपट्टे का इस्तेमाल किया है। छात्रा द्वारा किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं छोड़ा गया है। छात्रा के परिजनों को सूचना दे दी गई है। वे रायपुर पहुंच चुके हैं। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। जांच के बाद ही कारण स्पष्ट हो सकेगा। छात्रा कुछ दिन पूर्व ही होली की छुट्टी से घर लौटी थी।

# चंद्रशेखर शुक्ला भाजपा में भूपेश को बताया गोबर चोर



**रायपुर, 6 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला ने पार्टी छोड़ दी है। वे आज कवर्धा की सभा में भाजपा में शामिल हो गए।उन्होंने इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को गोबर चोर बताया। शुक्ला के साथ ही किसान कांग्रेस के दो बड़े नेता शोभाराम कश्यप, और सिद्धार्थ चंद्रा भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर लिए। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री रहे चंद्रशेखर शुक्ला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के लिए बड़े नेताओं को जिम्मेदार ठहराते हुए चिट्ठी भी लिखी थी। शुक्ला महासमुंद सीट से टिकट के दावेदार भी थे। मगर पार्टी ने उनकी जगह पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को प्रत्याशी बना दिया। इसके बाद शुक्ला ने अपने प्रोफाइल से कांग्रेस का लोगो हटा दिया था, और उनके भाजपा में जाने की अटकलें लगाई जा रही थी। चंद्रशेखर शुक्ला का अमित शाह की सभा में भाजपा में प्रवेश होना था, लेकिन अमित शाह का आना टल गया। उनकी जगह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सभा हुई। कश्यप, और चंद्रा किसान कांग्रेस के पदाधिकारी हैं।

### निर्माणाधीन मकान से हजारों के सामान पार

**रायपुर, 6 अप्रैल।** वृंदावन कालोनी खम्हारडीह स्थित निर्माणाधीन मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आशीष आसाटी 35 वर्ष वृंदावन कालोनी खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने 22 से 23 मार्च के दरम्यानी प्रार्थी के निर्माणाधीन मकान का ताला तोड़कर कमरे के अंदर प्रवेश किया और ग्राइंडर, ड्रील, हेम्बर मशीन को पार कर दिया।

# आगजनी पर बैज का राजनीति करना ठीक नहीं: साव



**रायपुर 6 अप्रैल।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने शनिवार को अनेक मुद्दों पर अपना बयान दिया है. इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के बयान पर पलटवार किया. डिप्टी सीएम साव ने गुढ़ियारी सब डिवीजन में आगजनी पर पीसीसी चीफ दीपक बैज के बयान पर कहा कि इस घटना पर जो लोग राजनीति कर रहे हैं वह ठीक नहीं है. साथ ही नेताप्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत पर हुए एफआईआर पर कहा कि हमने पहले ही इसकी निंदा की थी कार्रवाई होगी. वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रोग्राम रद्द होने पर कांग्रेस के दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए जमकर निशाना साधा है.

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से पीएम मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल हुआ है हमने पहले कहा था यह दुर्भाग्यजनक है. ये छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान है. मामले में एफआईआर दर्ज हुई है अब कार्रवाई होगी.

बिजली भंडार ग्रह में आग लगने को लेकर दीपक बैज के बयान पर अरुण साव का पलटवार करते हुए कहा कि जो बिजली विभाग में आगजनी की घटना हुई है. यह बड़ा नुकसान है जांच होगी, जांच के बाद रिपोर्ट आएगी और उसपर कार्यवाही होगी. उन्होंने कहा कि पूरा प्रशासन, हमारे पार्टी के लोग आह बुझाने में लगे थे.मुझे लगता है कि और भयावा स्थिति हो सकती थी उसे नियंत्रित करने का काम किया गया है. इस घटना पर जो लोग राजनीति कर रहे हैं वह ठीक नहीं है.

भूपेश बघेल का कार्टून पोस्ट करने के मामले पर डिप्टी सीएम साव ने कहा कि भगवान के राम की आस्था देश दुनिया में लोगों को है. छत्तीसगढ़ में दोगुनी आस्था है, यह भगवान राम का ननिहाल है. भगवान राम से अनेक चीजे छत्तीसगढ़ में हैं. 500 साल के बाद भगवान राम का भव्य दिव्य मंदिर का लोकार्पण हो रहा था. भगवान के प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को कांग्रेस ने ठुकराया है. कांग्रेस ने अपमान करने का काम किया है. इस दल के बारे में राहुल गांधी को विचार करना चाहिए.

राहुल गांधी के दौरे को लेकर अरुण साव ने कहा कि जिस प्रकार से पूरे देश में कांग्रेस की हालत है. कांग्रेस से लोग छोड़-छोड़कर जा रहे हैं. कांग्रेस के पास नेतृत्व, नियत और काम नहीं है. राहुल गांधी के आने से लाभ लोगों को नहीं मिलेगा, 11 की 11 सीटें बीजेपी की झोली में आएगी.

अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरा कैंसल होने पर कांग्रेस के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि अमित शाह से कांग्रेस डरती है. अमित शाह छत्तीसगढ़ आयेंगे लगातार आयेंगे।

माँ महाकाली (अघोरेश्वरी) मंदिर
चैत्र नवरात्र 2024



घट स्थापना 09 अप्रैल मंगलवार
पूर्वान्ह: 11.00 बजे
पंचमी श्रृंगार 13 अप्रैल शनिवार
प्रात: 11.00 बजे
काल रात्रि पूजन हवन 14 अप्रैल रविवार
रात्रि 11.00 बजे
अष्टमी संधि पूजन हवन 16 अप्रैल मंगलवार
मध्यान्ह 11.38 बजे
नवमी 17 अप्रैल बुधवार
कन्या पूजन
मध्यान्ह12.00 बजे
शिवधाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर)
ग्राम तुलसी-पाटन (दुर्ग)
9826174789,8889334400

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26